भैषज अनुसंधान हेतु हमारे प्राचीनों ने नामरूप ज्ञान, गुणकर्मज्ञान तथा प्रयोगज्ञान के महत्व को भलीभांति समझकर उसके मौलिक स्वरूपों की स्थापना की है जिसमें द्रव्यगुण विज्ञान के आधार पर भूततत्वों रस, गुण, वीर्य, विपाक एवं प्रभाव के यथार्थ ज्ञान के आधार पर द्रव्यों की पांचभौतिकता स्थापित कर गुणधर्मों का निर्धारण करना है। सभी द्रव्य पाँचभौतिक हैं तथा जल मुख्य रूप से एवं पृथ्वी जलानप्रवेशरूप से एवं द्रव्यों में रस समवाय कारण से पाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त आकाश, वायु, अग्नि, ये तीन महाभूत रस की सामान्य अभिव्यक्ति एवं विशिष्टता में निमित्त कारण होते हैं, जिन्हें उपरोक्त सुझावों द्वारा निश्चित किया जा सकता है।

वनौषधि सर्वेक्षण एवं संरक्षण :

यद्यपि विदेशी शासनकाल में भारतीय वनस्पतिशास्त्र (फ्लोरा आफ इन्डिया) का गहन अध्ययन वनस्पतिशास्त्रियों एवं अन्वेषकों हूकर, आस्मेन्टन, डकी, लिन आदि कतिपय विद्वानों ने वनस्पति सर्वेक्षण कर उपयोगी बोटेनिकल फ्लोराओं का निर्माण किया है तथा उसी आधार पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उद्‌भिदालय, एवं संग्रहालयों की स्थापना की गई है। इनमें फारेस्ट रिसर्च इन्स्टीट्यूट देहरादून, बोटेनिकले गार्डन एवं हर्बेरियम कलकत्ता, नेशनल बोटेनिकल गार्डन लखनऊ, बोटेनिकल सर्वे आफ इन्डिया के रीजनल सेन्टर. सी. एस. आई. आर. आदि संस्थान भी इस कार्य में संलग्न हैं। इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संसार के सबसे बड़े क्यू बोटेनिकल गार्डन इंगलैण्ड, अमेरिका का मिजूरी बोटे निकले गार्डन, जापान का तोक्यो बोटेनिकल गार्डन मुख्य है।

इन सबकी स्थापना होने के वाद भी हमारे अन्वेषकों का ध्यान परम्परागत द्रव्यगुणशास्त्र के उपयोगी भैषज्य द्रव्यों की सही पहचान, स्वरूप प्रतिनिधि द्रव्यों की उपादेयता, एवं भिन्न राज्यों में अभाव द्रव्यों के स्थान पर की जानेवाली मिलावटों का अध्ययन सम्बन्धी सर्वेक्षण का कार्य समुचित ढंग से नहीं किया गया है। इसी आधार पर भारत सरकार द्वारा चुने गये कतिपय विशेषज्ञ समितियों द्वारा सुझाये गये सिफारिशों को पूर्ण रूप से प्रयोग में नहीं लाया जा सका। इस कार्य हेतु भारत सरकार ने स्वदेशी चिकित्सा पद्धति (आई. एस. एम) के आयुर्वेद सलाहकार डा० सी० द्वारकानाथन की देखरेख में १९६२ में गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार में वनौषधि सर्वेक्षण एकक की स्थापना की एवं १९६४ में रानीखेत में एक सर्वेक्षण एकक की स्थापना की गई। इसी प्रकार केप्टन श्रीनिवासमर्ती मद्रास में आयुर्वेद शोध एककों की स्थापना की गई। आयुर्वेदिक वनस्पति द्रव्यों के कार्मुकता एवं गुणधर्मो के अध्ययन हेतु आई. सी. एम. आर के अधीनस्थ कतिपय कम्पोजिट ड्रग रिसर्च एककों की स्थापना की गई। क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, अनुसंधान संस्थान, एवं केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद के अन्तर्गत कार्यरत है।

यद्यपि वनौषधि सर्वेक्षण इकाइयों द्वारा कतिपय प्रांतों का वनौषधि सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है जिनके परिणाम उत्साहजनक हैं। तथापि इन एककों का तारतम्य एवं समन्वय के अभाव से उसके ठोस परिणाम नहीं निकल सके हैं। इसका मुख्य कारण यह भी रहा है कि वनौषधि सर्वेक्षण हेतु किस विधि का प्रयोग किया जाय एवं आयुर्वेद अनुसंधान शैली के क्रियात्मक अभाव के कारण निश्चय मापदण्ड निर्धारित नहीं किया जा सका है।

लेखक ने अपने अनुभव के आधार पर वनौषधि सर्वेक्षण योजनाओं को कारगर बनाने हेतु अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किये हैं। इन सुझाओं पर इस सम्भाषा परिषद् के माध्यम से अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा समालोचना एवं तर्कसंगत विचार दिये जाँय जिससे द्रव्यों के विनिश्चय में एकरूपता लाई जा सके। सुझाव इस प्रकार से हैं:—

१. आयुर्वेदिक भैषजसंहिता (फार्मुलरी) में उपयोगी प्रामाणिक द्रव्यों का नामरूप परिचय एवं संग्रह करना।

२. प्रांतों के आधार पर आयुर्वेदिक भैषज संहिता में उपयोगी वनौषधि द्रव्यों का नामरूप परिचय एवं संग्रह करना।

३. शास्त्रीय द्रव्यों के विभिन्न प्रान्तों में की जाने वाली मिलावट एवं द्रव्यों का संग्रह और नामरूप परिचय करना।

४. आयुर्वेदिक भैषज संहिताओं में उपयोगी खनिजों, लवणों का संग्रह एवं नामरूप परिचय करना।

५. औषध उपयोगी जान्तव जीव-जन्तुओं का सर्वेक्षण एवं नामरूप परिचय करना।

६. चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट एवं निघण्टु ग्रंथों में वर्णित द्रव्यों के पहचान हेतु वर्गीकरण।

७. स्थानिक आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रचलित द्रव्यों के स्थानिक नामों का अध्ययन एवं संग्रह।

८. प्रांतों के आधार औषध उपयोगी द्रव्यों का व्यापारिक रूप से संग्रह एवं अध्ययन।

९. वनौषधि संग्रह विधि एवं औषधि स्रोतों की सुरक्षा सम्बंधी दिशा में जानकारी करना।

१०. औषध संग्रहकाल, ऋतु-काल प्रातः सूर्योदय से पूर्व या मध्यान्ह में औषधि संग्रह करना और पत्र, पुष्प, छाल; बीज में अनेकों गुणकर्मों का अध्ययन।

११. प्रादेशिक क्षेत्रों के वनविभाग के अधिकारियों में सहयोग एवं समन्वय का होना।

१२. गौण उपवन वनस्पति सम्पदा के सम्वर्धन एवं सुरक्षा हेतु वन नीति में सुधार करना।

द्रव्यों के एकरूपता एवं संदिग्धता निवारण हेतु द्रव्यात्मक संदिग्धता; पर्यायात्मक संदिग्धता, कनेकार्थबोधक संदिग्धता तथा सभी पर्यायवाची शब्दों के निवारण हेतु द्रव्यों का अध्ययन करना अपेक्षित है। संहिता एवं निघण्टु ग्रंथों के लेखकों एवं टीकाकारों में परस्पर समन्वय न होने से कतिपय द्रव्य संदिग्ध वन गये हैं। अतः उनके निवारण हेतु उपाय करना। लेखक के विचार से आयुर्वेदीय परिमार्जित निघण्टु शास्त्र के निर्माण हेतु द्रव्यों को निम्न तीन खण्डों में विभक्त कर पुनः प्रकाशन किया जाना उपादेय है। यथा—

(१) असंदिग्ध द्रव्य खण्ड : अर्थात् इस खण्ड में उन द्रव्यों का उल्लेख किया जाना चाहिये जिनके नाम एवं पहिचान में कोई संदेह नहीं है तथा भारत के सभी प्रांतों में द्रव्यों का उपयोग एक शास्त्रीय नाम से किया जाना चाहिये ।

(२) संदिग्ध द्रव्य खण्ड : इस खण्ड में उन द्रव्यों का समावेश किया जाना चाहिये जो भारत के भिन्न–भिन्न प्रांतों में एक शास्त्रीय द्रव्य का प्रयोग अलग अलग प्रजातियों का किया जाता है। इसके साथ प्राचीन टीकाकारों तथा आधुनिक लेखकों ने एक शास्त्रीय द्रव्य में भिन्न–भिन्न नाम अपने ग्रंथों में दे दिया है। उनमें एकरूपता लाने का पूर्ण प्रयास किया जाय ।

(३) अज्ञात द्रव्य खण्ड : इस खण्ड में उन द्रव्यों का समावेश किया जाना चाहिये कि जिनके विषय में अभी तक यह मालुम नहीं कि वह कौन से द्रव्य हैं और अभी तक उनकी पहिचान नहीं की जा सकी है । अज्ञात द्रव्यों की तालिका तैयार की जाय । लोकप्रचलित एवं परम्परागत उपयोगी द्रव्यों के नाम रूप परिचय, एवं एमची चिकित्सा में उपयोगी द्रव्यों का आयुर्वेदीय नामकरण तथा गुणधर्मो का अध्ययन रस, गुण, वीर्य, विपाक के आधार पर भी किया जाना चाहिये ।

संदिग्ध द्रव्यों के विनिश्चय हेतु टीकाकारों तथा निघण्टुकारों द्वारा वर्णित पर्यायों की सार्थकता के आधार पर निर्णय किया जाय। प्राय: प्रान्तीय भाषाओं में ऐसे कतिपय नाम प्रचलित हैं जो कि संस्कृत नामों के अपभ्रंश हैं। उनकी सहायता से द्रव्यों के निर्णय करने से सहायता मिलती है। शास्त्रीय द्रव्यों के पर्याय गुणकर्मबोधक, आकृतिबोधक, स्थानबोधक, एवं प्रयोज्य अंगबोधक के आधार पर वर्णित हैं, उसी आधार पर द्रव्य निर्णय एवं पहिचान की जाय ।

द्रव्यों के पर्यायवाची नामों का निर्णय :

आयुर्वेदिक संहिताओं एवं निघण्टु कोषों में एक ही द्रव्य के अनेक पर्याय मिलते हैं। उनमें कई पर्याय ऐसे भी हैं जिनकी कोई सार्थकता नहीं है। अत: ऐसे नामों को छोड़ देना चाहिये। यथा मयूर-शब्द अजमोदा, अजगंधा, शिखण्डी, कोकिलाक्ष, अपामार्ग इन पांच द्रव्यों का बोधक है। इसी प्रकार दीप्यक से यमानी, जीरक, अजमोदा, रक्तचित्रक, निम्बू का बोध होता है। निघण्टुकारों ने इस प्रकार के पर्यायों का उल्लेख किया है। स्वरूपबोधक एवं गुणकर्मबोधक सार्थक नाम ही पर्यायों में दिये जाँय। द्रव्यों के गुणकर्मनिर्णय हेतु प्राचीन तथा आधुनिक दोनों पद्धतियों के विशेषज्ञों द्वारा शोधकार्य किया जाना चाहिए। भारत में जहां भी शोधकार्य हो वहां एक दूसरे के शोध कार्यों की जानकारी होनी चाहिये जिससे अनुसंधान कार्य में समन्वय स्थापित किया जा सके।

प्राचीनों ने द्रव्यों के गुणकर्मो का निर्णय उनके पांचभौतिक संगठन (पृथ्वी, जल, तेज; वायु, आकाश) गुण (भौतिकगुण) रस (स्वाद) विपाक (द्रव्यों का शरीर पर होने वाला अंतिम कार्य) वीर्य (द्रव्यों का शरीर के साथ संयोग होने से लेकर अंत शरीर से उत्सर्गकाल तक होने वाला कर्म) प्रभाव (जिसकी उत्पत्ति एवं कार्यकारण सम्बन्ध अज्ञात है) उपर्युक्त तथ्यों द्वारा शोध कार्य कर द्रव्यों के गुणधर्मों का अध्ययन शास्त्रकारों ने किया है। इस पद्धति के अनुसार ज्ञात और अज्ञात दोनों प्रकार के पांचभौतिक संगठन, गुण, रस, वीर्य, विपाक, प्रभावों का परीक्षणपूर्वक निर्णय किया जाना चाहिये। प्रतिनिधि द्रव्यों के निर्णय में एवं एक द्रव्य के अभाव में उस जाति का अन्य कौन सा द्रव्य प्रतिनिधि हो सकता है, इसका निर्णय किया जाना चाहिये ।

आयुर्वेदीय द्रव्यगुण शास्त्र के नामरूपात्मक पक्ष का अध्ययन गुणकर्मात्मक की अपेक्षा उपेक्षा बुद्धि से देखा गया है। प्राचीनकाल में द्रव्यों के नामरूपात्मक एवं गुणकर्मात्मक अध्ययन हेतु गुरु परम्परा प्रचलित थी। ऋषियों के आश्रमों में शिक्षाकेन्द्र थे और ये केन्द्र जंगलों एवं पर्वतों पर होते थे। गुरु एवं शिष्य दोनों का जंगलों की जड़ी–बूटियों से प्रत्यक्ष सम्पर्क था। जंगली आदिवासी, वनेचर एवं ग्वालों के सम्पर्क से द्रव्यों की पहिचान की सदा परम्परा रही है। आज हमारी शिक्षण व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आ गया है जिसके फलस्वरूप जड़ी-बूटियों के क्रियात्मक ज्ञान का सम्पर्क टूट गया है। संहिता काल में भी कतिपय द्रव्यों में संदिग्धता आई है जो कि इन ग्रंथों के टीकाकारों ने द्रव्य के संदर्भ में इत्येके, इत्यन्ये देकर अपने मत व्यक्त किये हैं। लगभग ११ वीं शताब्दी के बाद हमारे आचार्यों ने निघण्टु विषयक रचनाओं का निर्माण किया। इस काल में भी नामरूपात्मक व्यवस्था में काफी त्रुटि आ गई थी। पूर्वाचार्य एवं समकालीन लेखकों के विचारों का संग्रह तथा कुछ नवीन द्रव्यों चोपचीनी, पारणीक, यवानी आदि नवीन द्रव्यों का समावेश आचार्यों ने किया।

धन्वन्तरि निघण्टुकार का कहना है कि द्रव्यों के पहचान हेतु उनके प्राकृत व संस्कृत में बहुत से नाम हैं। देश व भाषाभेद से बहुत-सी संज्ञायें हैं। अतः इन सभी नामों का संग्रह करके जानकार लोगों से पूछकर द्रव्यों की जाति व उनके चिह्नों की पहचान करके, विधिवत् स्पर्श करके व द्रव्यों के गुणों को जानकर निर्णय करना चाहिए। द्रव्यों के नाम रूप पुष्टि हेतु जंगलों में भ्रमण करना चाहिये। गोपाल; तापस, व्याध, किरात एवं आदिवासियों के नामों एवं लोकप्रचलित परम्परागत उपयोगी द्रव्यों की जानकारी प्राप्त करनी चाहिये। एक नाम वाले तथा तुल्य संज्ञावाले द्रव्यों का जहां शास्त्र में प्रयोग किया गया है वहां पर ग्रंथकर्ता के प्रसंग, अभिप्राय, अधिकार व सम्प्रदाय को देखकर निर्णय करना चाहिये। इसीप्रकार राजनिघण्टुकार ने भी द्रव्यों के पर्याय देशभेद से, उपमा भेद से, स्वभावभेद से, गुणभेद से, वीर्यभेद से एवं कुछ सटी नामों के आधार पर किया है। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक ग्रंथों में बनौषधियों के मूल, काण्ड, त्वक्, पत्र, पुष्प, फल, बीज, शाखा, क्षीर, क्षार, लोम, शुग, प्ररोह, बंध, रस, स्पर्श, कण्टक, प्रवर्धन, वर्धन, चोलक, प्रसून, फुल्ल, गुच्छक, पुष्परज, पराग एवं पुष्पों पर लगने वाले कृमि, कीट, पतंग, भ्रमर आदि आधारों पर पर्यायों का उल्लेख है। उपरोक्त सभी आधारों पर संदिग्ध द्रव्यों का निर्णय करना चाहिये।

द्रव्यों में की जाने वाली मिलावट के पहिचान हेतु फार्मेकाग्नासी करनी चाहिये जिसमें औषध द्रव्यों की रचना आकार, प्रकृति विषयक ज्ञान एवं सक्रिय तत्वों का पता लगाना है। द्रव्यों के पर्यायात्मक संदिग्धता निवारण हेतु सार्थक पर्यायों का समावेश किया जाना चाहिये। उदाहरण स्वरूप कुटज के सार्थक पर्याय यहां पर गुण, स्वरूप, ऋतु, काल; रस, कर्म के आधार पर पर्याय दिये गये हैं। यथा—

१. **स्थानभेद** से कुटज को कोटज, कलिंग, गिरिमल्लिका कहते हैं।
२. **पुष्प** के आधार पर इसे गिरिमल्लिका, मल्लिका, पुष्पमहागन्ध कहते हैं।
३. **शाखा** चक्रशाखी इसे इसलिये कहते हैं कि शाखा को छेद लेने पर चक्राकार वनावट हो उसे चक्रशाखी कहते हैं।
४. **आकृति** के आधार पर कुटज को वृक्षक, पाण्डुर, इन्दु, शंकु, शक्रयाद्य कहा गया है।
५. **बीज**-इन्द्रयव, शक्रयव, वत्सक, यवफल से अभिप्राय यव के आकार सदृश से है।
६. **ऋतु** प्रावृष्य, प्राविषेण्य, से अभिप्राय वर्षाकाल में पुष्पित होने से है।
७. **कर्म**—संग्राही से अभिप्राय कुटज मल को बांधने वाला है।
८. **रस**—सर, तिक्त, कटुक से अभिप्रायः रसबोधक से है। इस प्रकार उपरोक्त सार्थक एवं संदर्भ स्थलों के आधार पर द्रव्यों का निर्णय कर प्रतिसंस्कार निघण्टु शास्त्र की रचना की जानी चाहिए।

गुणकर्मात्मक अध्ययन हेतु आयुर्वेदीय ग्रंथों में जिन द्रव्यों के गुणकर्म बतलाये गये हैं उनका मूल्यांकन आधुनिक वैज्ञानिक विधि से भी किया जाय। कुछ ऐसे द्रव्य कर्मों के आधार पर विशेष उपयोगी है, जिनके गुणधर्मों का उल्लेख ग्रंथों में स्पष्टरूप से निर्दिष्ट नहीं है। यथा-सर्पगंधा, शंखपुष्पी एवं रुद्राक्ष रक्तभार में विशेष प्रभावकारी है। ब्लडप्रेशर में शंखपुष्पी, सर्पगंधा लाभ करती है। यह उल्लेख ग्रंथों में नहीं मिलता है जो कि अनुसंधान द्वारा जाना गया है। अतः इस दिशा में भी क्रमबद्ध योजना तैयार की जानी चाहिये। द्रव्यों के प्रयोगात्मक परीक्षण; रासायनिक विश्लेषण, एवं भैषज्य कल्पना (फार्मेसी) इन तीनों पक्षों पर भी ध्यान देना औषध अनुसंधान ही माना गया है।

लेखक के विचार से द्रव्यों के संदिग्धता निवारण हेतु कुछ अन्य उपयोगी सुझाव यहां पर दिये जा रहे हैं जिसपर विद्वानों को इस परिषद् में निर्णय करना है, यथा—

१. आयुर्वेद ग्रंथों में वर्णित द्रव्यों का वानस्पतिक परिचय, गुणधर्म एवं आमयिक प्रयोगों का अध्ययन।
२. टीकाकारों एवं उनके द्वारा व्यक्त किये गये मतों का अध्ययन।
३. यदि अनेकार्थ पर्यायों द्वारा संदिग्धता उत्पन्न हुई तो प्रसंगानुसार उनका अध्ययन।
४. स्थानीय लोकप्रचलित उपयोगी दवाओं का अध्ययन।
५. वनस्पतिशास्त्र के अर्वाचीन ग्रंथों तथा संबंधित शास्त्र का अध्ययन।

६. द्रव्य परिचयात्मक व गुणकर्म परिचयात्मक परीक्षण एवं आतुरीय परीक्षणों द्वारा द्रव्यों का निर्णय।

७. संदिग्ध वनौषधि विनिश्चय हेतु आचार्य वापालाल जी वैद्य; ठाकुर बलवन्तसिंह, आचार्य प्रियव्रत शर्मा आदि विद्वानों द्वारा सुझाये गये उपायों को कार्यरूप में लाना।

८. भ्रामक एवं अनेकार्थ पर्यायों को अलग कर देना।

९. प्रांतीय एवं केन्द्रीय उद्भिदालय (सेन्ट्रल हरबेरियम) एवं पादपालय (म्यूजियम) की स्थापना करना।

१०. आयुर्वेदीय महाबिद्यालयों, स्नातकोत्तर संस्थानों में द्रव्यगुण विषयक शोधकार्य हेतु निकायों की स्थापना।

११. तिल तैल कृश को पुष्ठ बनाता है और स्थूल को कृश बनाता है, तैल कफकर है या नहीं इस प्रकार निर्दिष्ट योगों का अनुसंधान द्वारा पुष्टि करने के उपाय करने चाहिये।

१२. वेदोक्त एवं पुराणों में वर्णित द्रव्यों का संकलन एवं अध्ययन।

१३. संस्कृत एवं ज्योतिष में आयुर्वेद तथा ग्रहों के हिसाब से औषध द्रव्यों का प्रभाव।

१४. सचित्र रंगीन चित्रों के साथ द्रव्यगुण सम्बन्धी पुस्तकों का प्रकाशन।

१५. चरक विमान अध्याय ८।८९ में वर्णित अनुसंधानपरक निर्देशों के आधार पर शोध कार्य करना, यथा--

१. नामरूपात्मक अध्ययन	Pharmacognostical Study.
२. भैषज्यकल्पनात्मक अध्ययन	Pharmaceutical Study
३. जीव–रसायन क्रियात्मक अध्ययन	Chemo–Biodynamical
४. औषधगुण कर्मात्मक अध्ययन	Pharmacological study
५. आतुरीय प्रयोगात्मक अध्ययन	Clinical Study

उपरोक्त क्रमों के आधार पर द्रव्यों के अनुसंधान हेतु निम्न प्रपत्रक के आधार शोधकार्य किया जाना चाहिये।

आयुर्वेदीय द्रव्यों का विनिश्चय एवं अनुसंधानपरक प्रपत्रक :

१. नामरूपात्मक अध्ययन Pharmcognostical Study.	एवन्नाम एवं रूपम्	Name of the Drug
	अस्मिन्देशे जातम्	Botanical characteristics
	अस्मिन्टलो	Habitate of the drug
	गृहीतम्	Time of collection
	एवंनिहितम्	Maithried of collection
२. भैषज्यकल्पनात्मक अध्ययन Pharmceutical study.	एवंविहितम्	Maithraid of preparation
	एवं संयुक्तम्	Mode in which combined
	एवमुपस्कृतम्	Way in which modified
३. जीवरसायन क्रियात्मक अध्ययन Chemi–Biodynamic study.	एवन्द्रव्यम्	Composition
	एवं रसम्	Taste of composition
	एवं गुणम्	Properties
	एवं वीर्यम्	Potential or dynamic properties.
	एवं विपाकम्	
	एवं निषिद्धम्	Contra–indications, if any

४.	औषधगुणकर्मात्मक अध्ययन Pharmacological study.	एवं युक्तम्	Mode of administration
		एवं कर्म	Pharmacological responses
		एवं प्रभावम्	Unexplanable specific effects.
५.	आतुरीय प्रयोगात्मक अध्ययन Clinical study.	अनया मात्रया	Dosage in which prescribed
		एवंविधस्य पुरुषस्य	Personality to which administered.
		एवंविधे काले एतावन्तं दोषम्	Time or condition in which used.
		एवं समुदाय	Pathogenic factors
		प्रभावम्	Total effects
		चैवंविधं भैषज	
	अन्यदपि भूतं विशेषण	तन्मात्रेण वा प्रयुक्तम्	Significance if any in comparison to others.

अतः लेखक के विचार से उपरोक्त द्रव्याकृति अध्ययन, गुणप्रभाव अध्ययन, देशभूमि प्रकृति अध्ययन (इकालौजी) औषधिसंग्रह काल एवं संरक्षणविधि, औषधि उत्पादनविधि एवं गुण कर्म आमयिक परीक्षण विधियों द्वारा द्रव्यविनिश्चय किया जाना श्रेयस्कर है।

कृतज्ञताऽभिव्यक्ति :

उपयोगी सुझावों एवं परामर्श हेतु लेखक डॉ० विवेकानंद पाण्डेय, निर्देशक, केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली का हृदय से आभारी है।

* * *

शास्त्रीय वर्णन के आधारपर कुछ पित्तशामक संदिग्ध औषधियों का वानस्पतिक एवं औषधीय विवेचन

डॉ० योगेश चन्द्र मिश्र
रीडर एवं विभागाध्यक्ष, मौलिक सिद्धान्त विभाग ।

डॉ० वी० डी० अग्रवाल
प्रवक्ता, अगदतन्त्र एवं व्यवहारायुर्वेद ।

डॉ० एस० एम० द्विवेदी
निरूपक, द्रव्य गुण विज्ञान ।

(एस. आर. एम. राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, बरेली)

औषधि द्रव्यों की संदिग्धता आयुर्वेदिक औषधियों के माननीकरण की दिशा में एक रुकावट सिद्ध हो रही है। औषधि द्रव्यों की संदिग्धता के निम्नलिखित प्रमुख कारण हैं :–

१. प्राचीन ग्रन्थों में परिचयात्मक वर्णन का अभाव :–

कागज, लेखन सामग्री का अभाव व कंठस्थ करने की प्रवृत्ति भी इसमें कारण है। यह भी ज्ञात होता है कि मनुष्य प्रकृति के अत्यन्त समीप रहता था जिससे परिचयात्मक वर्णन के विस्तृत विवेचना को अनावश्यक समझ लिया गया हो सकता है।

२. पर्याय की पद्धति :-

अमृता, हरीतकी, आमलकी व गुडूची तीनों ही द्रव्यों का पर्याय है। इसी प्रकार बहुत से द्रव्य हैं जिनसे औषधियोगों में उपयुक्त औषधि द्रव्य का निर्णय नहीं हो पाता।

३. दुर्लभता :–

कठिनाई से यथा हिमालय की चोटियों व अन्य दुर्गम स्थानों से मिलने वाले द्रव्यों के स्थान पर आसान द्रव्यों का प्रयोग होने लगा, यथा अष्टवर्ग की औषधियां। इस कारण भी औषधि द्रव्यों की संदिग्धता जटिल समस्या बनती गयी।

प्रस्तुत पत्र में कुछ पित्तशामक संदिग्ध द्रव्यों का विवेचन शास्त्रीय वानस्पतिक व औषधीय विवेचन के आधार पर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है :–

मूर्वा :

संहिताओं में वर्णन के आधार पर मूर्वा के पीलूपर्णी, युग्मपत्रा, कोविदार सदृश, धनुर्गुणोपयोग्या आदि मिलते हैं। इसका रस तिक्त एवं मधुर तथा कर्म पित्तशामक है। यह ज्वरघ्न, कुष्ठघ्न है और पाण्डु, कामला एवं अन्य पैत्तिक विकारों में प्रयोज्य है। इसके स्थान पर प्रयुक्त द्रव्य निम्नलिखित है :–

1. Marsdenia tenacissima (Asclepidiaceae)

इसका स्थानिक नाम चिन्हार भी है। बिहार में इसको मरुवा बेल नाम से प्रयोग करते हैं। शुष्क झाड़ियों पर उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के निचले इलाकों में इसकी आरोही लताएं प्राप्त होती हैं। पत्र ३"–४" चौड़े ५"–६" लम्बे हृदयाकार होते हैं। पत्र आगे की तरफ नुकीले व आधार भाग की ओर कटे हुए होते हैं। इसके आधार भाग पर काफी रोयें मिलते हैं। ताजे तने को काटने पर दुग्धी स्राव निकलता है। तना रोएंदार होता है। तने से रस्सियां बनती हैं। चिकित्सा व द्रव्य गुण कर्म की दृष्टि से यह प्रयोज्य है।

2. Dregia Volubitus (Asclepidiaceae) :-

यह भी उन्हीं स्थानों पर प्राप्त होती है। इसकी लताएं अपेक्षाकृत बड़ी होती हैं। इसमें मूर्वा के गुण न्यून मात्रा में होते हैं।

पर्पट :

पर्पटक या वरतिक्त इसके पर्याय हैं। इसका तिक्त रस बताया गया है जो पैत्तिक व्याधियों में उपयोगी है, विशेषतः ज्वरघ्न है। इसके नाम से निम्न द्रव्य ग्राह्य हैं :-

1. Fumaria paroiflora, F. othicenalis } (Fumariaceae) :-

अधिकतर उत्तर भारत में इसका प्रयोग किया जाता है। इसका स्थानिक नाम शाहतरा है। पोधे १/२ से १" ऊँचे होते हैं। पत्तियां लम्बी सूत्राकार, पुष्प नीलवर्ण होते हैं। F. othicinalis नाम का पौधा विदेशों से आता है। पहले यूनानी चिकित्सक इसी को पर्पट नाम से प्रयोग करते थे।

2. Oldenlandia corymbosa (Rubiaceae) :-

बंगाल में इसका प्रयोग किया जाता है। धान के सूखे खेतों में यह स्वतः उत्पन्न हो जाता है। ८"–१०" लम्बे पौधे, पत्तियां पतली व सूत्राकार होती हैं।

3. Polycarpia corymbosa (Coryophyllaceae) :-

उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में नदी के किनारे ऊँचे स्थानों पर स्वतः उत्पन्न मिलता है व उक्त स्थानों पर चिकित्सक पर्पट नाम से इसी द्रव्य का प्रयोग करते हैं। इसके पौधे ८"–१०" लम्बे, पत्तियां लम्बी व सूत्राकार होती हैं। इसमें पर्पट के गुण कर्म भी पाये जाते हैं।

4. Rungia repens, R. Perviflora } (Acanthaceae) :-

गुजरात में पर्पट नाम से इसी द्रव्य का प्रयोग होता है। स्थानिक नाम खडसलियो है। इसके पौधे १"/२" से १" ऊँचे, पत्तियां पतली सूत्राकार होती हैं। इन सभी पौधों में आकार, गुण कर्म की समानता है।

रोहीतक :

शास्त्रों में इसके पर्याय दाडिमच्छद (अनार की तरह पत्ते); दाडिम, पुष्पक आदि बताए हैं। प्लीहाघाती, रक्तप्रसादन पर्याय गुण कर्म की दृष्टि से मिलते हैं। आजकल निम्नलिखित द्रव्य रोहीतक नाम से प्रयोज्य है :-

1. Tricomella undulata (Bignoniaceae) :-

विशेषकर उत्तर व पश्चिम भारत में यह प्रयोज्य है इसके मध्यम आकार के वृक्ष होते हैं। पत्तियां २"–३" लम्बी व अनार पत्र के सदृश होती है। इसकी छाल का प्रयोग औषधि के रूप में किया जाता है। इसमें द्रव्य–गुण व चिकित्सा सम्बन्धी गुण पाये जाते हैं।

2. Amoora rohituka (Miliaceae) :-

यह पूर्वी भारत (बिहार, बंगाल, आसाम) में पाया जाता है। इसके पौधे नीम के पेड़ के सदृश होते हैं। पत्तियां संयुक्त १"–२" लम्बी व ६ से ७ पत्रक होते हैं। पुष्प श्वेत वर्ण के व फल गोलाकार होते हैं। इसकी छाल में रक्त प्रसादन गुण होता है। इसलिए कुछ लोग इसे रोहीतक नाम से प्रयोग करते हैं।

सारिवा :

सारिवा का प्रयोग विशेषकर सारिवाद्यासव एवं सारिवाद्यारिष्ट के रूप में रक्त दोषों में किया जाता है। इसके अतिरिक्त पित्त विकारों में भी सारिवा प्रयोज्य है सारिवा के वर्णन में सारिवाद्वय या सारिवायुगल नाम शास्त्रों में मिलते हैं जिससे इसकी दो जातियों का परिचय मिलता है :–

१. श्वेत सारिवा, २. कृष्ण सारिवा (श्याम लता)।

सारिवा मात्र से श्वेत सारिवा का ही ग्रहण किया जाता है। श्याम लता, श्यामा या कृष्णसारिवा नामों से कृष्ण-सारिवा प्रयोज्य है।

१. श्वेत सारिवा :–

इसके पर्यायों में अनन्तमूल, कर्पूरी, जम्बूपत्रा, दुग्धगर्भा आदि हैं। इसके नाम से Hemidesmus indicus (Asclepidiaceae) पौधे का ग्रहण किया जाता है इसमें कोई संदिग्धता नहीं है। इसको लताएं सभी स्थानों पर मिलती हैं। परोपजीवी लताएं होती हैं। तना पतला व पत्ते दूर-दूर एक साथ दो निकलते हैं। जिन पर छोटे-छोटे सफेद दाग पाये जाते हैं। मूल में कर्पूर के समान गंध होती है। इसका मूल ही चिकित्सा में प्रयोज्य है।

२. कृष्ण सारिवा :–

इससे दो पौधों का ग्रहण होता है।

1. Cryptoleptis buchanana (Asclepediaceae) :–

इसकी लताएं प्रायः उत्तर भारत में मिलती हैं। पत्ते बड़े-बड़े व जामुन के पत्राकार होते हैं। शाखाओं एवं पत्तियों को तोड़ने से पर्याप्त दुग्ध निकलता है। तना कुछ कृष्ण या श्याम वर्ण का होता है। इसके मूल में रक्तशोधक गुण भी पाया जाता है। इसलिए कृष्ण सारिवा के नाम से यही द्रव्य प्रयोज्य है।

2. Ichnocarpus frutescence (Apocynaceae) :–

इसकी लताएं सभी स्थानों पर मिलती हैं। पत्र आकार में छोटे २"–३" लम्बे व आगे की तरफ नुकीले होते हैं। इसकी तना व शाखाएं मूल सभी श्याम वर्ण की होती हैं। इसकी मूल को कुछ लोग कृष्ण सारिवा के नाम से प्रयोग करते हैं। जबकि इसमें चिकित्सकीय गुण-कर्मों का अभाव है।

प्रियंगु :

प्रियंगु बाह्य प्रयोग में वर्ण प्रसादन के लिए प्राचीन काल से ही उत्तम औषधि मानी गई है। अन्तः प्रयोग से यह पित्तशामक है। एतदर्थ दाह, तृष्णा, ज्वर आदि रोगों में प्रयोज्य है। ग्रन्थों में प्रियंगु के साथ गंध प्रियंगु का भी वर्णन मिलता है। एक स्थान पर एक प्रकार के धान्य का नाम भी प्रियंगु धान्य मिलता है। इसके आधार पर निम्नलिखित पौधे प्रियंगु के स्थान पर स्वीकार्य हैं :–

1. Callicarpus macrophylla (Verbenaceae) :–

स्थानिक नाम डइया है इसके पर्यायों में गन्धफली, अंगनप्रिया आदि प्रमुख हैं। यह गुल्माकार थोड़ा ऊंचा क्षुप होता है। पत्र ६"–१०" लम्बे आयताकार, पुष्प छोटे गुलाबी रंग के, फल मांसल श्वेत तथा चार खंडों का होता है। यह रक्तशोधक एवं पित्ताशामक है।

2. Prunus mahaleb (Rosaceae) :–

इसे गंध प्रियंगु भी कहते हैं। मराठी में गहुला व गुजराती में घउंरया कहते हैं। इसकी फलमज्जा हल्के भूरे रंग की एवं सुगन्धित होती हैं एवं गन्ध द्रव्यों में इसका प्रयोग होता है। प्रायः कर यह बलूचिस्तान में उत्पन्न होता है। इसमें वर्ण प्रसादन एवं पित्तशामक प्रभाव भी पाया जाता है।

3. Aglia roxburghiana :–

यह धान्य प्रियंगु के नाम से प्रयोग होता है। कुछ स्थानों पर लोग इसे प्रियंगु के स्थान पर प्रयोग करते हैं लेकिन इसमें प्रियंगु के गुण कर्म नहीं पाये जाते।

* * *

अम्लवेतस विमर्श

लेखक : डा. गुरू प्रसाद शर्मा,
ए.एम.एस.डी.ए.वा.ई.एम.पी–एच–डो.
(द्रव्यगुण काशी हिन्दू विश्वविद्यालय)
व्याख्याता द्रव्य गुण : राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
सं. सं. वि. वि. वाराणसी।

अम्लवेतस एक अत्यन्त प्रचलित किन्तु संदिग्ध द्रव्य है। संदिग्ध द्रव्यों के निर्णय के लिये उनके शास्त्रीय स्वरूप को समझना आवश्यक है। इसके लिये पर्याय बहुत महत्व के हैं। प्राचीन आचार्यों ने द्रव्यों के स्वरूप पर्यायों के माध्यम से ही दिया है। इसमें सर्वप्रथम अम्लवेतस के पर्यायों का अध्ययन आवश्यक है। क्योंकि महर्षि चरक ने "औषधि नामरूपाभ्याम" कहा है। अतः अम्लवेतस के पर्याय विचारणीय हैं।

अम्लवेतस के पर्याय

रचनात्मक पर्याय :–

१– **वेतसाम्ल**[1]– जिसकी शाखा अम्लरस हो।
२– **शाखाम्ल**[2]– जिसकी शाखा अम्लरस युक्त हो।

गुणात्मक पर्याय :–

१– **अम्लवेतस**[3]– वेतस सदृश वृक्ष किन्तु फल अम्ल हों।

कर्मात्मक पर्याय :–

१– **अलाबुसुहृत** – जो अलाबू के पात्र में रखा जाय[4]।
२– **चुक्रम** – जो तीक्ष्णता विशेष से अम्लता उत्पन्न करे[5]।
३– **भेदन** – जो भेदन कर्म करता हो[6]।
४– **मांसारि** – जो मांस को गलाने वाला हो[7]।
५– **रसाम्ल** – जिसमें रस अम्ल हो[8]।
६– **रक्त पूरक** – जो रक्त शोधक हो[9]।
७– **शतवेधि** – अत्यन्त तीक्ष्णता के कारण गलाने वाला हो।

अम्लवेतस के गुण कर्म – गुण-- लघु तीक्ष्ण, रस– अम्ल, विपाक– अम्ल, वीर्य– उष्ण, कर्म– कफ वात शामक।

1– वेतसश्चासौ अम्लंश्च वेतसाम्लः।, 2– शाखाम्लस्य शाखाम्लः।, 3– अम्लश्चासौ वेतसश्च अम्लवेतसः।,
4– अलावुसुहृत।, 5– चक्यते–तृष्यते अनेनचुक्रम।, 6– भेदयति भेदनः।; 7– मांसस्य अरिः मांसारिः।,
8– रसोऽम्लोऽस्य रसाम्लः।, 9– रक्तं पूरयति रक्तपूरकः।

तालिका नं०– १

क्रम सं.	ग्रन्थ का नाम	गुण	रस	विपाक	वीर्य	कर्म
१.	धन्वन्तरि निघण्टु	रूक्ष उष्ण	कषाय कटु	अम्ल	उष्ण	कफवात शामक
२.	सिद्धमन्त्र	–	कषाय कटु अम्ल	अम्ल	उष्ण	वातकफ शामक
३.	हृदय दीपक	–	अम्ल	अम्ल	उष्ण	वातकफ शामक
४.	सोढल	–	अम्ल	अम्ल	उष्ण	वातकफ शामक
५.	मदनपाल	लघु	अम्ल	अम्ल	उष्ण	पित्त तृष्णा, कफ को दूषित करता है।
६.	कैयदेव	तीक्ष्ण उष्ण लघु	अम्ल	–	उष्ण	वात कफ शामक
७.	भावप्रकाश	लघु रूक्ष	अम्ल	अम्ल	उष्ण	कफ वात शामक
८.	राजनिघण्टु	–	अम्ल	अम्ल	उष्ण	—

१. कषायं कटु रूक्षोष्णमम्लवेतसकं विदुः । तृट् कफानिल जन्त्वर्शोहृद्बाधाश्मरि गुल्मजित् ॥
(धन्वन्तरि निघण्टु पेज नं०–८७)

२. धर्मिणोऽश्मन्त सरल मधुद्रपारिभद्रकाः । स्नुही करीर बकुलौ करमर्दाम्लवेतसः ॥
(सिद्धिमन्त्र श्लोक सं०–३९)

३. कटवीतिक्ताऽशोकरोहिण्यम्लको ह्यम्लवेतसः। रसाम्लश्चाम्ल विपुलो वेतसाम्लोह्यम्लवेतसः ॥
(हृदय दीपक)

४. अम्लवेतसमत्युष्णं भेदनं लघु दीपनम् ॥ (कैयदेव निघण्टु पेज नं०–१४९)

५. अम्लवेतफलं चोष्णं तीक्ष्णं स्निग्धं चदीपनम् । वद्धमूलानपि व्याधीन् मिन्द्याद् वज्रं गिरीनिव ॥
सशूलानाहविष्टंभान् जयेद् वात कफामयान् । अम्ल वेतसमम्लं च तीक्ष्णोष्णं लघुवेदनम् ॥
दीपनम् पाचनं हृद्यं कफपित्तासुदूषणम् । रूक्षं विण्मूत्रदोषघ्नं हृद्रोगाध्मान गुल्मजित् ॥
हिध्मानाहानिल श्वास कास शूल वमिप्रणुत् । द्रवीभवत्यजामांसमल वस्त्रं सितं भवेत् ॥
(कैयदेव निघण्टु पेज नं०–६१)

६. अम्लवेतसमत्यम्लं भेदनं लघु दीपनम् । हृद्रोग शूल गुल्मघ्नं पित्तलं लोमहर्षणम् ॥
रूक्षविण्मूत्र दोषघ्नं प्लीहोदावर्तनाशनम् । हिक्काऽऽनाहारुचि श्वास कास जीर्णं वमिप्रणुत् ॥
कफ वातामयध्वंसि च्छागमांस द्रवत्वकृत । चणकाम्ल गुणं ज्ञेयं लोहसूची द्रवत्वकृत ॥
(भावप्रकाश निघण्टु पेज नं०–५९९)

७. क्षुद्राम्ला अम्लवेतसः चुक्रं च ॥ (राजनिघण्टु पेज नं०–४२१)

पांच भौतिक संगठन– अम्लवेतस – लघु तीक्ष्ण गुण युक्त है, इसका पांचभौतिक संगठन अग्नि – वायु है।

तालिका नं०–२

गुण	पंच भौतिक संगठन
लघु–	आकाश+वायु+अग्नि।
तीक्ष्ण	अग्नि।

अम्लवेतस के गुणों की दोष शामकता एवं दोषवृद्धि :–

तालिका नं०– ३

गुण	दोष शामक	दोषवर्धक
लघु-तीक्ष्ण	कफ-वात	पित्त

अम्लवेतस अम्लरस युक्त है। अम्ल रस जल + अग्नि महाभूत से निष्पन्न होता है।

तालिका नं०– ४

रस	पंचमहाभूत	
आप्य	जल + अग्नि –	सुश्रुत
	अग्नि + पृथ्वी –	चरक

दोषकर्म– यह उष्ण होने से कफ वात शामक और पित्त वर्धक है।

धातु कर्म– धातुओं को घटाता है और शरीर का लेखन करता है।

मल कर्म– मलों का प्रवर्तक है, वमन विरेचन द्रव्य तीक्ष्ण गुण भूयिष्ठ होते हैं।

संस्थानिक कर्म –

१. पाचन संस्थान – यह उष्ण एवं तीक्ष्ण होने से रोचन; दीपन, पाचन, अनुलोमन और भेदन है। यह दीपन भेदन, अनुलोमन और कफ-वातहर द्रव्यों में श्रेष्ठ है।

२. रक्तवह संस्थान – यह हृदयोत्तेजक है।

३. श्वसन संस्थान – यह कासहर, श्वासहर और हिक्का निग्रहण है।

४. मूत्रवह संस्थान -- तीक्ष्ण होने से मूत्रल है।

विमर्श :–

१. **संहिता वाङ्मय–** अम्लवेतस के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। चरक संहिता सू० स्थान अध्याय ४ के दीपनीय; श्वासहर एवं हृद्य महाकषाय में अम्लवेतस का निर्देश दिया गया है[1]। विमान स्थान अध्याय ८ के अम्ल स्कन्ध में भी अम्लवेतस पठित है[2] किन्तु इसके गुण–कर्मों का विवेचन सूत्र स्थान अध्याय २७ फल वर्ग में निर्दिष्ट है[3]।

सुश्रुत संहिता सू० स्थान अध्याय ४ के फलवर्ग में अम्लवेतस नहीं है; इसके स्थान पर वेत्रफल का उल्लेख है।

---

[1] पिप्पली पिप्पलीमूल चव्य चित्रक श्रृंगवेराम्लवेतस मरिचाजमोदा भल्लातकास्थिहिंगुनिर्यासा इति दशेमानि दीपनीयानि भवन्ति। (च.सं.अ.–४/७)

– शटी पुष्कर मूलाम्लवेतसैला हिंग्वगुरू सुरसामलकी जीवन्ती चण्डा इति दशेमानि श्वासहराणि भवन्ति। (च.सं.सू.४/३७)

– आम्राम्रातक लिकुच करमर्द वृक्षाम्लवेतस कुवल बदर दाडिम मातुलुंगानीति दशेमानि हृद्यानि भवन्ति। (च.सं.सू अ. ४/१०)

[2] आम्राम्रातकलकुचकरमर्द वृक्षाम्लवेतस कुवल – – – –। (च. सं. विमान स्थान अ.- ८/१४०)

[3] गुणस्तैरेव संयुक्तं भेदनं त्वम्लवेतसम्।
शूले रुचौ विवन्धे च मन्देऽग्नौमद्यविप्लवे। (च.सं.सू.अ.– २६/१५२, १५३)

अष्टांग हृदय के फलवर्ग में भी अम्लवेतस और वेत्रफल के स्थान पर वेत्राम्ल का वर्णन किया गया है, व्याख्या वाङ्मय में इसपर विशेष प्रकाश नहीं डाला गया है।

२. **निघण्टु वाङ्मय**–धन्वन्तरि निघण्टु में रसाम्ल, वेतसाम्ल आदि पर्याय अम्लवेतस के लिये आया है। निघण्टु शेष में अम्ल वेतस वृक्ष काण्ड में पठित है, साढल निघण्टु में अम्लवेतस वेतस के फलों का निर्यास है। इसकी सम्पुष्टि की गयी है। इसका अभिप्राय यह है, कि इसके वृक्ष वेतस सदृश होते हैं और फलों के तीक्ष्ण रस का प्रयोग किया जाता है। अतः इसका पर्याय रसाम्ल कहा गया है। अम्लवेतस के सम्बन्ध में मतभेद होने का कारण यह है कि वेतस को बाद में वेत्र समझा जाने लगा है, क्योंकि लोक भाषा में दोनों ही वेत कहे जाते हैं।

निम्नांकित द्रव्य अम्ल वेतस माने जाते हैं :—

१. **चुक्र** (Rumex vesi carius Linn Fam Palygonoceae) – इसके बीज को अम्लवेतस मानते हैं। किन्तु, अम्लवेतस फल है, यह ग्रहण नहीं हो सकता है।

२. **निंबू** (Citrus) – प्रजाति के फल एवं चकोतरा को अम्लवेतस कहा जाता है, किन्तु यह अत्यधिक अम्ल एवं तीक्ष्ण नहीं होता, जो मांस को गला दे, अतः इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

३. **रेवन्तचीनी** (Rheum Emodi Wall Fam–Polygonoceae)– इसकी सुखाई हुई शाखाएँ जो देखने में चेटी की तरह गुथी हुई होती हैं, अम्लवेतस के नाम पर ली जाती हैं। इससे निघण्टुकारों ने अम्लवेतस का पर्याय शाखाम्ल कहा है, किंतु यह शाखावत पत्र वृन्त है। अतः अम्लवेतस नहीं है।

४. **थैकल** (Garcinia Pedunculato Rox Family Guttiferea) – अम्लवेतस के लिये प्राचीन आचार्यों ने संहिताग्रंथों में अम्लवर्ग तथा फलवर्ग का वर्णन किया है। अर्थात यह वेतस सदृश वृक्ष है। इसके फल अम्लरस युक्त होते हैं। सोढल ने इसके रस को मधुजम्बीररसप्रभः कहा है। अर्थात यह इतना तीक्ष्ण होता है, कि इसमें पत्थर, लकड़ी या लोहा डाल दिया जाय तो वह गल जाता है। किन्तु अलावू (लौकी) को नहीं गलाता। अतएव लौकी के वाह्यावरण के पात्र में यह रखा जाता है। अतः इसका पर्याय अलाबुसुहृत है। मांस को शीघ्र गला देने के कारण यह मांसारि कहा गया है। कैयदेव निघण्टु, भावप्रकाश निघण्टु में अम्लवेतस का लक्षण बतलाया गया है कि इससे मांस गल जाता है। मलिन वसा निर्मल हो जाता है तथा चणकाम्लवत अम्ल होता है। थैकल असम एवं उड़ीसा में प्राप्त होता है, इसका लैटिन नाम– गारसीनिया पैडीन्कुलेटा रॉक्स एवं फैमिली गट्टीफैरी है। इसका फल गोलाकार ३०–४५" के व्यास में पीताभ अम्ल रस युक्त एवं स्वादिष्ट होते हैं।

उपर्युक्त तथ्यों पर विचार करने से तथा आचार्य प्रियव्रत शर्माजी एवं ठा. बलवंतसिहजी के विचारों का आधार मानने से "थैकल" को अम्लवेतस के नाम पर ग्रहण करना चाहिये। शिवदास सेन ने भी इसका नाम थैकल दिया है।

उपसंहार :—

अम्लवेतस के परिपेक्ष्य में वाङ्मयात्मक अध्ययन किये गये। इससे थैकल नामक वनस्पति अम्लवेतस के नाम पर स्वीकार करना चाहिये।

* * *

---

1. कैयदेव निघण्टु औषधि वर्ग ३१९.

2. कफवातमयध्वंसि छागमांसद्रवत्वकृत। चणकाम्ल गुणं ज्ञेयं लौहसूचीद्रवत्वकृत॥ ` —भाव प्रकाश फलवर्ग।

अश्मन्तक विमर्श

लेखक : **डा. गुरू प्रसाद शर्मा,**
ए.एम.एस.डी.ए.वा.ई.एम.पी-एच-डी.
(द्रव्यगुण काशी हिन्दू विश्वविद्यालय)
अध्यक्ष, द्रव्यगुण विभाग,
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

अश्मन्तक एक सन्दिग्ध वनस्पति है। अश्मन्तक यह संज्ञा सम्भवतः इस कारण है कि यह द्रव्य (अश्मा=पत्थर, अन्तक=नाशक) अश्मरी भेदन करता है। अश्मन्तक के सम्बन्ध में आयुर्वेदीय संहिता ग्रन्थों, चिकित्सा के संग्रह ग्रन्थों, द्रव्य-गुण विज्ञान एवं निघण्टुओं, कोषों तथा व्याख्या वाङ्मयों से आवश्यक सूचनाएँ संगृहीत की गयी हैं, जिससे इस वनस्पति के स्वरूप, गुणकर्म तथा प्रयोग पर प्रकाश पड़ता है। आधुनिक काल के विद्वानों ने जो कार्य किये हैं, उनका भी आकलन किया गया है।

आयुर्वेदीय वाङ्मय में अश्मन्तक का परिचयात्मक वर्णन प्रत्यक्षतया नहीं मिलता, किन्तु उपलब्ध संकेतों के आधार पर उनके स्वरूप एवं गुण कर्म का परिचय किया जा सकता है। अश्मन्तक के निम्नांकित पर्याय हैं, जिनका प्रकरण के आधार पर अर्थ लिया गया हैं। पर्यायों को भी निम्नांकित विभागों में विभाजित किया गया है।

अश्मन्तक के पर्याय

(१) रचनात्मक :–

(क) काण्ड त्वचा वाचक :

श्लक्ष्णत्वक् :– जिसकी त्वचा चिकनी हो, वह श्लक्ष्ण कहलाता है।

(ख) पत्र वाचक :

(अ) **अम्लपत्र :**– अम्लं पत्रं यस्य – जिसके पत्र अम्ल रसयुक्त हों।
(ब) **अम्लपत्रक :**– ,, ,,
(स) **मालुकाच्छद :**– मालुका इव पर्णानि यस्य सः – मालुका पत्र के सदृश जिसके पत्र हों।
(द) **मालुकापर्ण :**– ,, ,,
(य) **यमलच्छद :**– यमलरूपं छदमस्य यमलच्छदः – जिसके दो पत्र स्पष्ट रूप से एक साथ जुड़े हों।
(र) **युग्मपत्र :**– ,, ,,
(ल) **सूक्ष्मपत्र :**– सूक्ष्माणि पत्राणि यस्य – जिसके पत्र सूक्ष्म (छोटे-छोटे) होते हों।

(ग) पुष्पवाचक :

ताम्रपुष्प :– ताम्राणि रक्तत्वात् पुष्पाण्यस्य ताम्रपुष्पः – जिसके पुष्प ताम्रवर्ण (रक्ताभ) हों।

(२) गुणकर्मात्मक :–

(क) गुणात्मक :

इन्द्रक :– इद्रस्य ऐश्वर्यशालिनः कं सुखं यस्मिन् – इसके सेवन से इन्द्र के समान ऐश्वर्यशाली सुख की प्राप्ति होती है।

(ख) कर्मात्मक :

अश्मन्तक :– अश्वनुते अश्मन्तं – जो अश्मरी का भेदन कर दे, वह अश्मन्तक कहलाता है।

(३) प्रशस्तिवाचक :--

कुशिक :– कुशः कुशसंज्ञको महिपालो जनकत्वेन ऋत्यस्य।

कुशली :– कुशलं अस्त्यस्य। कुशल + इनिः। जिसको कुशल (आरोग्य) पूर्वक रहने के लिए सेवन किया जाय।

अश्मन्तक के गुण कर्म :

गुण = लघु, रूक्ष

रस = कषाय

विपाक = मधुर

वीर्य = शीत

दोषकर्म = कफपित्तशामक

सांस्थानिक कर्म :

पाचन संस्थान – क्षीर वामक है, फल एवं त्वक् कृमिघ्न हैं।

श्वसन संस्थान – कफनिस्सारक।

मूत्रवह संस्थान – मूत्रसंग्रहणीय।

तालिका नं०– १

क्र.सं.	ग्रन्थनाम	गुण	रस	विपाक	वीर्य	कर्म
१.	धन्वन्तरि निघण्टु	–	कषाय	–	शीत	पित्तकफ शामक
२.	सिद्धमन्त्र	–	–	–	–	कफवातहर
३.	मदनपाल निघण्टु	–	कषाय	–	–	कफवातशामक
४.	कैयदेव निघण्टु	गुरु, रुक्ष	कषाय	मधुर	शीत	कफवातशामक
५.	भावप्रकाश	–	–	–	–	–
६.	राजनिघण्टु	–	कषाय	मधुर	–	पित्तहर

१ अश्मन्तकः कषायस्तु हिमः पित्तकफापहः। कषायः शीतसंग्राही कफपित्तास्रदोषनुत् ॥
गुडूच्यादिवर्ग, श्लोक सं. १९३

२. वत्सादनो कङ्गणिका शेफालो वृद्धदारुकः। शिरीषिका कर्कटाह वा फलमश्मन्तधन्वनात् ॥
श्लोक सं. ८५, एवं ८०

३. अश्मन्तस्तुवरो ग्राही शीतोष्णः कफवातजित्। निहन्ति गण्डमालास्रगलगण्डगलामयान् ॥
तत्फलं लेखनं ग्राहि गुरू श्लेष्मानिलापहम्। अभयादिवर्ग १/५८

४. अश्मन्तोऽम्लो हिमो ग्राही कषायः कफवातजित्। निहन्ति गण्डमालास्रगलगण्डगलामयान् ॥
फलं स्वादु हिमं रूक्षं कषाय लेखनं गुरू। संग्राहि कफवातघ्नं विबन्धाध्मानकारकम् ॥
औषधि वर्ग/२७०/श्लोक सं ९३१, ९३२.

५. अश्मन्तकः स्यान्मधुरः कषायः सुशीतलः पित्तहरः प्रमेहजित्।
विदाह तृष्णाविषमज्वरापहो विषार्तिविच्छर्दिहरश्च भूतजित् ॥ गुडूच्यादिवर्ग/श्लोक सं. २९२

विमर्श :–

संहिता वाङ्मय :

चरक–संहिता सूत्रस्थान प्रथम अध्याय में तीन क्षीरी वृक्षों के अन्तर्गत "वमने अश्मन्तकं विद्यात्" पठित है[1]। मूत्रसंग्रहणीय महाकषाय में अन्य क्षीरी वृक्षों के साथ अश्मन्तक का निर्देश किया गया है[2]। इसके अन्तर्गत नाड़ी–स्वेद, प्रमेह और शूल में अवगाहन का विधान है[3]। चरक-संहिता त्रिमर्मीय चिकित्सा के अन्तर्गत शिरोरोग में नस्य कर्म के लिए प्रयुक्त किया गया है[4]। विमानस्थान अध्याय आठ में कषायस्कन्ध के अन्य द्रव्यों के साथ अश्मन्तक भी वर्णित है[5]। इसके फल रस में कषाय, एवं मधुर होते हैं।

सुश्रुत-संहिता में अश्मन्तक की गणना क्षीरी वृक्षों के साथ की गयी है[6]। इसके फल कषायरसयुक्त होते हैं[7]। प्रमेह चिकित्सा में अन्य द्रव्यों के साथ अश्मन्तक का प्रयोग किया जाता है[8]।

अष्टाङ्गहृदय चिकित्सास्थान (अध्याय ग्यारह) में अश्मरी चिकित्सा में अश्मन्तक क्वाथ में उषकादिगण के द्रव्यों के साथ पीने से अश्मरी नष्ट हो जाती है[9]।

निघण्टु ग्रन्थ :

धन्वन्तरि निघण्टु में अश्मन्तक के लिए युग्मपत्र, मालूकापर्ण, ताम्रपुष्प और सूक्ष्मपत्र आदि पर्याय आये हैं[10]। इससे प्रतीत होता है कि अश्मन्तक के पत्र काञ्चनार पत्र के समान यमल एवं छोटे–छोटे तथा अम्ल होते हैं।

---

[1] ... वमनेऽश्मन्तकं विद्यात्स्नुहीक्षीरं विरेचने। च. सू. १/११५

[2] ... भल्लातकाश्मन्तक सोमवल्का इति दशेमानि मूत्रसंग्रहणीयानि भवन्ति। च. सू. ४/१५/३३

[3] ... अर्कपत्रैरश्मन्तकस्य च ॥ च. सू. १४/३१

[4] क्षवकोऽश्मन्तको विल्वं हरिद्रा हिङ्गु यूथिका ॥ च. चि. २६/१८४

[5] ...भल्लातकास्थ्यश्मन्तकशिरीष ...। च. वि. ८/१४४

[6] क्षीरवृक्षफलजाम्बवराजादनतोदन शीतफलतिन्दुक बकुलधन्वनाश्मन्तका ...। सु. सू. ४६/१६३

[7] फलान्येतानि शीतानि कफपित्तहराणि च। संग्राहकाणि रूक्षाणि कषायमधुराणि च ॥ सु. सू. ४६/१६४

[8] ... कपित्थतिन्दुकाश्मन्तकफलाहारो मृगैः ...। सु. चि. ११/१२

[9] पाषाणभेदो वसुको वशिरोऽश्मन्तको वरो। कपोतवंकातिबलाभल्लूकोशीरकंतकम् ॥ अ. हृ. चि. ११/१८

[10] अश्मन्तकश्चन्द्रकस्तु कुद्दालो चाम्लपत्रकः। श्लक्ष्णत्वग्मालुकापर्णः स्मृतो यमलपत्रकः ॥
धन्वन्तरि नि./गुडूच्यादि वर्ग/श्लोक सं. १९२

कैयदेव निघण्टु में अश्मन्तक का फल ग्राही एवं वातकफशामक कहा गया है।

निघण्टुशेष में अश्मन्तक वृक्षकाण्ड में पठित है[1]। इससे स्पष्ट है कि अश्मन्तक वृक्ष है। अश्मन्तक के पुष्प ताम्रवर्ण (रक्ताभ) होते हैं। भावप्रकाश निघण्टु में अश्मन्तक काञ्चनार के प्रयोग में पठित है।

व्याख्या वाङ्मय :

व्याखयाकारों ने भी अश्मन्तक पर निश्चयात्मक विचार नहीं किया है। यथा – चक्रपाणिदत्त :—

(क) अश्मन्तको मालुकासदृशपत्रो वृक्षः। च.सू. १/११४;
(ख) अश्मन्तकः अम्ललोटः। च.सू. ४/१५/३३

चक्रपाणि के उपर्युक्त विचार से अश्मन्तक पर कोई विशेष विचार नहीं किया जा सकता। अतः डल्हण के विचार भी द्रष्टव्य हैं।

(क) अश्मन्तकः अम्ललोटकसदृशो वृक्षः। सु.सू. २५/२०
(ख) अश्मन्तको यमलपत्रकः "आसन्त" इति लोके। सु. सू. ४६/१६३
(ग) अश्मन्तकः कर्बुदाराकारः। सु. शा. १०/५७
(घ) अश्मन्तकः कोविदारसदृशोऽम्लपत्रः अम्ल लोटक इति लोके। सु. शा. १०/५९
(ङ) अश्मन्तकोऽम्ललोटः कोविदारसदृशपत्रकः। सु. चि. ७/५
(च) अश्मन्तको वृक्षोऽम्ललोटकानुसारी। सु. कल्प. ५/८५

निघण्टु एवं व्याख्या वाङ्मय के इन संकेतों के आधार पर अश्मन्तक का शास्त्रीय स्वरूप निम्नांकित होना चाहिए—

(१) वृक्ष जाति की वनस्पति है।
(२) क्षीर युक्त एवं मूल अधिक क्षीर युक्त होता है।
(३) यमल पत्र कोविदार सदृश, किन्तु छोटे-छोटे होते हैं।
(४) कषाय रस एवं शीत वीर्य युक्त होते हैं।
(५) पित्तप्रधान विकारों में उपयोगी होते हैं।

स्वरूप :

अतः अश्मन्तक मध्यम प्रमाण का वृक्ष होता है। पत्र ४–६" लम्बे, आयताकार, लट्वाकार, कोविदारपत्र के सदृश किन्तु छोटे होते हैं। पुष्प–रक्ताभ शेष कुलवत, फल– गोलाकार १/२" व्यास में, प्रथम श्वेत वर्ण के, पकने पर कृष्ण वर्ण के हो जाते हैं। इसके मूल से क्षीर निकलता है। अतएव यह वट कुल (Moraceae Ficus Rumphii Blume) है।

उपर्युक्त वाङ्मयात्मक अध्ययन के आधार पर अश्मन्तक के नाम से Ficus Rumphii Blume नामक द्रव्य सर्वोत्तम सिद्ध हुआ है। अतः अश्मन्तक के रूप में उसे स्वीकार करना चाहिए।

उपसंहार :

अश्मन्तक के सम्बन्ध में वाङ्मयात्मक अध्ययन किये गये। इससे अश्मन्तक का क्षीर वामक तथा फल अश्मरी भेदन एवं वातकफनाशक हैं। अतः अश्मरी भेदन के लिये इनके फल का प्रयोग किया जा सकता है। यह वनस्पति राजस्थान में अष्ट के नाम से प्राप्त होता है।

* * *

---

[1] अश्मन्तके सूक्ष्मपत्रः पाषाणान्तक इन्द्रकः। अम्लपत्रस्ताम्रपुष्पः कुशलो यमलच्छदः॥
नि.शे./वृक्ष काण्ड/श्लोक सं. ६२

यष्टीमधु और क्लीतक

लेखक : **डा० गुरू प्रसाद शर्मा**
विभागाध्यक्ष द्रव्यगुण,
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
वाराणसी ।

यष्टीमधु और क्लीतक :

यष्टीमधु एक अत्यन्त प्रचलित द्रव्य है । यष्टीमधु यह संज्ञा संभवतः इस कारण है कि इनके काष्ठ मधुर रस युक्त होते हैं जो इस वनस्पति का एक प्रमुख लक्षण है ।

परिचय :

यह वनस्पति यूरोप, ईरान, मध्य एशिया और रूस में होता है ।❖ इसके क्षुप या गुल्म ६ फुट तक ऊँचे होते हैं । पत्र-संयुक्त अण्डाकार हरिताभ होते हैं । पुष्प गुलाबी या बैंगनी वर्ण के मंजरियों में होते हैं ! जलज को मधूलिका कहते हैं ।

यष्टीमधु के सम्बन्ध में आयुर्वेदीय संहिताग्रन्थों, द्रव्यगुण एवं निघण्टुओं तथा कोशों से आवश्यक सूचनाएँ संगृहीत की गयी हैं, जिससे वनस्पति के स्वरूप, गुण–कार्य तथा प्रयोग पर प्रकाश पड़ता है ।

महर्षि चरक का कथन है कि औषधियों के नाम एवं स्वरूप आवश्यक हैं । आयुर्वेद में स्वरूप का वर्णन पृथक् न कर पर्याय के माध्यम से वर्णित है, अतः सर्व प्रथम यष्टीमधु के पर्यायों आ विवेचन किया जा रहा है ।

पर्याय एवं निरुक्ति :–

विभिन्न संहिता ग्रंथों के अवलोकन से यष्टीमधु के पर्याय दृष्टिगत होते हैं, जो निम्न तालिका से स्पष्ट है ।

तालिका नं०– १

रचनात्मक :

	पर्याय	निरुक्ति	अर्थ
१.	मधुक –	मधुरं कायतीति मधुकं	जिसके काष्ठ मधुर रस युक्त हों ।
२.	मधुला –	मधुकं पुष्पं रसादिकम् याति स्वकारणेन	पुष्प एवं रस सभी मधुर रस युक्त हों ।

---

१. औषधीर्नामरूपाभ्याम् – च. सू. १/१२०, १२१

❖ यष्टीमधु भारत में पहले नहीं उगती थी पर इसका इतना विपुल उपयोग है कि आर्यों का मध्यएशिया से घनिष्ठ सम्बन्ध था यह प्रमाणित हो जाता है । – सम्पादक

तालिका नं०–२

गुणकार्यात्मक :

	पर्याय	निरुक्ति	अर्थ
१.	**मधुजाता** –	मधु मधूनाम् जातं इति मधुजाता	जिससे मधु की प्रतीति हो।
२.	**मधुलिका** –	मधु प्रधानां एवं मधुरसां इति मधुलिका	जो मधुर रस युक्त हो।
३.	**यष्टीमधु** –	यष्टीमधुवत कायतीति यष्टीमधु	जिसके काण्ठ मधुर रसयुक्त हों।
४.	**क्लीतक** –	क्लीत स्थल ज्ञेयं इति क्लीतक	जो द्रव्य स्थल में उत्पन्न हो वह क्लीतक कहलाता है।

गुणकर्म :

शास्त्रीय वर्णन के अनुसार यह रस में कटु, तिक्त, उष्णवीर्य तथा कफ-वात-शामक है और कास-श्वास में मुख्य रूप से इसका उपयोग निर्दिष्ट है।

तालिका नं०–३

क्रम सं०	ग्रन्थ नाम	गुण	रस	विपाक	वीर्य	कर्म
१.	धन्वन्तरि निघण्टु (१० वीं शती)	–	मधुर	मधुर	शीत	पित्तघ्न
२.	सिद्ध मन्त्र (१३ वीं पूर्वार्ध)	–	–	कटु	उष्ण	वातशामक
३.	हृदय दीपन निघण्टु (१३ वीं उत्तरार्ध)	गुरु	मधुर	मधुर	शीत	पित्तघ्न
४.	मदनपाल निघण्टु (१४ वीं शती)	गुरु	स्निग्ध मधुर	मधुर	शीत	पित्तशामक
५.	कैयदेव निघण्टु (१५ वीं शती)	गुरु	स्निग्ध मधुर	मधुर	शीत	पित्तशामक
६.	भावप्रकाश निघण्टु (१६ वीं पूर्वार्ध)	गुरु	मधुर	–	शीत	पित्तशामक
७.	राजनिघण्टु (१६ वीं शती)	गुरु	मधुर	मधुर	शीत	पित्तशामक
८.	शालिग्राम निघण्टु (१९ वीं शती)	गुरु	मधुर	मधुर	शीत	पित्तशामक
९.	यूनानी द्रव्यगुणादर्श (२० वीं शती)	गुरु	स्निग्ध मधुर	मधुर	शीत	वात पित्तशामक

सांस्थानिक कर्म :

नाड़ी सं. – नाड़ी बल प्रद, वेदना स्थापन
पा. सं. – तृष्णा निग्रहण, छर्दि निग्रहण, अनुलोमन
र. सं. – शोषित स्थापन, शोथहर
ख. सं. – श्लेष्म निस्सारक
मू. सं. – मूत्रल
प्र. सं. – वृष्य

इसके अतिरिक्त यह ज्वर शामक चाक्षुष्य एवं रसायन है।

विमर्श :

संहिता वाङमय – चरक संहिता

चरक संहिता सूत्र स्थान अध्याय १ में क्लीतक आनूप एवं स्थलज दो प्रकार का वर्णित है[1]।

षडविरेचन शताश्रृतीय अध्याय जीवनीय सन्धानीयवर्ण्य, कण्ठ्य आदि विविध वर्गों में यष्टीमधु पठित है।

सुश्रुत संहिता में पित्तार्बुद एवं जठर रोग प्रकरण में क्लीतक सिद्ध घृत का विधान है। मूल विषों में क्लीतक की गणना है[2]।

अष्टांग संग्रह में क्लीतक का उल्लेख विरेचन द्रव्यों के अन्तर्गत है। अष्टांग हृदय में यष्टीमधु का वर्णन तो मिलता है किन्तु क्लीतक का उल्लेख नहीं है।

निघण्टु और कोश :

१. **अष्टाङ्ग निघण्टु** :– अष्टाङ्ग निघण्टु में यष्टीमधु सारिवादि गण में पठित है।

२. **धन्वन्तरि निघण्टु** :– इस निघण्टु में यष्टीमधु विशेष से क्लीतक का उल्लेख किया गया है इसके स्थलज और जलज दो भेद वर्णित हैं।

---

1. आनूपं स्थलजं चैव क्लीतकं द्विविधं स्मृतम् ।। च. सू. १/८१
2. सु. चि. १८/३४, क १/५
3. तत्र क्लीतकाश्वमार गुञ्जासुगन्धगगरिक करधाट विद्युच्छिखाविजयानित्यष्टौ मूल – विषाणि । — — — — सु० क० २/४
4. "त्रिवृत श्यामादन्ती — — — — — — — काश्मर्यपारूषकद्राक्षा नीलिनी क्लीतनिकोदकीर्या– विडंगपूंगपञ्चांगुलफलानि ।" – अ. सं. सू. १४/४
5. यष्टीमधुकयष्ट्याह्वा मधुकं क्लीतकाह्वयम् । – अ. नि. सारिवादिगण द्वितीय खण्ड
6. मधुयष्टी क्लीतनकं यष्टीमधु मधूलिका ।
   यष्ट्याह्वं मधुकं यष्टीमधुकं जलजा मधुः ।
   मधुयष्टी गुरू शीता बल्या तृट्छर्दिपित्तजित् ।। — — — — मदनपाल निघण्टु वर्ग – १

३. **अमर कोश** :– वनौषधिवर्ग में क्लीतक का उल्लेख यष्टीमधु के पर्याय रूप में किया गया है। भानुजी दीक्षित ने इसकी व्याख्या में क्लैब्य को दूर करने वाले द्रव्य को क्लीतक कहा है।

४. **मदनपाल निघण्टु** :– इसमें क्लीतक जलजा यष्टीमधु का पर्याय माना गया है[1]।

५. **भावप्रकाश निघण्टु** :– इसमें भी यष्टीमधु के पर्याय रूप में क्लीतक आया है[2]।

६. **राजनिघण्टु** :– इसमें यष्टीमधु के पर्याय रूप में क्लीतक मधुवल्ली, मधुरलता, मधुपर्णी, अतिरसा का उल्लेख है। इसके दो भेद किये गये हैं – स्थलज और जलज।

व्याख्या वाङ्मय :

१. **जेज्जट (९ वीं शती)**– चरक सूत्र स्थान के प्रथम अध्याय में जेज्जट ने यष्टीमधु और क्लीतक को पृथक् पृथक् वर्णन किया है। इनका कथन है कि क्लीतक नामक द्रव्य होना चाहिए किन्तु यष्टीमधु तृष्णा निग्रहण, दाह प्रशमन, हृल्लास तथा वमन प्रतिशेध द्रव्य है।

२. **चन्द्रट (१० वीं शती)**– चिकित्सा कलिका के विष प्रकरण की व्याख्या में क्लीतक का पृथक् वर्णन किया गया है।

३. **चक्रपाणि (११ वीं शती)**– क्लीतक को यष्टिमधु फलों के प्रयोग विरेचन कार्य के लिए किया गया है[3]।

४. **डल्हण (१२ वीं शती)**– डल्हण ने एक स्थान पर क्लीतक को मधुयष्टी माना है। (सु. चि. १६/२६) किन्तु कल्प स्थान में मूल विषों की चर्चा करते हुए कहा है कि "मूलादि विषाणां-यत्नेरपि ज्ञातुं-शक्यत्वात्तानि हिमवतप्रदेशे किराताशवरादिभ्योज्ञेयानि[4]।"

५. **अरुणदत्त (१३ वीं शती)**– अरूणदत्त ने यष्ट्याह्वयं से क्लीतिका का ग्रहण किया है इसी प्रकार सारिवादि गण में यष्टी, क्लीतक का ग्रहण किया है[5]।

६. **इन्दु (१३वीं शती)**– अष्टांग संग्रह के प्रसिद्ध व्याख्याकार इन्दु ने चक्रपाणि व्याख्या के अनुसार यष्टिमधु के साथ क्लीतक का वर्णन किया है[6]।

७. **आढमल्ल (१३ वीं शती)**– शार्ङ्गधर मध्यम खण्ड में आढमल्ल ने यष्टीमधु के विविध पाठों में क्लीतक से यष्टीमधु ग्रहण किया है।

८. **हेमाद्रि (१४ वीं शती)**– हेमाद्रि ने सारिवादि गणोक्त यष्टिमधु को क्लीतक कहा है[7]।

९. **शिवदास सेन (१५ वीं शती)**– अ. हृ. उतर तन्त्र तथा चक्रदत्त की व्याख्या में शिवदास सेन ने यष्टीमधु को क्लीतक और क्लीतक को यष्टिमधु कहा है। किन्तु चक्रदत्त की रत्नप्रभा व्याख्या के आधार पर "विष रोगाधिकार" में क्लीतक को यष्टिमधु से पृथक् माना है।

---

[1] मधुयष्टी क्लीतनकं यष्टीमधु मधूलिका। यष्ट्याह्वं मधुकं यष्टिमधुकं जलजा मधुः।
मधुयष्टी गुरू सीता वल्या तृट्छर्दिपित्तजित्। –मदनपाल निघण्टु वर्ग १

[2] यष्टीमधु तथा यष्टीमधुकं क्लीतनकं तथा। अन्यत्क्लीतनकं तत्तु भवेत्तोये मधूलिका ॥ १४५
यष्टी हिमा गुरुःस्वाद्वी चक्षुष्या वलवर्णता। सुस्निग्धा शुक्रला केश्या स्वर्या पित्तानिलास्रजित् ॥
व्रणशोथविषछर्दितृष्णाग्लानिक्षयापहा। १४६–भा. प्र. नि. हरितक्यादि वर्ग।

[3] क्लीतकं यष्टिमधुः। च. सू. ५/८१, वि. ८१३५।

[4] सु. क. २/५

[5] यष्ट्यं क्लीतकसंज्ञम्। अ. हृ. सू. १५/४-३६

[6] यष्टीःमधुयष्टिकम्। अ. स. चि. २/५६

[7] अ. हृ. सू. १५/११

प्राचीन आचार्यों ने द्रव्यों के वानस्पतिक स्वरूप का पृथक् वर्णन न कर इनका संकेत पर्यायों के माध्यम से ही किया है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यष्टीमधु के पर्याय में क्लीतक का अध्ययन किया गया है। महर्षि चरक ने द्रव्यगुण विज्ञान के लिए नाम रूप ज्ञान का महत्व बतलाया[1] है। वस्तुतः नाम रूप ज्ञान, रूप ज्ञान में भी सहायक होता है। इससे स्पष्ट होता है कि—

१. जो क्लैव्य को दूर करे उसे क्लीतक कहते हैं।

२. जिसका क्रय-विक्रय में महत्व हो उसे क्लीतक कहते हैं।

३. जो द्रव्य वृष्य नहीं है उसे क्लीतक कहते हैं।

कर्म :

क्लीतक के फल का प्रयोग चिकित्सा में किया जाता है जबकि यष्टिमधु के भौमिक काण्ड का प्रयोग होता है। चरक संहिता के विरेचनीय वर्ग में पठित होने के कारण क्लीतक विरेचन द्रव्य माना जा सकता है। किन्तु चक्रपाणि ने इस सम्बन्ध में यह तर्क दिया है कि विरेचन में मधुयष्टी के ही फलों का प्रयोग प्रशस्त है। यह परम्पराविरूद्ध होने के कारण स्वीकार नहीं हो सकता।

इस प्रकार क्लीतक शब्द की निरुक्ति एवं गुण-कर्मों से उसके स्वरूप के सम्बन्ध में संकेत प्राप्त होता है। इससे प्रतीत होता है कि क्लीतक के पत्र, मूल और फल यष्टीमधु के सदृश होते हैं। आयुर्वेदीय निघण्टुकारों ने अपनी-अपनी मान्यता के अनुसार क्लीतक शब्द का उल्लेख किया है इससे भी उसके स्वरूप को निम्नांकित रूप में समझा जा सकता है।

१. **क्लीतक** – क्षुप है

२. **पत्र** – यष्टीमधु सदृश

३. **फल** – यष्टीमधु सदृश

४. **रस** – कटु

५. **वीर्य** – उष्ण

६. **कर्म (दोषज)** – वात श्लेष्महर।

निष्कर्ष :

संहितोक्त क्लीतक यष्टीमधु से भिन्न द्रव्य है। वनस्पति वेत्ता डल्हण ने तथा धन्वन्तरि निघण्टुकारों ने जिन विचारों का अनुसरण करते हुए इनके परिचय में स्वरूप व्यक्त किया है इससे अनुमानतः (मधुली)❖ माना जा सकता है।

-:◆:-

---

[1] अ. हृ. उ. ५/१८, १६/१६, १८/८, (विसर्पविस्फोट/२८)

❖ (1) Latin Name – Dactyloctenium, Aegyptium, Beauv.
(2) Family Name – Leguminosae.

जीवन्ती विमर्श

लेखक : डा. चारु चन्द्र पाठक
जी. ए. एम. एस., एच. पी. ए. (जामनगर)
रीडर एवं विभागाध्यक्ष
कायचिकित्सा, राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, झाँसी

जीवन्ती आयुर्वेद जगत का सुपरिचित एवं चिर परिचित द्रव्य है। इसका प्रयोग वैदिक काल से ही होता आ रहा है। संहिता काल में इसका प्रयोग अधिक प्रचलित हुआ फलतः इसका प्रयोग औषध तथा आहार दोनों के रूपों में होने लगा। इसके बाद प्रायः सभी निघण्टुकारों ने तथा आधुनिक द्रव्यगुण विद्वानों ने इसका उल्लेख गुण कर्मादि के साथ अपने ग्रन्थों में किया।

संहिता काल में यह द्रव्य संदिग्ध नहीं था। उस काल में गुरु एवं शिष्य दोनों साथ रहकर अध्ययन एवं अध्यापन करते थे। ये दोनों साथ ही जंगल के पर्वतीय क्षेत्रों एवं अन्य स्थानों का परिभ्रमण करते थे। जिससे औषधियों का प्रत्यक्ष ज्ञान सुलभता से शिष्यों को हो जाता था। अतः इस काल में संदिग्धता की कोई समस्या ही नहीं थी। संदिग्धता की समस्या सर्वप्रथम संहिता के टीकाकारों ने उत्पन्न की है। सर्वप्रथम चरक के टीकाकार चक्रपाणि ने निम्न उल्लेख किया है।

"जीवन्ती स्वनाम ख्याता"। (च. सू. ४/१९)

"जीवन्ती सुवर्ण नाल, स्व नाम प्रसिद्धः"। (च. सू. ५/६५)

इन दोनों उल्लेखों से जीवन्ती के बारे में कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिलता कि यह किस जाति का द्रव्य है। चरक के दूसरे टीकाकार गंगाधर ने भी इसी प्रकार का मंतव्य दिया है– "जीवन्ती स्व नाम ख्यात स्वर्णवल्ली" और दूसरे स्थल पर "जीवन्ती शाक विशेष"। इस प्रकार इनके उल्लेख से भी स्पष्टता परिज्ञात नहीं होती। सुश्रुत के टीकाकार डल्हन ने जीवन्ती के बारे में भिन्न-भिन्न स्थलों पर भिन्न-भिन्न प्रकार से उल्लेख किया है।

"जीवन्ती डोडिका इति लोके, लता अर्कफलाकारक्षीरफला अन्ये सुवर्ण जीवन्तिमाहू"। (सु. सु. ३८/३५)

"जीवन्ती जीवा तण्डुलीयक सदृश इत्यन्ये।" (सु. सु. ४६/३५५)

"जीवन्ती पटोल समाना: कन्दवती पश्चिम देशे प्रसिद्धा।" (सु. सु. ३८/३५)

इस प्रकार एक ही द्रव्य का वर्णन भिन्न-भिन्न प्रकार होने से संदिग्धता की स्थिति और बढ़ जाती है। एक स्थल पर इन्होंने अर्क फल के समान क्षीर लता कहा और अन्य मत में सुवर्ण जीवन्ती भी कहा, दूसरे स्थल पर इसी द्रव्य को तण्डुलीय सदृश बताया और तीसरे स्थल पर पटोल पत्र के समान कन्दवती लता जो पश्चिम देश में उत्पन्न होती है, ऐसा कहा। इस प्रकार ये तीनों स्थल जो जीवन्ती के बारे में कहा गया है अतिभ्रामक है।

चक्रदत्त ने "स्वनामस्य स्वर्ण वर्ण समान:" ऐसा लिखकर छोड़ दिया, इन्होंने अपना कोई विशेष मन्तव्य नहीं दिया। शार्ङ्गधर के टीकाकार ने जीवन्ती को केवल शाक विशेष कहा और इसके उत्पत्ति स्थान के बारे में इन्होंने हिमाचल प्रदेश का निर्देश किया है। वैदिक-शब्द सिन्धु में जीवन्ती को शाक विशेष कहा गया है और इसके गुण कर्मों का उल्लेख किया है।

इस प्रकार अनेक ग्रन्थों के अध्ययन से यह परिज्ञात हुआ कि विद्वानों ने रस, वर्ण एवं आकृति के आधार पर इसका उल्लेख भिन्न-भिन्न ढंग से किया है।

रस के आधार पर → मधुर – तिक्त

वर्ण के आधार पर → श्वेत – स्वर्ण (पीत)

आकृति के आधार पर → लघु एवं बृहद्

रस के आधार पर संहिता ग्रन्थों में मधुर और तिक्त प्रायः नहीं मिलता, किन्तु निघण्टुकारों ने इस प्रकार का उल्लेख किया है। धन्वन्तरि निघण्टुकार ने केवल शाक श्रेष्ठ कहा है। चरक और सुश्रुत में जीवन्ती को जिस गण में तथा आमयिक प्रयोगों में उल्लेख किया गया है, उसे यह मधुर रस युक्त द्रव्य परिज्ञात होता है। तिक्त रस युक्त यह द्रव्य है ऐसा उल्लेख संहिताओं में उपलब्ध नहीं होता।

वर्ण के आधार पर श्वेत और स्वर्ण दो भेदों का जो उल्लेख निघण्टुकारों ने किया है, यह भेद भी संहिताओं में उपलब्ध नहीं होता केवल टीकाकारों ने कुछ स्थलों पर स्वर्ण जीवन्ती का उल्लेख किया है।

आकृति भेद से लघु और बृहद का उल्लेख भी संहिताओं में नहीं है। सर्वप्रथम राजनिघण्टुकार ने लघु और बृहद इन दोनों भेदों का उल्लेख किया है। शालिकराम ने आकार (लघु–बृहद्) और वर्ण भेद से उपर्युक्त (श्वेत-वर्ण) उल्लेख किया है। इससे और भी भ्रामकता बढ जाती है। आधुनिक द्रव्य गुण के ज्ञाता जैकृष्ण चन्द्रजीत ठाकर ने जीवन्ती को लिप्टाडिनिया रेटिकुलेटा कहा है। गुजरात के सुप्रसिद्ध निघण्टुकार श्री वापालालजी ने भी इसके संदेह का रहस्य उद्घाटन नहीं किया, इन्होंने क्षीर वर्ण के आधार पर श्वेत और स्वर्ण का उल्लेख किया और शाकोपयोगी लता कह कर छोड़ दिया। आचार्य प्रियव्रत शर्मा ने जीवन्ती का लिप्टाडिना रेटिकुलेटा ही माना है। इन्होंने अपने ग्रन्थ "द्रव्यगुण विज्ञान" में मधुर गुण युक्त लता लिखकर इसके गुण- कर्मों का उल्लेख किया है। इस प्रकार आधुनिक अन्य विद्वानों ने भी जीवन्ती को लिप्टाडिना रेटिकुलेटा ही माना है।

संदिग्धता निवारण :– जीवन्ती के नाम से भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न प्रकार के द्रव्य उपयोग किये जाते हैं। बंगाल में वैद्य लोग वृक्ष की वांदा का भी उपयोग करते हैं। यह वृक्षाश्रित लता है जो पीली होती है। बिहार के मिथिला क्षेत्र में एक प्रकार की लता होती है जो सूख जाने पर पीली हो जाती है, और तब उसे क्षेत्रीय भाषा में मैनाटांग कहते हैं। हिमाचलप्रदेश में भी एक प्रकार की लता जीवन्ती के नाम से उपयोग की जाती है जो पीली होती है। गुजरात में प्राप्त होने वाली जीवन्ती लता होती है और इसकी फली शाकों में उपयोग की जाती है। औषध कर्म में स्थानीय वैद्य इसके मूल का उपयोग करते हैं। अन्य क्षेत्रों में भी पाये जाने वाले जीवन्ती को प्राप्त कर गुण कर्मों के परिज्ञान के लिये रोगियों पर उसके चूर्ण आदि का प्रयोग विविध कल्पनाओं में किया। किन्तु विविध क्षेत्रों से प्राप्त जीवन्ती का अभीष्ट कर्म प्रयोग किये जाने पर दृष्टिगोचर नहीं हुआ। गुजरात में खासकर सौराष्ट्र देश में उत्पन्न जीवन्ती का प्रयोग करने पर अभीष्ट कर्म दृष्टिगोचर हुआ। अतः तत्तद्देशीय (गुजरात में) उत्पन्न जीवन्ती के मूल चूर्ण का प्रयोग विविध कल्पनाओं में किया गया और इसी का परिणाम रोगियों पर बल्य, बृंहण तथा जीवनीय कर्म देखा गया। यह स्तन्य तथा शुक्रवर्धक द्रव्य है। अतः इस प्रकार संहिताओं में इसके जिन गुणकर्मों का उल्लेख किया गया है वह अभीष्ट कर्म जीवन्ती लेप्टाडिना रेटिकुलिटा पाया गया।

जीवन्तिका (लेप्टाडिना रेटिकुलेटा) वर्णन :–

लैटिन नाम– लेप्टाडिनिटा रेटीकुलेटा (Leptadieatia Reticulata)

अर्ककुल – ऐक्सलीपिएडेसा (Asclepiadaceae)

चरक	–	जीवनीय गण वय:स्थापक गण मधुर रस स्कन्द
सुश्रुत	–	काकोल्यादि गण शाक वर्ग

अष्टाङ्गहृदय	–	जीवनीय गण
धन्वन्त्री निघण्टु	–	गुडुच्यादि वर्ग
भावप्रकाश	–	"
शालिकराम निघण्टु	–	" और जीवनीय गण

यह लता जाति का द्रव्य है यह चातुर मास उत्पन्न होती है। इसी काल में यह वृद्धि एवं विकास भी करती है। किसी वृक्ष का आश्रय प्राप्त कर चारों ओर से लपेटकर आवाध गति से बढ़ती जाती है और फैल जाती है। नवीन लता की काण्ड सुतली के सदृश पतली, किन्तु पुरानी लता की काण्ड हाथ के समान मोटी होती है। यह काण्ड काफी मजबूत, हरित और धूसर वर्ण की होती है। नीचे का मूल भाग श्वेत धूसर होता है। औषध कर्म के लिये यही भाग उपयोगी है।

पत्र :– हरित वर्ण हृदयाकृति की होती है। नवअंकुर किंचित् हरित एवं श्वेताभ होता है।

फूल :– इसकी फली प्रायः एक अंगुल लम्बी, किंचित् मोटी, हरित वर्ण की होती है। गुजरात में इसे डोढी खरडी कहते हैं। इसका उपयोग शाक-सब्जियों में भी किया जाता है।

पुष्प :– शाखाओं के ऊपर पत्र कोण के अर्ध भाग में फूल गुच्छों के रूप में होती है। पुष्पधारण करने वाली काण्ड युग्म रूप में निकलती है। यह पुष्प श्वेताभ वर्ण का होता है। इसके ऊपर रोम होते हैं। पुष्प का व्यास १/४ इंच होता है। पुष्प गंध एवं रस में मधुर होता है, यह पुष्प अर्क के समान होता है।

काण्ड :– काण्ड पतली एवं मोटी, हरित श्वेताभ होती है। यह काफी मजबूत होती है।

बीज :– अर्क बीज के जैसा होता है, उसके चारों ओर श्वेताभ रेशमी जैसे सूत्र होते हैं। आकृति ६ मिली मीटर लम्बी होती है।

उत्पत्ति स्थान :

उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्र एवं पश्चिम भारत में कच्छ, सौराष्ट्र, काठियावाड एवं गुजरात में अधिक पाया जाता है। भारत के अन्य भागों में भी न्यूनाधिक रूप में पाया जाता है।

गुण कर्म विवेचन :

रस :– मधुर
गुण :– शीत
वीर्य :– शीत
विपाक :–मधुर
दोषकर्म :– त्रिदोषशामक (पित्तशामक)
व्याधिकर्म :– वात एवं पित्त जन्य रोग शामक।
सामान्य कर्म :– वृंहण, वल्य, स्तन्य, शुक्र वर्धक, चाक्षुष्य, दाहशूलशामक।
व्याधि विशेष कर्म :– वात रोग, यक्ष्मा, रक्तपित्त, श्वास, कास, नेत्ररोग, पाण्डु, वातरक्त, शोथ, हृदयरोग, जीर्णज्वर इत्यादि।

जीवन्ती की कल्पना :– चूर्ण स्वतन्त्र या अन्य द्रव्यों के साथ (वल्य एवं वृंहण के लिये)
घृत पाक :– जीवन्त्यादि घृत, रास्नादि घृत, महास्नेह घृत, (वात पैत्तिक विकारों में बाह्य एवं अन्तः प्रयोग)।
तैल पाक :– जीवन्त्यादि तैल, पिण्ड तैल, गोपाल तैल, (बाह्य प्रयोग)।
अवलेह :– च्यवन प्राश, अमृत प्राश, अन्तः प्रयोग वल्य के लिये।

इन प्रयोगों के साथ क्षीर-पाक, चूर्ण का उपयोग वल्य एवं वृंहण के लिये किया गया है। संहिताओं में वर्णित सभी गुण-कर्मों का प्रायोगिक अध्ययन विविधकल्पों में जीवन्ती (लिप्टाडिनिया रेटिकुलेटा) का प्रयोग किया गया है। उसी के आधार पर इसका वल्य एवं वृंहण कर्म देखा गया। संदेह के झंझावात् में जीवन्ती का प्रयोग उपेक्षणीय नहीं है वल्कि चिकित्सा के लिये यह बहुत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है।

* * *

लक्ष्मणा विनिश्चय

लेखक:-(१) वैद्या एम. पी. वेरैया
एम. डी. आयु.
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज,
जूनागढ़ (गुजरात)

(२) वैद्य श्री जी. के. दवे
एच. पी. ए.
आचार्य : शासकीय आयुर्वेद कॉलेज,
जूनागढ़ (गुजरात)

प्रस्तावना :-

आयुर्वेद ही एक ऐसी चिकित्सा है, कि जिसमें पुत्र–संतान की प्राप्ति के लिये चिकित्सा वर्णित की है। हमने आज दिन तक पुत्र की उत्पत्ति के लिये उपलब्ध द्रव्यों से पुंसवन संस्कार किया है, जिनका संशोधन पत्र (१) ८२ जून में युनि. रीसर्च मेगेजीन आयु. में प्रस्तुत किया गया। (२) ८४ में अखिल भारतीय वनौषधि द्वारा अहेमदाबाद में सेमीनार में प्रस्तुत किया गया। शास्त्र में लक्ष्मणा वनस्पति के बहुत गुणधर्म बताये गये हैं, लेकिन समस्या यह है कि शास्त्र संदर्भ देखने से शंका उत्पन्न होती है, कि लक्ष्मणा से क्या लेना ? लक्ष्मणा एक संदिग्ध औषधि है। राजनिघंण्टु एवं भा.प्र.नि. में श्वेतकंटकारी को लक्ष्मणा कहा है। भा. नि, कै. नि, नि. आ, व. चं, श्री जयकृष्ण ठाकर एवं बेल्थ ऑफ इन्डिया में हनुमानबेल को, IPOMIA SEPIARIA को लक्ष्मणा दर्शाया है। अब दोनों औषधिओं में से श्वेतकंटकारी और हनुमानवेल में से किसको लक्ष्मणा माने ? क्योकि रा. नि. ने श्वेतकंटकारी को लक्ष्मणा माना है। दोंनो औषधियों का अध्ययन करके हनुमानबेल को लक्ष्मणा मानना निश्चित किया गया। हमनें हनुमानबेल पर प्रायोगिक परीक्षण करके यह निश्चित किया की हनुमानवेल ही लक्ष्मणा है। निघण्टु एवं संहिता में लक्ष्मणा का वर्णन निम्न दिया है।

"पुत्रकाकार रक्ताल्प विन्दुभिर्लक्षितच्छदा।" भा. प्र. नि.१४७
लक्ष्मणापुत्रजननी बस्तगन्धाकृतिर्भवेत्। कथिता पुत्रदाऽवस्था लक्ष्मणा मुनिपुङ्गवैः ॥ भा. प्र. नि १४८

(जिसके पत्तोंपर लालरंग के छोटे–छोटे विन्दुओं से पुरुष का आकार वना हो तथा जो देखने में बस्तगंधा (बन अजवाईन के समान मालूम पडे) उसे पुत्र को उत्पन्न करने वाली लक्ष्मणा समझनी चाहिए। श्रेष्ठ मुनियों ने उसे अवश्य पुत्र देनेवाली बतायी है।

संस्कृत नामः– लक्ष्मणा, पुत्रदा, पुत्रजननी, पुच्छदा, तुलीनी, नागिनी, नागपुत्री; पुत्रकंदा।

हिन्दी नाम:— लक्ष्मणा, बनकलमी।

मराठी नाम:— आमटी, आमटीवेल।

गुजराती नाम:— हनुमानवेल, गदावेल

कच्छी नाम:– राली गुमड़वेल, गदावेल।

तेलुगु नाम:– मेटा तूती।

अंगेजी नाम:– Spotted Leaved.

लेटीन नाम:–Ipomaea sepiaria.

यह वेल खास करके हमेशा देखने में आती है, लेकिन अधिकतर वर्षा ऋतु में अधिक दिखाई देती है। उनके पत्र गुडूची के पत्र के सदृश असमांतर होते है। कभी कभी एक हो बेलपर दो तरह के पत्ते दिखाई देते हैं। पत्ते तीन कोनेवाले लम्बे एवं नोकवाले भी दिखाई देते हैं। पत्ते को दोनो तहें स्निग्ध, एवं चमकीली रहती है। कोई कोई पान के ऊपर बीचमें नसके पासमें जामूनी कलर की छांट दिखाई देती है। पत्र को मसलने से बकरे के समान गंध आती है। पुष्प गुलाबी रंग के एवं वृन्त लंवा रहता है। पुष्प प्रातः खिलते हैं एवं सायं संकुचित हो जाते है। फल तपकीरर्या रंगके गोल छोटे एवं वृत्त लबा रहता है। फल एवं पुष्प का वृत्त गदा जैसा आकारवाला होने से लोग उनको गदावेल कहते हैं। फल-फूल हंमेशा लगे रहते हैं। फलके अंदर दो-दो ऐसे चार बीज रहते हैं। चारो बीज दो-दो विभागमें एक पतले पर्दे से विभाजित होते है और एक रेशम जेसो श्वेतधागे से चारों बीजों को भिन्न करते है। दी वेलथ ऑफ इन्डिया में चोपरा ने Maxima (Ipomia) Sepiaria koneigex Roxle नाम से वर्णित किया है और गुजरातीमें हनुमानवेलका नाम वर्णित किया है। चोपरा का दिया हुआ वानस्पतिक वर्णन हनूमानवेलसे बिलकुल सादृश्य रखता है।

यह औषध रसमें मधुर, लवणे। गुणमें शीत एवं त्रिदोषघ्न। वीर्य में शीत। विपाक में मधुर एवं गुणमें शीत, सारक, बल्य, वृष्य शूक्रवर्धक, गुरु, पुत्र जनन, वंध्यदोष नाशक, सद्योजात बाल का पोषणकर्ता, बलप्रद, गर्भदा, पुत्रदा, वेल्थ ऑफ इन्डिया में एन्टीआर्सेनीक, रोमेटीजम, अल्सर, वंध्यत्व नाशक एवं ओल्ड एज को वीकनेसता में देना बताया है।

श्वेतकंटकारी का शास्त्रोक्त वानस्पतिक परिचय :

श्वेतकंटकारी का क्षुप छोटी कंटकारीके समान है। फर्क सिर्फ पुष्पके वर्णमें ही है, और वह बहुत कठिनाई से प्राप्त होती है। रा. नि. ने इसलिए उनका दुर्लभा पर्याय वर्णित किया है।

"श्वेता, क्षुद्रा, चन्द्रहासा, लक्ष्मणा, क्षेत्रदूतिका।
गर्भदा, चंद्रमा, चंद्री, चंद्रपुष्पा, प्रियङ्करी ॥३९॥
कंटकारी, सरा, तिक्ता, कटुका दीपनी लघुः ॥४०॥
रुक्षोष्णी पाचनी कास श्वास ज्वर कफानिलात्।
निहंती पीनस पार्श्वपीडाकृमिहृदयामयान् ॥४१।
अथ कंटकारी द्वयम् फल गुणानाह तयोः।
फलं कटुरसे पाके च कटुकं भवेत्।
शुक्रय रेचन, भेदी तिक्तं पित्तघ्नी कृतं लघु।
हन्यात्कफ् मरुतकण्ड कासभेदकृमि ज्वरान् ॥४२॥ (भा. नि.)

श्वेतकंटकार्याः गुणानाह :—

'तद्वत्प्रोक्ता सिता क्षुद्रा विशेषाद् गर्भकारिणी" ॥४३॥

संस्कृत नाम :– श्वेता, चंद्रहासा, लक्ष्मणा, गर्भदा, दुर्लभा, चंद्रमा, चंद्रपुष्पा प्रियकरी, गर्भदाही।

हिन्दी नाम :– छोटी कटेरी

गुजराती नाम :– बडी भोरिगणी

इसकी जाति Solanum Indicum है। इसका क्षुप वेगेंन के सदृश तीन से छे फीट ऊंचा, अनेक शाखा-प्रशाखा युक्त कंटकित होता है। काण्ड और पत्र में दृढ़ और टेढे कांटें होते है। पत्र तीन से छ इंच लम्बे, एक से चार इंच चौडे, लठाकार दंतुर या खंडित रोमश होते हैं। निचले पृष्ठ पर शिराओं पर कंटक होते हैं। पुष्प अनेक शाखायुक्त, पार्श्वक भाग में नील होता है। फल गोल ३/ ३ इंच व्यास का, पकने पर हरे वर्ण से पीला हो जाता है।

इसकी जाति सोलेनम टोरियम स्वार्ट (Sdanum torriam swarta); गुण में लघु, रुक्ष, तीक्ष्ण, कटु रस, विपाक – कटु, वीर्य – उष्ण एवं ज्वर, श्वास, कास, वंध्यत्व दोष को दूर करती है। विशेषतः गर्भकारिणी है।

भावप्रकाश निघण्टु कृष्णचंद्र की टीका में निम्न-औषधि को लक्ष्मणा लेने का वर्णन मिलता है। जिन में (१) Ipomoea Sepiaria koen Fam – Convolaceae (२) Atropamndragora (एट्रोपा मेन्ड्रागोरा) Fam Atro Paceae संभवतः इस वनस्पति का उचित नाम mandrogora Autumnalis Spereng. Fam. Solariaceae (३) Smithia Geminiflora Rath. Fam. Leguminosae (४) Biophytum Sensitivum. Fam. Geraniaceau.

औषध का प्रायोगिक कर्म :

दश सगर्भा स्त्रियों को जिन को दो मास पूर्ण नहीं हुए थे ऐसी सगर्भा स्त्री पर हनुमानवेल की जड़ का रस निकालकर स्त्री के दक्षिण नासा में चार बूंदें पुष्य नक्षत्र में नस्य विधी से डाला गया।

निरीक्षण :– कुल दस सगर्भा पर यह कर्म किया गया। जिनमें दस में से सात स्त्रियों को पुत्र जन्म एवं तीन सगर्भा को पुत्री जन्म हुआ, (तीन स्त्रियों को जिन्हें पुत्री हुई उन्होंने औषधि प्रयोग पश्चात तुरन्त ही वमन कर दिया था।) दस सगर्भा में से चार सगर्भा को पुत्री संतान का वृत्त मिला। सात सगर्भा पुत्र संतान वृत वाली थी। कुल नव सगर्भा संतान वृत्त वाली थी। एक सगर्भा प्रथम सगर्भा थी।

परिणाम :– ७०% लाभ, ३०% अलाभ मिला।

विचारविमर्श :– लक्ष्मणा से क्या लेना, उनके लिए विद्वानों ने जो जो औषध बताये हैं, वह सब लक्ष्मणा से भिन्न हैं, क्योंकि वह सब औषध लक्ष्मणा के पर्याय, रस, गुण, विपाक, वीर्य, गुणधर्म एवं वानस्पतिक वर्णन से भिन्न हैं।

भा. नि. ने श्वेत कंटकारी का वर्णन करके तुरन्त लक्ष्मणा का वर्णन किया है। इसलिए दोनों को भिन्न मान सकते हैं।

पर्याय की ओर देखें तो लक्ष्मणा के जितने पर्याय वर्णित किये गए हैं। वह अन्य औषध में नहीं मिलते। सिर्फ लक्ष्मणा एक ही पर्याय श्वेत कंटकारी के लिए मिलता है, लेकिन वानस्पतिक वर्णन, रस, गुण, वीर्य, विपाक, गुणधर्म लक्ष्मणा से बिलकुल भिन्न है। लक्ष्मणा का पर्याय पुत्रदा बताया हैं, जबकि श्वेतकंटकारी का पर्याय गर्भदा बताया है, यहाँ पर एक पुत्रप्रद है एवं एक गर्भप्रद है। इसलिए दोनों एक दूसरे से भिन्न हैं।

वानस्पतिक वर्णन की दृष्टि से देखें तो दोनों में भिन्नता है। लक्ष्मणा वली है, श्वेतकंटकारी क्षुप है। दोनों के पत्र में, पुष्प मे, पुष्पवृत्त में, वर्ण में, रचना में, फल में, भिन्नता है। इसलिए वह लक्ष्मणा से भिन्न है। हनुमानवेल गुडुची वर्ग में आता है। एवं श्वेत बृहती कंटकारी वर्ग में आता हैं। Ipomoea sepiaria koen को Fam – Convolvalaceae बताया है। रस, गुण, वीर्य, विपाक से देखें तो लक्ष्मणा का जो रस, गुण एवं वीर्य विपाक एवं कर्म शास्त्र में (देखिये चार्ट) वर्णित किया है वह कंटकारी एवं अन्य औषध से नहीं मिलता। लक्ष्मणा का मुख्य गुण पुत्रदा वर्णित किया है। वह गुण अन्य औषध में शास्त्रकारों ने वर्णित नहीं किया। इसलिए लक्ष्मणा से अन्य औषध भिन्न है।

भा. प्र. नि. कृष्ण चद्र को टीका में Ipomoeasepiaria koen, Atropamndragora, Smithia geminiflora एवं Biophyteum Semsifivum लेने का वर्णन है। इन सब शास्त्रों में जो वानस्पतिक वर्णन एवं गुणधर्म मिलता है, उनमें से कई हनुमानवेल से भिन्न है। सर्फ Ipomaea Sepiaria ही हनुमानवेल है। उनका वानस्पतिक वर्णन इन्डियन मेडीसनल प्लांट के रचयिता कीर्तिकार बसुनें एवं वेलथ ऑफ इन्डिया में Ipomaea sepiaria को ही लक्ष्मणा माना है।

लक्ष्मणा के जो वानस्पतिक वर्णन रस, गुण, विपाक, वीर्य, कर्म, दोषघ्नता, वर्णित किये हैं वह सब हनुमानवेल में ही मिलता है। अन्य वनस्पति में मिलता नहीं है। इसलिए हनुमानवेल ही लक्ष्मणा है।

प्रायोगिक कर्म के परिणाम से निश्चित कह सकते हैं कि हनुमानवेल में लक्ष्मणा के सर्व गुण उपलब्ध हैं।

स्व. बापालाल वैद्यने अपने "आदर्श निघण्टु" में हनुमानवेल को ही लक्ष्मणा स्थापित किया है और अन्य औषधि लक्ष्मणा क्यों नहीं है, उनका बहुत अच्छी तरह प्रतिपादन किया हैं।

निष्कर्ष :

आयुर्वेद वाङ्मय में किसी भी वनस्पति को पहचानने के लिए उसके पर्याय, वानस्पतिक वर्णन एवं उसके गुणधर्मो को आधार माना गया है। परंतु कभी–कभी टीकाकारोंने और बाद के ग्रंथकारोंने उसमें संदिग्धता उपस्थित कर दी है। संदिग्धता उपस्थित होने का कारण, आयुर्वेद का वनस्पति को पहचानने के लिए अपना अपना दृष्टिकोण है। जब कि आधुनिक वनस्पति शास्त्र का दृष्टि कोण अलग रहा है। जब किसी वनस्पतिके बारेमें निर्णय करना हो तो पहले किसी एक शास्त्र का अवलंबन लेकर संदिग्धता निवारण की जाती है और दूसरे सब शास्त्र उसकी मदद के लिए उपयुक्त होने चाहिए। लक्ष्मणा इस वस्तु का प्रत्यक्ष उदाहरण है। केवल आयुर्वेद वाङ्मय को देखने से लक्ष्मणा के बारे में कोई संदिग्धता उत्पन्न नहीं होती ऐसा स्पष्ट है।

लक्ष्मणा–हनुमानवेल–श्वेतकंटकारी के पर्याय व गुणधर्म दर्शक तालिका

क्रम	लक्ष्मणा पर्याय	हनुमानवेल पर्याय	श्वेतकंटकारी प.	ल.रस	ल.वि.	लक्ष्मणा गुणधर्म	श्वेत कं. पर्याय	श्वेत कं. रस	श्वेत कं. गुणधर्म
१. सं.	लक्ष्मणा	+	+	मधुर	मधुर	शीत	श्वेतलक्ष्मणा	तिक्त	१. लघु
२. "	पुत्रदा	+	–	लवण		सारक	श्वेता	कटु	२. सर
३. "	पुत्रजननी	+	–			गुरु	क्षेत्रद्रुति		३ गर्भदा
४. "	पुत्ररंजनी	+	–			वृष्या	शीत		४. चक्षुष्या
५. "	तुलिनी	+	–			वल्य	शीतक्षुद्रा		५ दीपनीय
६. "	नागिनी	+	–			पुत्रजननी	क्षुद्र		६. श्वेता
७. "	नागपुष्पी	+	–			वंध्यत्व–			
८. "	पुच्छदा	+	–			निवारणी	वार्तांघ्नी		७. दुर्लभा
९. "	समञ्जका	+	–			सद्योजात	सिता		८. पार्श्वशूल
१० "	रक्तविंदुच्छदा	+	–			कुमारपोषक	वलीना		९. कास
११. "	बस्तगंधाकृति	+	–			बलप्रद	वार्ताकि		१०. श्वास
१२. "	पुत्रकाकार	+	–			गर्भदा	क्षेत्रजा		११. वंध्यत्व निवा-
१३. हि	लक्ष्मणा	+	+			पुत्रदा	कपटेश्वरी		रक
१४. "	बनकलमी	+	–			त्रिदोषघ्न	रामा		१२. कफघ्न
१५. गु	हनुमानवेल	+	–			Anti Aresani	महौषधि		१३. वातघ्न
१६. क.	गुमड़वेल	+	–			and			
१७. बे.	मेटावुती	+	–			Rheumatism	गंदर्भा		
१८. म.	आमटीवेल	+	–			Alcercer	चंद्रिका		
१९. अं.	spotted leaved	+	–			Starility	चांद्रि		
२०. ले.	Ipomaea sepiaria	+	–			InWoman	चंद्रपुष्प		
२१. सं.	पुत्रकंदा	+	–			Removes	प्रियंकरी		
						effective	नाकुली		
						old age	दुर्लभा		
						weakness	रास्ना		

* * *

सोम

लेखक : **वैद्य आदित्य भाई पटेल**
एम. ए. (द्वय) आयुर्वेद रत्न, आयुर्वेद उत्तमा
२६, रत्नापार्क सोसायटी, विभाग-१
घाटलोडिया, अहमदाबाद ३४००६१

सोम क्या है और कहाँ होता है, इस विषय में विश्व के अनेक विद्वानों ने अथक प्रयत्न किये हैं । सोम की शोध अनादि काल से आजतक चली आ रही है । सोम के लिये आजतक बहुत सी वनस्पतियों के नाम बतलाये जा चुके हैं, फिर भी यह प्रश्न ज्यों का त्यों रह गया है । सोम खोजने का कार्य आज भी जारी है । वेदों और सुश्रुत संहिता में सोम के वर्णित गुण और विशिष्ट लक्षणों के कारण, उनसे सामंजस्य प्राप्त नहीं होता, एवं इन्हें सर्वसम्मति से सोम नहीं माना गया, इसलिये सोम आज भी संदिग्ध द्रव्य रहा है ।

सोम का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है । ऋग्वेद के मण्डल १ के सूक्त ९१ में सोम की प्रशस्ति एवं स्तुति इस प्रकार की गई है—"हे सोम ! युद्ध में अपराजित; सेना में बल बढानेवाले, जल की वृष्टि करनेवाले, संकटकाल में रक्षा करनेवाले, कीर्तिमान और विजय स्वरूपवाले तुमको देखकर मुझे आनंद होता है ।"

ऋग्वेद के नवम मण्डल में ११४ सूक्तों में सोम की स्तुति की गई है । ऋग्वेद के दूसरे, तीसरे और पाँचवें मण्डल में सोम के नाम से सोमरस का ग्रहण किया गया है और उसका उद्भव-स्थान पर्वत बताए गये हैं । यहाँ पर हमारा अभिप्राय सोम नामक वनस्पति का ग्रहण करना है ।

यजुर्वेद में भिन्न-भिन्न तेरह अध्यायों में क्रिया कांड के प्रसंग पर मंत्रों द्वारा देवताओं की प्रशस्ति के साथ सोम रस की आहुति देने का विधान है ।

अथर्ववेद में ग्यारह कांडों में सूक्तों द्वारा सोम का विशिष्ट प्रकार से वर्णन किया गया है ।

सोम अमृतधारा बहाकर, समग्र सृष्टि को स्वास्थ्य प्रदान करनेवाला, आयुष्य देनेवाला, ऐश्वर्य प्रदान करनेवाला एवं वनस्पति सृष्टि का अधिपति माना गया है ।

सोम के ज्योति, इन्दु, मधु, सहस्रबल्लभा, हरित, भ्राजमान, हिरण्य, महिश्रवा, यक्षक्रतु, अमर्त्य, योनिः, पवमान, पुरुव्रतः, इन्द्रपीतः, शुचि, अमित्रहा, मदच्युत्, वह्नि, देवयुः, मत्सरः, वैयाशाखः, आदि पर्याय मिलते हैं ।

सोम के प्राप्ति-स्थान एवं स्वरूप के संदर्भ में ऋग्वेद में निम्न माहिती मिलती हैं ।

१) यह पर्वतों की चोटी पर उगनेवाला है, विशेषकर मुंजवान पर्वत पर इसकी उत्पत्ति होती है ।
२) यह पर्वतों में मिलनेवाली वनस्पति है ।
३) सोम हरित और सुनहरे वर्ण का होता है एवं अरुण वर्ण का भी पाया जाता है ।
४) सोम की शाखाओं को कूटकर सोम रस निकाला जाता है ।
५) सोम मधुर, सुगंधित एवं मदकारी होता है ।
६) सोम रस को दूध, दही एवं यवमंड के साथ मिलाकर पीना चाहिये ।
७) सोम रस का पान मेधावी लोग करते हैं, जो कि मद्य नहीं है ।

इस प्रकार के कई संदर्भ सोम के बारे में मिलते हैं ।

वेदों के बाद 'शतपथ ब्राह्मण' ग्रंथ में सोम का अभाव होने का निर्देश मिलता है। सोम के अभाव में 'आदारी' नामक वनस्पति का प्रयोग करने का निर्देश मिलता है। 'तांड्य ब्राह्मण' ग्रंथ में लिखा है कि—"यदि सोमं न विन्देयुः पूतिकानभिषुणुयु: यदि पूतिकानर्जुनादि।" इस पर से पता चलता है कि ब्राह्मण काल में सोम दुष्प्राप्य बन गया था और सोम के अभाव में 'पूतिक' नामक वनस्पति का और 'पूतिक' वनस्पति के अभाव में 'अर्जुन' का प्रयोग करने का विधान किया गया है।

सुश्रुत संहिता के चिकित्सा स्थान के २९ अध्याय में सोम का विस्तृत रूप से वर्णन मिलता है।

यह सोम एक प्रकार का होते हुए भी स्थान, नाम, आकृति एवं वीर्य भेद से २४ प्रकार का होता है।

१) अंशुमान २) मुंजवान् ३) चंद्रमा (४) रजतप्रभ ५) दुर्वासोम ६) कनीयान ७) श्वेताक्ष ८) कनकप्रभ ९) प्रतानवान् १०) तालवृन्तः ११) करवीर १२) अंशवान १३) स्वयंप्रभ १४) महासोम १५) गरुडाहृत् १६) गायत्र्य १७) त्रैष्टुभ १८) पाङ्कत १९) जागत २०) शाङ्कर २१) अग्निष्टोम २२) रैवत २३ त्रिपदा २४) उडुपति।

सुश्रुत ने सोम के २४ प्रकारों का वर्णन करते हुए स्पष्ट किया है कि सोम प्राय: लता, प्रतान, क्षुप एवं कन्द भेद से होता है जिसका प्रयोग ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य सभी कर सकते हैं। अंशुमान सोम घृत की गंधवाला, रजतप्रभ कन्द सदृश होता है। मुंजवान् सोम केले के कंद सदृश एवं लहसून के पत्र के समान होता है। चन्द्रमा तथा कनकप्रभ सोम सदा जल में रहते हैं। गरुडाहृत् एवं श्वेताक्ष सोम सर्प की कैंचुल के समान तथा पांडुर वर्ण का और वृक्ष के अग्रभागों पर लटका रहता है।

सुश्रुत ने सोम को महत्‌रूप से कन्द सदृश एवं दुग्धयुक्त माना है। कुछ भेदों में लता सदृश तथा अनेकों पत्रवाला माना है।

सुश्रुत संहिता के आधार से सोम हिमालय; अर्बुद, सह्याद्रि, महेन्द्राचल, मलयगिरि, पारियात्र, देवगिरि, विन्ध्याचल, श्रीशैल, इत्यादि पर्वतों पर होनेवाली वनस्पति बतलाई गई है।

वितस्ता नदी के उत्तर में जो बहुत बड़े पाँच पर्वत हैं उनके मध्य भाग में सिन्धु नदी के प्रदेश में अंशुमान तथा मुंजवान् नाम के सोम मिलते हैं। उसी तरह कश्मीर में सरोवरवाले प्रदेश में गायत्र्य, त्रैष्टुभ, पाङ्कत, जागत और शाङ्कर नामक सोम प्राप्त होते हैं। चंद्रमा नामक सोम सिन्धु नदी में शैवाल सदृश तैरता है।

सोम के पन्द्रह पत्ते होते हैं। पूर्णिमा के दिन पन्द्रह पत्ते पूरे होते हैं। और कृष्ण पक्ष की शुरुआत से प्रतिदिन एक-एक करके पत्ता गिरता जाता है और अमावास्या के दिन एक भी पत्ता नहीं रहता है। अमावास्या के बाद शुक्ल पक्ष की शुरुआत से प्रति दिन एक एक करके पत्ता पैदा होता है और क्रमशः बढ़ते-बढ़ते पूर्णिमा के दिन पंद्रह पत्ते उगते हैं। यथा—

"सोमो नाम औषधि राजः पञ्चदश पर्वा सोम एव हीयते वर्धते च"।

सोम के गुण धर्मों के सम्बन्ध में सुश्रुत का कहना है कि सोम का उपयोग आदिकाल से ही जरा एवं मृत्यु को दूर करने के लिये किया जाता है। सोम के सेवन से जरा नष्ट हो कर नया शरीर बन जाता है। सुश्रुत ने सोम को 'औषधि-राज' कह कर उसकी प्रशस्ति की है। सोमपान करने से कहीं नशा होने का, उन्माद और बेहोशी पैदा होने का उल्लेख नहीं मिलता, मगर सोमपान को अद्भुत स्फूर्ति और चेतना का अनुभव करानेवाला पानक बतलाया गया है।

पारसी लोगों के प्राचीन धर्मग्रंथ 'जंद अवस्ता' में 'होम' नामक द्रव्य का अनेक स्थलों पर उल्लेख मिलता है। प्राचीन पारसी लोग यज्ञ-यागादि में 'होम' का उपयोग करते थे। काल और प्रदेश परिवर्तन के साथ 'स' वर्ण का 'ह' में परिवर्तन होना स्वाभाविक है। जैसे सप्त सिंधु शब्द का 'हप्त हिंधु' में रूपांतर हुआ। उसी प्रकार सोम का परिवर्तन 'होम' शब्द में हुआ होगा।

सोम का वर्णन चरक संहिता में भी मिलता है। वेदोक्त सोम और संहितोक्त सोम में क्या भद है यह निम्नानुसार तालिका से स्पष्ट हो सकता है।

वेदोक्त सोम	**सहितोक्त सोम**
१) सोम सेवन से नवीन दन्त, नख, केश आने लगते हैं ।	१) सुश्रुत के मतानुसार भी सोम के सेवन से कुछ दिन बाद नवीन दांत, नख् एवं केश आने लगते हैं ।
२) सोम पान से चौथे दिन शोथ होता है एवं संपूण शरीर से कृमि निकलने लगते हैं ।	२) सुश्रुत के मतानुसार सोम के सेवन के बाद कृमिमिश्रित रक्त आने लगता है एवं वमन आरंभ होता है ।
३) वेद सोम को हरित मानता है तथा क्षुप या वृक्ष स्वरूप का मानता है ।	३) सुश्रुत सोम को कंद सदृश, दुग्धयुक्त लता एवं वृक्षावलम्बो वनस्पति मानता है ।
४) वेदोक्त सोम की शाखाओं को उलूखल में कूट कर रस निकाला जाता है । वेद में सोम को कन्द नहीं माना है ।	४) संहिता ग्रंथों में सोम का लता के रूप में प्रायः उल्लेख मिलता है । कंद में से सोने की सूई से भेद कर दुग्ध निकालने को कहा है ।
५) वेद में वर्णित सोम में पत्र घटते-बढ़ते रहने का वर्णन नहीं है ।	५) संहिता ग्रंथों में सोम के पत्र शुक्ल पक्ष में बढ़ते हैं एवं कृष्ण पक्ष मे घटते हैं ।

सोम का आकार तथा स्वरूप सम्बन्धी वर्णन ऋग्वेद में नहीं मिलता, केवल इसके गुण, स्तुति, बनाने की विधि तथा इसके प्राप्ति स्थानों का वर्णन इत्यादि मिलता है ।

सुश्रुत संहिता में इसके आकार, रूप, भेद, प्राप्ति स्थान तथा गुणों का वर्णन किया गया है । परन्तु आजतक वैज्ञानिक तथा शोधकर्ता सुश्रुत के मतानुसार बतलाई गई कोई भी ऐसी वनस्पति प्राप्त नहीं कर सके, जिसको सोम माना जा सके । केवल अनुमान के आधार पर शोधकर्ताओं ने कई वनस्पतियों को सोम कहा ।

निम्नानुसार वनस्पतियों को शोधकर्ताओं ने सोम मानने का अपना मत प्रकट किया है ।

१) डॉ. वाटने–Sarcostemma Vimanalis नामक वनस्पति (अर्क कुल) को सोम माना है ।

२) नानाभाई तथा रुस्तमजीने–Sarcostemma Acidium नामक वनस्पति—अर्क कुल–को सोम माना है ।

३) डॉ. चोपड़ा–Tinospora Cordifolia गिलोई को तथा Ruta graveolens सिताब को सोम माना है ।

४) डॉ. मायर्स, चुनेकर तथा डॉ. जे. एस. श्रीबास्तव ने Ephedra Sp. को सोम माना है ।

५) कुछ शोधकर्ताओं ने – Cannabis Sativa – भाँग को तथा Vitis Vimifera – द्राक्ष को सोम माना है ।

६) मेक्समूलर तथा लुसिगटन ने 'जन्द अवस्ता' ग्रंथ में वर्णित 'होम' तथा आर्यों का सोम एक ही है और वह Sarcostemma Viminale है ऐसा मानते हैं ।

७) कुछ विद्वानों ने – Periploca Aphylla – अर्ककुल – वनस्पति को तथा Peganum Harmala – हरमल (सिताब कुल) वनस्पति को सोम माना है ।

८) डॉ. एइचीरुन ने Ephedra Pachyclade – Gnetaceae Family – को सोम माना है जो 'हम हमा' नाम से जाना जाता है ।

९) डॉ जोसेफ बोर्नमूलर – Ephedra Distachya – Gnetaceae Family – की वनस्पति को सोम मानते हैं ।

१०) डॉ. एम. पी. पंडित अपने ग्रंथ – 'Mistic Approach to the Veda & Upnishadas' में लिखते हैं कि "The Soma Plant was one of the milk weeds or Asclepidius Acida Probably – Sarcostemma Viminalis, which grew on the mountains".

११) श्री जयकृष्ण इन्द्रजी ठाकर अपने 'वनस्पति वर्णन' नामक ग्रंथ में Sarcostemma Brevistigma – अर्ककुल – वनस्पति को सोम मानते हैं, जो पर्वतीय भूमि में उत्पन्न होती है।

१२) आचार्य यादवजी त्रिकमजी Ephedra Vulgaris तथा Ephedra gerardiana नामक वनस्पतियों को सोम मानते हैं, जो Gnetaceae कुल की वनस्पतियाँ हैं।

१३) डॉ. वामनजी देसाई – Ephedra sp. की वनस्पति को सोम मानते हैं।

१४) डॉ. बलवन्त सिंहजी ने Ceropegia Bulbosa – पातालतुंबी नामक वनस्पति को सोम माना है।

१५) डॉ. रिचर्ड गार्डन वासन ने अपने 'Soma of Rigveda' नामक ग्रन्थ में Amanita Muscaria – मशरूम (कुकुरमूता) को सोम माना है।

१६) डॉ. नारायण स्वामी तथा उस्मान अली ने Ceropegia की जातियों को सोम का स्रोत माना है।

१७) श्री गोकलदास बांमडाई अपने 'वनस्पति सृष्टि' नामक ग्रंथ में Periploca aphylla को सोम बतलाया है।

१८) आचार्य श्री बापालालजी शाह ने Sarcostemma Brevistigma, Periploca aphylla तथा Ephedra Vulgaris वनस्पतियों को सोम माना है।

ऋग्वेद के समय की सोम वनस्पति के विषय में हम आज के समय में निश्चित रूप से नहीं मान सकते। ऋग्वेद कालीन सोम और संहिता काल के सोम में बहुत अंतर आ गया है। ऋग्वेद में वर्णित सोम क्षुप या वृक्ष रूप में बतलाया गया है, उसको कंद नहीं माना गया है। जबकि सुश्रुत संहिता में सोम कंदवाला, वेल जैसा तथा दुग्ध जैसे रसवाला बतलाया गया है। उस पर से हम इस निर्णय पर आते हैं कि ऋग्वेद का सोम और सुश्रुत संहिताकालीन सोम अलग-अलग वनस्पतियाँ हैं। ऋग्वेद में एक ही सोम का वर्णन है। उसके अनेक प्रकार नहीं बतलाये गये हैं, और सोम ऊँचे पहाड़ों में होनेवाला, स्वाद में मधुर और सुगंधवाला तथा मदकारी बतलाया है। सोम की शाखा, प्रशाखाओं को उलूखल में कूट कर रस निकालने का वर्णन है, उस पर से हम इस निष्कर्ष पर आ सकते हैं कि यह सोम लता स्वरूप की नहीं है किन्तु क्षुप या वृक्ष स्वरूप का हो सकता है।

'शतपथ ब्राह्मण' ग्रंथ के काल में ऋग्वेद का सोम दुष्प्राप्य हो गया था। इसलिये सोम का प्रतिनिधि द्रव्य लिया जाता था। सोम के अभाव में 'आदारी' पूतिक तथा अर्जुन वगैरह वनस्पतियों को प्रतिनिधि द्रव्यों के रूप में लेने का विधान यह स्पष्ट करता है कि ऋग्वेद कालीन सोम का अभाव हो गया था।

सुश्रुत संहिताकाल में सोम का स्वरूप ही बदल गया। ऋग्वेद कालीन क्षुप या वृक्ष स्वरूप का सोम विस्मृत हो गया था या उसका अभाव हो गया हो। सुश्रुत संहिता काल में आर्यों को सोम का नये सिरे से खोजना पड़ा। इसलिये ऋग्वेदकालीन सोम और संहिताकालीन सोम में असमानता देखने को मिलती है। सुश्रुत कालीन सोम का स्वरूप लता सदृश, कन्दवाला तथा दुग्धवाला बतलाया गया है। सुश्रुत कालीन सोम के पत्र शुक्ल पक्ष में एक एक करके बढते हैं तथा कृष्ण पक्ष में एक एक करके घटते हैं। यह पत्र घटने–बढने का विधान तर्कसंगत नहीं लगता। इस विधान में अतिशयोक्ति हो सकती है या व्यंजनात्मक अर्थ रखनेवाला विधान हो सकता है। कई वनस्पतियाँ ऐसी होती हैं जिनको पत्र आते हैं और अल्प काल में ही गिर जाते हैं, ऐसी वनस्पति को देख कर पत्र बढने–घटने का भाव लिया गया हो।

सुश्रुत संहिताकाल में वर्णित सोम लता स्वरूप की, कन्दवाली तथा सफेद दुग्धवाली बतलायी गई है। दुग्धवाली और लता स्वरूप की वनस्पतियाँ अर्ककुल की होती हैं मगर इन वनस्पतियों का कंद नहीं होता। कंद में से सोने की सूई से दुग्ध निकालने का वर्णन सुश्रुत संहिता में लिखा है।

सुश्रुत संहिता में २४ प्रकारों का सोम बतलाया गया है। ये २४ प्रकार के सोम अलग-अलग वनस्पति होना संभव नहीं है। अलग अलग वनस्पतियों को समान गुण और समान स्वाद और गंधवाली नहीं मान सकते। ये २४ प्रकार के सोम स्थान, आकार या विशिष्ट रंग के द्योतक हैं। जैसे – रैवताचल पर होनेवाले सोम को रैवत सोम तथा मुंजवान पर्वत पर होनेवाले सोम को मुंजवान सोम कहा जाता था। कनकप्रभ, स्वयंप्रभ, अंशुमान्, चंद्रमा, रजतप्रभ वगैरह नाम विशिष्ट गुण या आकार को देख कर रखे गये हों ऐसा मालूम पडता है। इस तरह एक ही सोम के अलग अलग अनेक नाम रखे गये हों, ऐसा हम मान सकते हैं।

सोम का विनिश्चय करने में-(१) वह पत्र विहीन या अल्प पत्रवाला क्षुप या गुल्म है (२) वह पत्र विहीन या अल्प पत्रवाली लता है, जिस में से दुग्ध मिलता है। दोनों वनस्पतियाँ पहाड़ में होनेवाली हैं।

इस सिद्धांत को ले कर विचार करें तो हमारी दृष्टि में Gnetaceae कुल की वनस्पतियाँ तथा Asclepiadaceae कुल की वनस्पतियाँ लक्ष्य में आती हैं।

पारसी लोगों के प्राचीन धर्म ग्रंथ 'जंद अवस्ता' में यज्ञ–यागादि में 'होम' नामक द्रव्य का उपयोग बतलाया है। वह 'होम' ऋग्वेद कालीन 'सोम' से समानता रखती हो ऐसा लगता है। मध्य एशिया में से आर्यों की एक टोली भारत के सप्त सिंधु प्रदेश में आयी, और दूसरी टोली जो ईरान में गई वह पारसी कहलाये। दोनों के यज्ञ में सोम का प्रयोग होता था, यह 'जंद अवस्ता' और वेदों के विद्वानों से प्रमाणित होता है। प्राचीन पारसी लोग ईरान में 'होम' का उपयोग करते थे। यह 'होम' और 'सोम' एक ही वनस्पति है या नहीं यह सोचना चाहिये। ईरान में 'हुम-हुम' नाम की वनस्पति होती है, जिसका उपयोग यज्ञ–यागादि में प्राचीन पारसी लोग 'होम' नाम से करते थे। वलूचिस्तान में उस वनस्पति को 'उमान' नाम से जानते हैं। अफगानिस्तान में इसको 'हुम' तथा 'यहेम' नाम से जानते हैं। यह वनस्पति बलोचिस्तान, ऊफगानिस्तान एवं ईरान के पहाड़ी प्रदेशों में होती है, और ऋग्वेद कालीन सोम से मिलती है। यह Gnetaceae कुल की Ephedra Vulgaris तथा Ephedra gerardiana वनस्पति से मिलती है। ये दोनों बनस्पतियाँ कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, ईरान, बलोचिस्तान एवं अफगानिस्तान के पहाड़ी प्रदेशों में होती हैं। इसी कुल की Ephedra sinica तथा Ephedra equisetine चीन प्रदेश में होती हैं।

ये क्षुप आकार के पौधे हैं और १½ से ३ फीट तक ऊँचे होते हैं। इनके काण्ड पतले और कई पर्वों से जुड़े होते हैं। इनके मूल से कई कांड निकलते हैं और इनसे शाखाएँ फूटती हैं। इनमें पत्र कम दिखाई पड़ते हैं। आमतौर पर कांड ही दिखाई पड़ते हैं।

यह बनस्पति आजकल सोम नाम से प्रयुक्त होता है, जिसमें से एफेड्रीन नामक तत्त्व निकाला जाता है जो श्वास रोग की प्रचलित औषधि है।

अर्कादिकुल Asclepiadaceae Family की वनस्पतियों का अभ्यास करें तो हमारे सामने १) Periploca Aphylla २) Sarcostemma Brevistigma दो वनस्पतियां आती हैं। दोनों वनस्पतियों में से दूध जैसा द्रव निकलता है, दोनों लता स्वरूप की हैं तथा दोनों को पत्र नहीं होते हैं। कभी-कभी बहुत कम पत्र, अल्प काल के लिये देखने को मिलते हैं। Periploca Aphylla को वहुत कम पत्र अल्पकाल के लिये होते हैं इसलिये इसका नाम Aphylla पड़ा है। Periploca aphylla मध्य एशिया में वहुतायत से होती है। यह गुल्म जैसा पौधा होता है। यह ३ से ५ फीट ऊँची होती है और वाद में गुल्म जैसा आकार धारण करती है। उसमें से अनेक कांड निकलते हैं, जो हरे रंग के और रसवाले होते हैं। फल अत्यन्त सुन्दर, सुगंधवाले और आधे इंच के व्यासवाले जामुनी रंग के होते हैं। उसको दो सींगें आमने–सामने लगती हैं जो शुरू से अग्रभाग की ओर पतली होती जाती हैं। बीजों को रूई जैसे रेसे लगे हुए होते हैं।

यह वनस्पति गुजरात के कच्छ जिले में बड़े पैमाने पर होती है। उसमें से रस निकलता है; इसलिये इसका स्थानीय नाम 'थोरीयो' है तथा पशु के सींग जैसे दो फल (सींग) लगने से उसको 'शिंगडीयो' भी कहते हैं। उसकी शाखाओं में से दूध निकलता है, इसलिये उसको 'छीरीदार खीप' नाम दिया गया है।

उसके फूलों को खाने से द्राक्ष जैसा मधुर स्वाद मिलता है। वहाँ के लोग उसके फूलों को बड़े चाव से खाते हैं। यह वनस्पति वातहर है।

अर्कादिकुल की दूसरी वनस्पति – Sarcostemma Brevistigma भी लक्ष्य में ली जा सकती है। यह वनस्पति कच्छ जिले के पहाड़ी प्रदेशों में अमतौर पर होती है।

उसका स्थानीय नाम – सांठियावेल, शीरोडी, चीरोडी तथा थोरवेल है। थूहर की माफिक उसकी शाखा से दूध निकलने से उसका नाम 'थोरवेल' पड़ा है। यह लता के आकार की होती है। उसमें से क्षीर (दूध) निकलता है, इसलिये इसको 'शीरोडी' तथा 'चीरोडी' भी कहते हैं। उसकी शाखायें खुरासानी थूहर जैसी लंबी होती हैं। शाखाओं का रंग

आसमानी और फीका हरा होता है। यह थूहर, करीर जैसे कांटेवाले क्षुपों के साथ उगता है। उसकी शाखायें पतली, सख्त, गोल और चमकदार होती हैं। शाखायें शुरू में मोटी और अग्र भाग में पतली होती जाती है। उसको पत्र बहुत कम होते हैं, परन्तु जल्द ही गिर जाते हैं।

उसको सफेद फूल होते हैं। फूल की सुगंध मोगरे जैसी मधुर होती है। उसकी लम्बाई आधे इंच व्यास की होती है।

उसकी शाखाओं से सफेद दूध निकलता है, जो थूहर जैसा तीक्ष्ण नहीं होता किन्तु थोडा सा खट्टा होता है। इसलिये वहाँ के लोग तृषा मिटाने के लिये शाखाओं को चूसते हैं, ऐसा रोक्स वर्ग ने लिखा है। इस वनस्पति का उपयोग गठिया रोग में क्वाथ रूप से पीने के लिये किया जाता है।

उसकी सींग ४ से ५ इंच लम्बी और $\frac{1}{3}$ इंच मोटी होती है। शुरुआत में मोटी और अग्र भाग में पतली होती है। उसमें रूई जैसे रेसायुक्त बीज होते हैं।

Sarcostemma Brevistigma – सांठियावेल गुजरात के कच्छ जिले में तथा दक्षिण भारत में पहाड़ी प्रदेश में होती है। यह वनस्पति मध्य एशिया तथा हिमालय के भागों में देखने को नहीं मिलती।

Periploca aphylla वनस्पति गुजरात के कच्छ जिले में होती है तथा बलोचिस्तान, अफगानिस्तान तथा ईरान में होती है मगर यह वनस्पति दक्षिण भारत में नहीं होती।

सोम के अभाव में Periploca aphylla का शुरुआत में प्रयोग किया जाने लगा होगा। आर्य लोग ज्यों-ज्यों दक्षिण भारत की ओर खिसकते गये त्यों-त्यों Periploca Aphylla के बदले Sarcostemma Brevistigma का उपयोग करने लगे।

इस क्रम को हम इस तरह लगा सकते हैं। सबसे पहले सोम Ephedra Vulgaris तथा Ephedra gerardiana रहा होगा, उसके बाद सोम के अभाव में periploca aphylla का उपयोग होने लगा तथा बाद में तीसरे क्रम में Sarcostemma Brevistigma का प्रयोग होने लगा होगा।

गुजरात के द्वारका यात्रा धाम के आसपास के प्रदेश में से सोम रस निकालने के लिये उपयोग में आनेवाले बड़े-बड़े आकार के पुराने पत्थर के उलूखल प्राप्त हुए हैं।

द्वारका के पड़ोस के कुशस्थली प्रदेश में से सोम रस तैयार करने के पत्थर के बड़े-बड़े उलूखल, सोम रस संचय करने का पात्र-द्रोण–तथा सोम रस का पान करने का पात्र–पोतृ वगैरह पथ्थर के सामान मिले हैं, जो सोम रस की प्रक्रिया के साक्षी हैं।

महाभारत काल में द्वारका प्रदेश महत्व का स्थान रहा था। द्वारका प्रदेश ऋषिमुनियों की भूमि थी। उस काल में ऋषि-मुनियों द्वारा यज्ञ करने का तथा उस धार्मिक पर्व पर सोम रस पान की बहुत बडी महिमा रही होगी, इस क्रिया के लिये बड़े-बड़े पत्थर के उलूखल, पत्थर के द्रोण, तथा पोतृ वगैरह साधनों को काम में लाये गये होंगे।

इस संशोधन के आधार पर हम कह सकते हैं कि द्वारका प्रदेश में सोम रस के लिये प्रचुर मात्रा में सोम वनस्पति प्राप्त होती होगी, इसमें कोई संशय नहीं है।

द्वारका के आसपास के प्रदेश में एवं कच्छ के प्रदेश में Sarcostemma Brevistigma-सांढियावेल तथा periploca aphylla–शिंगडियो दोनों वनस्पतियाँ आज भी होती हैं। इस पर से हम मान सकते हैं कि इन दोनों वनस्पतियों का उपयोग सोम रस प्राप्ति के लिये किया जाता होगा।

इनके अलावा जिन वनस्पतियों को सोम माना गया है, उन वनस्पतियों के बारे में सोचें।

डॉ. चोपडाने Tinospora Cordifolia (संस्कृत-अमृता, हिन्दी–गिलोई) को सोम माना है, यह तर्कसंगत नहीं लगता, क्यों कि यह वनस्पति स्वाद में कड़वी है तथा उसको हृदयाकृति के बड़े बड़े पत्ते होते हैं। इस वनस्पति में से दूध नहीं निकलता।

Ruta graveolens–सिताब को सोम माना गया है, यह निरर्थक है क्यों कि यह क्षुप है, जिसका रस मधुर नहीं है।

Cannabis Sativa–भांग को सोम मानना को तर्कपूर्ण नहीं है, क्यों कि इस वनस्पति का रस उन्मादकारी है, जिसमें सोम जैसा गुण नहीं है तथा इसके रस में भी मधुरता नहीं होती।

डॉ. वलवन्तसिंहजीने Ceropegia Bulbosa–पातालतुम्बी को सोम माना है, परन्तु यह भी तथ्यपूर्ण विधान नहीं है, क्यों कि उसके रस में मधुरता नहीं होती तथा उसमें मे सफेद दूध नहीं मिलता। यह वनश्पति पहाड़ी में नहीं होती वल्कि राफड़ा में होती है और विषैली है।

डॉ. रिचर्ड गार्डन वासनने Amanita Muscaria मशरूम या कुकुरमूता को सोम माना है जो फंगस कुल की वनस्पति है। उसकी निर्विष और विषैली दो किस्म होती हैं। इसमें से दूध नहीं मिलता एवं क्षुप स्वरूप अथवा लता स्वरूप को भी नहीं है, इस लिये यह भी सोम नहीं है। उसमें से मधुर रस भी नहीं मिलता तथा वह हरित वर्ण की भी नहीं है। वह वनस्पति पराश्रयी छत्रक तथा भूमि छत्रक के रूप में होती हैं, जिसका सोम के आकार तथा गुण के साथ मेल नहीं खाता। इस लिये इसको भी सोम नहीं मान सकते।

पहले बतलायी गई](१) Ephedra Vulgaris (२) Periploca Aphylla (३) Sarcostemma Brevistigam–सोम हो सकती हैं।

* * *

अशोक संदिग्धता निवारण

लेखक : **(१) श्रीमती पी. आर. आचार्य**
प्राध्यापिका – बी. एस. ए. एम.
सरकारी आयुर्वेद कालेज (जूनागढ़)

(२) डा. आर. एन, आचार्य
रीसर्च आसी., आर. आर. आइ.
(जूनागढ़)

(३) वैद्या कु. एम. पी. वेरैया एम. डी.
प्राध्यापिका – सरकारी आयुर्वेद कालेज (जूनागढ़)

प्रस्तावना :

आयुर्वेद के चिकित्साशास्त्र में आचार्यों द्वारा वहुत सी औषधियों का वर्णन किया गया है। चिकित्सक की सफलता का मुख्य आधार इन औषधियों के ऊपर है। अगर चिकित्सक को औषधियों का नाम, स्वरूप, गुणादि का ठीक से ज्ञान होगा, तभी वह पूर्णरूपेण सफलता प्राप्त कर सकेगा। महर्षि चरक ने भी लिखा है कि--

औषधं ह्यनभिज्ञातं नामरूपगुणैस्थितिः। विज्ञातं चापि दुर्युक्तमनर्थायोपपद्यते ।।

जिस औषध का नाम, स्वरूप तथा गुण तीनों ज्ञात न हो, अथवा ज्ञात होने पर भी जिसका प्रयोग असम्यक् हो तो वे दोनों अनर्थकारी हैं, इसलिये औषध को रोगी को देने से पूर्व ठीक से जानना अत्यंत आवश्यक बन जाता है, क्योंकि महर्षि चरक ने आगे भी कहा है--

यथा विषं यथा शस्त्रं यथाग्निरशनिर्यथा। तथौषधमविज्ञातं विज्ञातं अमृतं यथा ।।

अविज्ञात औषधि उसी प्रकार प्राणघातिका होती है जिस प्रकार विष अस्त्र अग्नि या इन्द्र का वज्र प्राण को हर लेते हैं। इसके बिपरीत जानी हुई औषधि अमृत के समान प्राणरक्षिका होती हैं। (च.सु. १)

इसलिये औषध का उपयोग जान पहचान करके करना बहुत जरूरी है, लेकिन कई औषध ऐसे हैं जिनका उपयोग चिकित्सा में – शास्त्र में वर्णित होते हुए भी नहीं किया जाता, क्योंकि उन औषधियों की संदिग्धता की वजह से असली औषध की जान पहचान नहीं होने से चिकित्सक गण को कौनसा औषध चिकित्सा में प्रयुक्त करना चाहिए ? इसकी द्विधा उत्पन्न होती है और फिर हम स्त्री चिकित्सक होने के नाते से हमारे पास रक्त प्रदर की अनेक रुग्णायें चिकित्सा के लिये आती हैं। शास्त्र में अशोक को असृग्दर की चिकित्सा में वर्णित किया है, लेकिन अशोक से कई लोग आसोपालव (Polyalthia Longifolia) भी लेते हैं, इसलिये असली अशोक क्या है जो तीव्र असृग्दर का नाश करता है यह जानना जरूरी है।

प्रस्तुत विषय में हमने अशोक की संदिग्धता निवारण करने का प्रयास किया है। यहाँ प्रथम असली अशोक (Saraca Indica) का और बाद में दूसरे अशोक (Polyalthialongifolia) का संक्षेप में वर्णन दिया है। शास्त्र में असली अशोक के लिये निम्न वर्णन मिलता है--

संस्कृतनामः– अशोक, शोकनाशन, स्मराधिवास, कङ्केलि, मधुपुष्प, वंजुल द्रुम, रक्तपल्लव, कान्ताङ्घ्रिदोहद।

हिन्दी, मराठी, गुजरातीः– अशोक–मल, अशोकम्, ते–अशोकमु, ता.- अशोघम, अमोकम, ले- Sarca Indica Linn.

Fam:– Legaminosae.

निरुक्तिः– वञ्जुल – व्रजति गच्छति शीतलत्वादि गुणविशेषं इति।

यह शीतलकारी विशिष्ट गुणों को धारण करता है।

"अशोक शोक नाशनं इति"। यह अनेक रोगियों के दुःखों को – शोक को नष्ट करता है।

कंङ्केलि कंङ्को पयः स इव इलति। क्षिपति क्रिमि शोष विषादीन् इति॥

यह कङ्क नामक पय के सदृश कृमि, विष और शोष आदि का नाश करता है।

उत्पत्तिस्थान :– मध्य और पूर्वी हिमालय, पूर्व बंगाल और दक्षिण भारत।

उपयुक्त अङ्ग :– त्वचा

रस – कषाय, तिक्त – **गुण** – लघु, रुक्ष

वीर्य – शीत – **विपाक** – कटु

दोषघ्नता – पित्त – **मात्रा** – त्वचा चूर्ण – १ तोला.

पर्याय:–

अशोक, शोकनाश, विशोक, वंजुलद्रुम, अवशोक, मधुपुष्प, कङ्केलि, केलिक, रक्तपल्लव, चित्र–विचित्र, कर्णपूरक, शुभग, स्मराधिवास, दोषहारि, प्रपल्लव, राजितरु, हेमपुष्प, रायावायाङ्घ्रिघातक, विधिपुष्प, नट तथा पल्लवद्रुम यह अशोक के २२ नाम रा. नि. में बताए हैं।



वानस्पतिक वर्णन:–

इसका वृक्ष बड़ा सीधा और झोंपडाकार होता है तथा यह बारहों मास हरा–भरा दिखाई देता है। इसकी लकड़ी हलकी, किंचित्लालीयुक्त, भूरी रंग की होती है। पत्ते पतली-पतली टहनियों पर ३ से ६ जोड़े रहते हैं और वे ६ से ९ इंच तक लम्बे, आयताकार, चिकने, तीक्ष्ण या लम्बाग्र एवं चर्मल होते हैं। नई–नई टहनियाँ नीचे की ओर झुकी हुई रहती हैं और उनके पत्ते अत्यन्त कोमल, एक दूसरे से सटे हुए और ताम्बे के वर्ण के समान लाल होते हैं। इस लिए इसको ताम्रपल्लव कहते हैं। वसंत ऋतु में इस पर फूल और शरद ऋतु में फल आते हैं। पुष्प सघन गुच्छों में होते हैं और नारंगी रंग से लेकर अत्यन्त रक्तवर्ण तक परम सुहावने होते हैं। इसमें कोष, पुष्प और वाह्य दल रंगीन होते हैं। आभ्यन्तर दल नहीं रहते, पुंकेसर ७ से ८ करीब १ इंच लम्बे एवं गहरे लाल रंग के होते हैं। कलियाँ ८ से १० इंच तक लंम्बी १ से १॥ इंच चौडी, चिपटी तथा दोनों शिरों पर कुछ–कुछ टेढ़ी होती हैं। प्रत्येक कली में चार से आठ संख्या तक बीज रहते हैं। बीज एक से डेढ़ इंच लम्बे एवं कुछ चपटे होते हैं।

इसकी छाल का चिकित्सा में प्रयोग किया जाता है। यह पतली, बाहर से भूरे रंग की, कुछ चिकनी, अन्दर से हल्के भूरे रंग की, सूखने पर रक्ताभ भूरे रंग की और लम्बाई में छूरीदार कठोर एवं रेसेदार होती हैं।

गुण और प्रयोग :

अशोकः शीतलस्तिक्तो ग्राही वर्ण्यः कषायकः । दोषापची तृषा दाह कृमि शोष विषास्रजित् ॥ (भा. प्र.)

अशोक तिक्त तथा कषाय रस युक्त, शीतल, ग्राही, शरीर के वर्ण को उत्तम करने वाला एवं वातादि दोष, अपची, तृषा, दाह, कृमि, शोष और रक्तविकार को दूर करने वाला है। यद्यपि असली अशोक का उपयोग रक्तप्रदर आदि गर्भाशय के विकारों में बहुत प्रचलित है किन्तु इस गुण का उल्लेख चरक, सुश्रुत, रा. नि. में देखने में नहीं आता। सुश्रुत में लोध्रादिगण में इसका पाठ है जिसमें यह द्रव्य योनिदोषों में उपयोगी बतलाया गया है। चरक में वेदना स्थापन एवं कषाय स्कंध में इसका उल्लेख है (च. सु. अ. नि.) (वि. अ. न.)।

रक्तप्रदर में अशोक का उपयोग करने वालों में सर्व प्रथम वृद्ध का नाम आता है। चक्रदत्त एवं शोढलने अशोक की त्वचा का असृग्दर के ऊपर प्रयोग बताया है। अशोक की त्वचा रक्त प्रदर का नाश करती है। अशोक की त्वचा से सिद्ध किया हुआ घृत रक्तप्रदर में पिलाना चाहिए। इससे दारुण रक्तप्रदर का भी नाश होता है।

नव्यमत :

अशोक की त्वचा कषाय है। अन्य सुगन्धित द्रव्यों के साथ इसकी त्वचा का क्वाथ गर्भाशय के अनेक विकारों में दिया जाता है। विशेषतः अत्यार्तव (खोरी) में। डॉ. वारिंग का कथन है कि बारम्बार होने वाले रक्त प्रदर में अथवा गर्भाशय में होने वाले अर्बुद में अशोक उपयोगी है।

आसोपालव (Polyalthia longifolia)

हि. – अशोक, देवदारु,
सं. – काष्ठदारु
बं. – देवदारु
म. – अशोक
ते. – अस्तेकमु
क. – पुत्रजीवी
ले. – Polyalthia longifolia, Fam. – Annonacea

यह आसोपालव प्रायः सब प्रान्तों में पाया जाता है।

वानस्पतिक वर्णन :

इसका वृक्ष सीधा खड़ा होता है, शाखायें सघन नहीं होतीं। पतली-पतली टहनियों पर पत्ते विषमवर्ती होते हैं। छाल पतली और लकड़ी किंचित पीलापनयुक्त सफेद होती है। पत्ते ६ से ९ इंच तक लम्बे, किंचित अण्डाकार, भालाकार, लहरदार, धारवाले और चमकीले होते हैं। फूल हरापनयुक्त, पीले रंग के अथवा पीलापनयुक्त, सफेद रंग के होते हैं। फल जामुन के समान गोल होते हैं।

गुण – लघु, रूक्ष
वीर्य – उष्ण
रस – तिक्त, कटु
विपाक – कटु

गल्ती से इसकी छाल का असली अशोक मानकर प्रयोग किया जाता है। यह ज्वरनाशक होती है।

विचार–विमर्श

अशोक से १ – Saraca Indica, २ – Polyalthia longifolia, ३ – Guetterera longifolia, ४ – Jonesia Asoka ये चार लेने का वर्णन मिलता है। हमने यहां पर चिकित्सा में वर्णित अशोक की यह संदिग्धता निवारण करने का प्रयत्न किया है। हमने आगे देखा कि Saraca Indica और Polyalthia longifolia के वृक्ष में पत्र, पुष्प, फल एवं रस, गुण, वीर्य, विपाक में दोनों में भिन्नता है। फिर भी लोग आसोपालव Polyalthia longifolia को ही अशोक (Saraca Indica) मानने की भूल करते हैं। आसोपालव सीताफल वर्ग का वृक्ष है। इसके पत्र बक्रता लिए हुए लम्बे होते हैं, आम्र पत्र जैसे नहीं होते। जबकि अशोक का परिचय "अशोकाम्रदलो वृक्षः" इन शब्दों से दिया है जो पूर्णतः योग्य है। और फिर Saraca Indica और Polyalthia longifolia के नाम एवं पर्याय भिन्न हैं। वानस्पतिक वर्णन में पत्र, पुष्प, फल एवं रस, गुण वीर्य, विपाक में सम्पूर्ण भिन्नता है। Saraca Indica को संस्कृत में हेमपुष्प एवं ताम्रपल्लव कहते हैं जबकि Polyalthia longifolia को काष्ठदारु एवं देवदारु कहते हैं जो एक दूसरे से भिन्न है। Saraca Indica का कुल Leguminosae बताया है जबकि Poliyalthia longifolia का कुल Annonaseae (सीताफल) बताया है जो बिलकुल भिन्न है।

वानस्पतिक वर्णन में भी Sarca Indica का वृक्ष झोपडाकार होता है जबकि polyalthia longifolia का वृक्ष सीधा खड़ा होता है। Saraca Indica के पत्र आम्रपत्र के सदृश होते हैं। polyalthia longifolia के पत्ते लम्बे, भालाकार, चमकीले और किनारी लहरदार होती है। Sarca Indica के पुष्प, सघन, गुच्छों में और नारंगी एवं रक्तवर्ण के होते हैं जबकि polyalthia longifolia के पुष्प हरित वर्ण के होते हैं। Saraca Indica की कलियाँ ९ से १० इंच लम्बी, १ से १॥ इंच चौडी और चिपटी होती है। प्रत्येक फली में ४ से ८ तक बीज रहते हैं जबकि polyalthia longifolia के फल अण्डाकार ३/४ इंच लम्बे और दोनों सिरों पर गोलाग्र होते हैं।

इस पर से हमने देखा कि Saraca Indica और polyalthia longifolia, Benth of Anonaceae के पत्र, पुष्प एवं फल में काफी भिन्नता है।

Saraca Indica के गुण कर्म :–

गुण– लघु, रूक्ष
वीर्य– शीत
रस– कषाय, तिक्त
विपाक– कटु

Polyalhla Longifolia के गुण कर्म :–

गुण– लघु, रूक्ष
विपाक– कटु
रस– तित्रत, कटु
वीर्य– उष्ण

दोनों के रस, गुण, वीर्य, विपाक में भी मिन्नता है। Saraca Indica को असृग्दरनाशक एवं पित्तघ्न बताया है जबकि Polyalthia Longifolia को उष्ण होने से दीपन एवं ज्वरघ्न बताया है। दोनों का कर्म विपरीत है। इसतरह Saraca Indica और Polyalthia Longifolia दोनों में काफी मिन्नता मालुम पड़ती है।

अब शेष रहा अन्य दोनों Jonesia Asoka और Guetterera Longifolia के बारे में। शास्त्रकारों ने उनको Saraca Indica ही बताया है। शालिग्राम निघण्टु में Jonesia Asoka एवं Guetterera Longifolia दोनों को एक ही माना है। फर्क सिर्फ दोनों के पुष्प के वर्ण में है। अन्य शास्त्रों में Jonesia Asoka और Saraca Indica को एक माना है। इस लिए हम यहां कहेंगे कि Saraca Indica Jonesia Asoka एवं Guetterera Longifolia तीनों एक ही अशोक हैं। फरवरी-मार्च १९७५ के 'धन्वन्तरि सन्दिग्ध वनौषधि' अंक में मैंने पढ़ा कि अशोक के प्रतिनिधि स्वरूप कचनार की त्वक् और वटप्ररोह की त्वक् ली जाती है।

निष्कर्ष:–

उपर्युक्त विवरण को देखते हुए इतना स्पष्ट हो जाता है कि अशोक Saraca Indica है और आसोपालव Polyalthia Longifolia इससे भिन्न है।

* * *

संदिग्ध वनौषधियों के परिप्रेक्ष्य में वसुक और वशिर

प्रस्तोता–डॉ. रामेश्वर पाण्डेय,
जी. ए. एम. एस. (प्रतिष्ठा रसशास्त्र, पटना)
एम. डी. (आयुर्वेद द्रव्यगुण) बी. एच. यू.

व्याख्याता–द्रव्यगुण विभाग श्री आयुर्वेद महाविद्यालय
हनुमाननगर, नागपुर

वसुक एवं वशिर का उल्लेख चरक संहिता सूत्र स्थान चतुर्थ अध्याय में वर्णित महाकषायों के अन्तर्गत मूत्र विरेचनीय महाकषाय में है। इस महाकषाय के अन्य सभी द्रव्य ज्ञात हैं लेकिन वसुक एवं वशिर के सम्बन्ध में विद्वानों में पर्याप्त मतवैभिन्नता के कारण ये दोनों द्रव्य आज भी संदिग्ध बने हुये हैं।

प्रस्तुत निबंध के द्वारा इन दोनों द्रव्यों के सम्बन्ध में यथोपलब्ध कोषों; आयुर्वेदीय संहिता ग्रन्थों, चिकित्सा साहित्यों एवं निघण्टुओं के आधार पर किसी एक निर्णयपर पहुँचने का प्रयास किया गया है। आशा है आयुर्वेद मनीषी एतत् संबन्धी अपना मन्तव्य देकर अनुग्रहीत करेंगे।

कोषों में वसुक एवं वशिर

१) अमरकोष :

वसुक : अर्काह्‌वः वसुकास्कोता गणरूप विकीरणः मन्दारश्चार्क पर्णे।

मन्दार के पर्यायवाची शब्द में वसुक का उल्लेख है जिसकी टीका में, वसुकं वसति वसनिवासे शृस्तृस्निहि इति उ स्वार्थे कन् इति वसुक। (अमर. २।४।८०)

वशिर : गजपीपरि के नामों में वशिर का वर्णन है – कपिवल्ली कोलवल्ली श्रीयशी वशिरः पुमान्। वस्ते वस्त्र आच्छादने बहुलकात्किरच् वशकान्ती, संज्ञापूर्वकत्वान्न संप्रसारण वशिरः पुमान्। मेदिनी कोषकार ने – किणिही हस्तिपिप्पल्यो क्लीवेऽब्धी लवणे स्मृतः। इतिमेदिनी — १३७।२०८.

२) शब्दकल्पद्रुम :

वसुक : क्ली. वसुवत कायतीति कैः + क--साम्भरि लवण इत्यमरः।

वसुकः पुं. वसु सूर्यस्तन्नाम्नाकायतीति कै + आतोअनुपैति कः इति अर्कवृक्षः इति अमरः।

शिवमल्ली इति मेदिनी, पुष्पविशेषः स तु श्वेत रक्त भेदेन द्विविधः। तत्पर्यायः वसु, शैव, वकः, शिवमल्लिका, पाशुपत, शिवमत, सुरेष्ठ, शिवशेखर।

वशिर : पु. रक्त अपामार्ग गजपिप्पली इति, क्ली. सामुद्रलवण इति।

३) वाचस्पत्यम् :

वसुक : पु. वसुना सूर्यस्तन्नाम्ना कायति कै + क अर्कवृक्ष, वकवृक्ष इति ।

वशिर : समुद्रलवण इति अमरः गजपिप्पल्याच । वशिरः वशईरन गजपिप्पल्या वशिरः वसइरन् सामुद्रलवण, गजपिप्पल्या च ।

४) आयुर्वेदीय शब्दकोष :

वसुक– पु. धान्य मुग्द, मुंग, वनस्पती,: राजार्क, पांढरी, रूई, छुप (च. सु. ४–१२) बूक केदारगिरोवंगहुल इति प्रसिद्धः । सच सितरक्त भेदेन द्विधा ।

वशिर– पु. क्षुप अपामार्ग वशिर तृणजातीः मर्कटपीपली पर्याय ।

संहिता ग्रंथ

चरक संहिता :

सूत्रस्थान के चतुर्थ अध्याय में वर्णित महाकषायों के अन्तर्गत मूत्र विरेचनीय महाकषाय में वसुक एवं वशिर का एक साथ उल्लेख है । वसुक का पृथक वर्णन शुक्रशोधन महाकषाय के अन्तर्गत है जिसकी टीका में चक्रपाणि ने 'वसुको वसुहट्ट' यह अर्थ दिया है तथा वशिर का अर्थ सूर्यावर्त किया है ।

सुश्रुत संहिता :

१) सु. सु. ३८ वें अध्याय में वरुणादि एवं वीरतरादि गण के अन्तर्गत बसुक एवं वशिर का एक साथ वर्णन है जिसको टीका में डल्हण ने वसुक को वकपुष्प एवं अर्क तथां वशिर को मर्कट पिप्पली माना है । "वसुको बुकः इति वकपुष्प इति लोके अन्ये तु वसुको अर्कः इति मन्यन्ते । वशिरो मर्कट पिप्पली तृण जाती विशेष अपामार्ग इति प्रसिद्धः ।"
(सु. सु. ३८/७९ डल्हणटीका)

२) सूत्र स्थान ३९ अध्याय में संशमन द्रव्यों के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का पाठ है जहां वसुक का अर्थ डल्हन ने शिवमल्लीका, जिसे लोक में वकपुष्प कहते हैं तथा वशिर का अर्थ सूर्यावर्त अपामार्ग इति अपरे कहा है। "वसुकः शिवमल्लीका वक पुष्पम् इति लोके, वशिर सूर्यावर्त अन्ये अपामार्ग इति ।" (सु. सु. ३९/९)

३) सु. सु. ४६ वें अध्याय में उक्त अनुपान द्रव्यों के साथ वसुकासव का वर्णन है जिसमें वसुक का अर्थ वुक किया है तथा वशिर फल वर्ग में आया है इसका अर्थ सूर्यावर्त फल किया है । "वसुको वुकः केदारगिरी वगहुल इति प्रसिद्धः, वशिरो सूर्यावर्तफलम् इति ।"

४) सु. चि. ७ वें अध्याय में अश्मरी चिकित्सा के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का उल्लेख है जिसमें वसुक को वकपुष्प एवं वशिर को मर्कटसंज्ञक तृणविशेष या सूर्यावर्त माना है । वसुकः वकपुष्पम्, वशिरः मर्कट संज्ञक तृणजाति विशष सूर्यावर्त इति अन्ये । (सु. चि. ७)

अष्टांग हृदय :

चिकित्सा स्थान ११ में मूत्राघात चिकित्सा के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का उल्लेख एकसाथ आया है जिसमें वसुक का अर्थ ईश्वरमल्लीका तथा वशिर का अर्थ समुद्रलवण किया है ।

(अ. हृ. चि. ११/१८)

पाषाण–भेद वसुको वशिरोऽश्मन्तको–वरी ।
वसुकः ईश्वरमल्लीका वशिरः सामुद्रलवण ॥

अष्टांग संग्रह :

वातश्मरी चिकित्सा के अन्तर्गत आनेवाले द्रव्यों में वसुक एवं बशिर का उल्लेख एकसाथ है। जिसमें वसुक को वुक एवं वशिर को पार्वतेय कहा है।

"पाषाण भेद वसुको वशिरः अश्मन्तक..... वातश्मरीभिनत्ति वसुकः वुकः वशिरः पार्वतेय इति।"

(अ. सं. चि. १४)

काश्यप संहिता :

काश्यप संहिता मुत्रकृच्छ्र चिकित्सा के अन्तर्गत रक्तजमूत्रकृच्छ्र में वसुक का वर्णन किया है उसका अर्थ कुटज किया गया है।

उषको अथ वृहत्यौ द्वे श्वदंष्ट्रा वसूका–वभौ, शृंगवेर यवाश्वैव नलो वृक्षादणीवला।
पिप्पली तैः श्रृतम् क्षीरं घृतं मात्रादि मूर्च्छितम्, सरक्ते पाययंतेव कृच्छे क्षिप्रमेतेनसिध्यति॥

(का. चि. अध्याय १)

चिकित्सा ग्रंथ :

चक्रदत्त : वातज अश्मरी चिकित्सा के अन्तर्गत पाषाणभेदादिघृत में वसुक एवं वशिर का एकसाथ उल्लेख है जिसका अर्थ वसुहट्ट एवं सूर्यावर्त भेद किया गया है।

पाषाणभेदौ वसुको वशिरो अश्मन्तकस्तथा, शतावरी श्वदंष्ट्राच वृहती कण्टकारिका।
उषकादि प्रतीवापं एषा क्वाथे श्रृतम् घृतम्, भिनत्तिवात सम्भूतामश्मरी क्षिप्रमेवतु॥

(चक्रदत्त अ. चि. २४)

वङ्सेन :

मुत्राघात चिकित्सा में उक्त विदारीघृत के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का उल्लेख है जिसमें वसुक एवं वशिर का अर्थ क्रमशः साम्भर एवं समुद्र लवण किया है।

विदारी वृषको युथी मातुलुङो चभूस्तृणम्। पाषाणभेदः कस्तूरी वसुको वशिरो नलः॥

(वङसेन मू. घात चि.)

अश्मरी चिकित्सा में वर्णित पाषाणभेदादिघृत में वसुक एवं वशिर का पाठ है यह योग चक्रदत्त में उक्त पाषाणभेदादिघृत के समान है परन्तु वसुक एवं वशिर का अर्थ अर्कमूल एवं रक्तअपामार्ग किया है जबकि चक्रदत्त में उक्तयोग में वसुक से वसुहट्ट तथा वशिर से सूर्यावर्त भेद लिया है।

अश्मरी चिकित्सा में वर्णित वीरतरादि गण, कुशादि तैल में वसुक एवं वशिर का वर्णन है जिसमें वसुक से अर्कमूल तथा वशिर से रक्तअपामार्ग का ग्रहण किया गया है। (वङ्गसेन अश्मरी चिकित्साधिकार)

गदनिग्रह :

कायचिकित्सा खंड के अश्मरी चिकित्साधिकार में उक्त वातज अश्मरी चिकित्सा में वर्णित पाषाणभेदादिघृत के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का पाठ है जिसमें वसुक को शिवमल्लिका एवं वशिर को चव्य के नाम से ग्रहण किया है—

पाषाणभेदो वसुको वशिरो अश्मन्तकस्तथा। (गदनिग्रह अ. चि. २५)

भावप्रकाश :

भावप्रकाश मध्यम खंड मूत्राघातचिकित्साधिकार में विदारीघृत के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का ग्रहण साम्भर एवं दरियाई लवण के रूप में किया गया है। वातज अश्मरी चिकित्सा में उक्त पाषाणभेदादिघृत जो चक्रदत्त का योग है वसुक एवं वशिर का ग्रहण अर्क मूल एवं रक्तअपामार्ग के नाम से किया गया है। कफज एवं वातज अश्मरी में वीरतरादि गण का पाठ है जिसमें वसुक एवं वशिर का अर्थ अर्कमूल एवं रक्तअपामार्ग किया है।

शुक्राश्मरी चिकित्सा में वर्णित कुशादितैल के अन्तर्गत वसुक एवं वशिर का पाठ है जिसमें इन द्रव्यों का अर्थ अर्कमूल एवं रक्तअपामार्ग किया है।

भैषज्य रत्नावली :

मूत्राघात चिकित्सा में विदारीघृत के अन्तर्गत जो कि चक्रदत्त का योग है वसुक एवं वशिर के स्थान पर मन्दार-मूल एवं गजपिप्पली का ग्रहण किया है। अश्मरी चिकित्सा के अन्तर्गत वीरतरादि गण में वसुक एवं वशिर का पाठ है। जिसका अर्थ अगस्त एवं सूर्यावर्त भेद किया है। अश्मरी चिकित्सा में वर्णित पाषाणभेदादिघृत में वसुक एवं वशिर का पाठ है जिसमें वसुक के लिए मन्दार या अगस्त तथा वशिर को श्वेतसूरजमुखी का ग्रहण किया है।

निघन्टु साहित्य

धन्वंतरि निघन्टु :

वसुक एवं वशिर नाम का पृथक किसी द्रव्य का वर्णन नहीं है। वसुक का वर्णन राजार्क एवं वुक के पर्याय में आया है तथा वशिर का वर्णन रक्तअपामार्ग के अन्तर्गत आया है।

वसुक :– राजार्को वसुकोऽप्यर्को मन्दारो गणरूपकः, एकष्ठीलः सदापुष्पी सचालर्कः प्रतापनः।
राजार्कः कटुतिक्तोष्णो कफमेदोविषापहः, वात कुष्ठव्रणान्हन्ति शोफकण्डु विषर्पणुतः ॥ (ध.नि. करवीरादिवर्ग १४।१५)

वुकः वसुकः इत्युक्तः शिवाह्वः शिवशेखरः। महापाशुपतश्चैव शुव्रतः शिवमल्लिका।
वसुकःकटुतिक्तोष्णः श्लेष्मोद्भूतव्यथापहः। व्रणान् समस्तान् हरति प्रलेपादि प्रयोजित ॥ (ध.नि. क. वर्ग १६।१७)

वशिर :– अन्यो रक्तो रक्तपुष्पो वशिरः कपिपिप्पली। क्षुद्रअपामार्गको रक्तः ख्यातको रक्तपूर्वकः ॥
अपामार्गो अरुणो वात विष्टम्भी कफनाशन। व्रणकण्डु विषघ्नश्च संग्राही वान्तिकृतपरः ॥ (ध.नि.गु. वर्ग २५५।५६)

राजनिघन्टु :

इस निघण्टु में वसुक स्वतंत्र नाम से एक द्रव्य के रूप में वर्णित है इसके अतिरिक्त राजार्क, वक, एवं रोमकलवण के पर्याय में आया है। वशिर का वर्णन रक्तअपामार्ग, चव्य, तथा सामुद्र लवण के पर्याय के लिए आया है।

वसुक :– वसुकोऽथ वसु, शैवो, वसोऽथ शिवमल्लिका, पाशुपत शिवमतः सुरेष्ट शिवशेखरः।
सितो रक्तो द्विधा प्रोक्तो ज्ञेयःसच नवाभिधः, वसुको कटुतिक्तोष्णौ पाके शीतौ च दीपनौ ॥
अजीर्ण वात गुल्मघ्नौ श्वेतश्चैव रसायनः। (राज. नि. पर्पटादिवर्ग १२३।२४)

राजार्को वसुकोऽलर्को मन्दारो गणरूपकः, काष्ठीलश्च सदापुष्पो ज्ञेयोऽत्र सप्तसम्मितः।
राजार्क कटुतिक्तोष्णौ कफमेदो विषापहः, वात कुष्ठ व्रणान् हन्ति शोफ कण्डु विसर्पनुत ॥
(रा. नि. करवीरादि वर्ग ३१।३२)

वकः पाशुपतः शैव शिवपिण्डश्च सुव्रत, वसुकश्च शिवांकश्च शिवेष्टःक्रमपूरकः ।
शिवमल्ली शिवाह्लाद शाम्भवो रविसम्मितः । वकोऽतिशिशिरस्तिक्तो मधुरो मधुगन्धक ॥
पित्तदाह कफश्वास श्रमहारी च दीपनः ॥ (राज. नि. करवीरादि वर्ग ११३।१४)

रोमकोदभीदमुक्तं वसुकं-वसुक पांशुलवणउषरजम् । रोमकं तीक्ष्णमत्युष्णं कटुतिक्तं च दीपनम् ।
दाहशोषकरं ग्राही पितकोपकरं परम् । (रा. नि. पिप्पल्यादि वर्ग १०६।७)

वशिर :- अपामार्गस्तु शिखरी किणिही खरमन्जरी । दुर्ग्रहश्चाप्यधःशल्यःप्रत्यकपुष्पी मयूरकः ॥
काण्डकण्टः शैखरीको मर्कटी दुरभिग्रहः । वशिरश्च पराकपुष्पी कण्टी मर्कटपिप्पली ॥
अपामार्गस्तु तिक्तोष्णः कटुश्च कफनाशनः । अर्श कण्डूदरामघ्नी रक्तहृद ग्राही वान्तिकृत ॥ (रा.नि. शता. ८८।९१)

चव्यकं चविका चव्यं वशिरो गन्धनाकुली । वल्लीच कोलवल्लीच कोलं कुटलमस्तकम् ॥
चव्यं स्यादुष्ण कटुकं लघुरोचन दीपनम् । जन्तुद्रेकापहं कासः श्वासशूलार्ति कृन्तनम् ॥ (रा.नि.पि. ४१।४२)

क्षामुद्रकंतु सामुद्रं समुद्रलवणं शिवम् । वशिरं सागरोत्थञ्च शिशिरं लवणाब्धिजम् ॥

सामुद्रं लघुहृद्यश्च पालितास्त्रद्पित्तदम् । विदाही कफवातघ्नं दीपनं रुचिकृत्परम् ॥ (रा.नि.पि. वर्ग १००।१०१)

सोढल निघन्टु :

वैद्यसोढल विरचित आ. प्रियव्रतशर्मा द्वारा सम्पादित यह निघन्टु दो भाग में विभक्त है। प्रथम भाग में नामसंग्रह तथा द्वितीय भाग में उनके गुणों का संग्रह है। इस निघन्टु में वसुक राजार्क, वुक के पर्याय नाम में आया है तथा वशिर अपामार्ग एवं समुद्रलवण के पर्याय में आया है।

वसुक :- राजार्को वसुकं प्रोक्तो मन्दारो गणरूपक, एकाष्ठिलः सदापुष्प स चालर्कः प्रतापनः । (सो.नि.करवीराबि वर्ग ४९३)
अर्कः कृमिहरस्तीक्ष्णः सरोअर्स कफरोगहृत, विसूचिका शिरोवात कुष्ठ शोफापहारक ।
तक्षीरमुदुरंहन्ति कुष्ठार्शः कृमिनाशनम् । (सो.नि. करवीरादि वर्ग ४००)

वुक :- वुके वसुक इत्युक्तः शिवार्कः शिवशेखर, महापाशुपतश्चैव सुव्रतः शिवमल्लिका ।
वगहुलो वकपुष्पश्च देवस्थो गंधनः स्मृतः । (सो.नि. करवीरादि वर्ग ४९४।४९५)

वशिर :- अपामार्गो तुशिखरी प्रत्यकपुष्पी मयूरकः, अधःशल्योऽथ किणिही कण्टी मर्कटपिप्पली ।
प्रत्यकश्रेणी च वशिरः कटुश्च खरमंजरी । (सो. नि. गडुच्यादि वर्ग २६१)
सामुद्रे लवणे प्राहूरक्षीकं वशिरं तथा, क्षीरोदधिभवं ज्ञेयं त्रिकूटं क्षारवर्जितम् । (सो. नि. शतपुष्पादिवर्ग ३०५)
विवन्धानाह विष्टम्भ शूल गौरवमर्दनम्, सामुद्रं मधुरं पाके नात्युष्णमविदाहिच । (सो. नि. शतपुष्पादि वर्ग २७६)

मदनपालनिघन्टु :

यह निघन्टु नृप मदनपाल द्वारा विरचित है। इस निघन्टु में वसुक एवं वशिर का वर्णन पृथक् रूप से नहीं है। वसुक अर्क एवं वृद्ध वकुल के पर्याय में तथा वशिर रक्तअपामार्ग के पर्याय में आया है।

अर्क सुयाह्वः क्षीरी सदापुष्पी विकीरणः, मन्दारो वसुकोऽलर्को राजाह्वः दीर्घपत्रकः ।
अर्कद्वयं शंखवातं कुष्ठकण्डू विषव्रणान्, निहन्ति प्लीह गुल्मअर्शो यकृतश्लेष्मुदरक्रिमीन् ।
(मदन पाल नि. अभयादि वर्ग २३)

वृषो वुकः स्यूल पुष्पो वसुक शिशबरोधकः, वृषः शीतो विषश्लेष्म पित कृच्छाश्मदाहहृत ।
(मदन पाल नि. कपूरादि वर्ग १८)

वशिरः- अन्यो रकाते वृन्तोफलो वशिरः कपिपिप्पली । अपामार्गो रुष्णो वात विष्टम्भी कफनाशन ।
(मदन पाल नि. अभयादि वर्ग ८)

शालग्रामनिघन्टु :

इस निघन्टु में वसुक एवं वशिर का वर्णन पृथक रूप से नहीं है । वसुक वृहदवुकुल एवं श्वेत अर्क के पर्याय में तथा वशिर चव्य एवं अपामार्ग के पर्याय में आया है । इनके गुण निम्न है ।

श्वेतमन्दारको अत्युष्णोतिक्तो मलशोधनः, मुत्रकृच्छं व्रणान हन्ति क्रमीनत्यन्तदारुणान् ।
राजार्कः कटुतिक्तोष्णं कफमेदोविषापहः, वात कुष्ठ व्रणान् हन्ति शोफ कण्डू विर्सपनुत ।
(शालग्राम निघन्टु गुडुच्यादि वर्ग)

स्थूल पुष्पश्च वकुलो दीपनो मधुरः कटु, पित्तदाह कफश्वास मुत्रकृच्छ विषश्रमान् ।
अश्मरी नाशयत्येव मदगन्धिश्च विद्यते ॥ (नि. रत्नाकर)

वशिरः **अपामार्ग द्वयं तिक्तं तीक्ष्णोष्णं कफ बातनुत, सिध्मोदरापची दद्रु कण्डुअर्शो हन्ति वान्तिकृत ।** (शा. नि. गुड वर्ग)

भावप्रकाश निघन्टु :

इस निघन्टु में वसुक एवं वशिर का पृथक रूप से वर्णन नहीं है । वसुक श्वेत अर्क, बृहदवकुल के लिये तथा वशिर रक्त-अपामार्ग, गजपिप्पली एवं समुद्र लवण के लिए आया है ।

वसुक : **श्वेतार्को गणरूपः स्यान्मन्दारो वसुकोऽपिच, श्वेतपुष्पः सदापुष्पः सचालर्क प्रतापसः ।**
अर्कद्वयं संरवान कुष्ठ कण्डु विषव्रणान्, निहन्ति प्लीह गुल्मार्शः श्लेष्मोदरशकृतक्रमीन् ।
(भावप्रकाश गुडूच्यादि वर्ग ६८/६९)

शिबमल्ली पाशुपत एकाष्ठिलो वकोवसुः, वकोऽनुष्णः कटुतिक्तः कफपित्तविषापह ।
योनिशूलतृषादाह कुष्ठ शोथास्र नाशन । (भावप्रकाश पुष्पवर्ग ३४ /३५)

वशिर :– **रक्तो अन्यो वशिरो वृत्तफलो धामार्गवोऽपिच । प्रत्यकपुष्पी केशपर्णी कथिता कपिपिप्पली ॥**
(भावप्रकाश गुडुच्यादि वर्ग २२१)

चविकायाः फलं प्राज्ञै कथिता गजपिप्पली । कपिवल्ली कोलवल्ली श्रेयशी वशिरश्च सा ॥
(भावप्रकाश हरित. ६९।७०)

सामुद्रं यतुलवणं अक्षिवं वशिरश्च तत् । (भावप्रकाश हरित. वर्ग २४४)

निष्कर्ष :

विभिन्न कोषों, संहिता ग्रंथों, चिकित्सा साहित्यों एवं निघन्टुओं के सिंहावलोकन के पश्चात निम्न तथ्य सामने आते हैं ।

१. कोषों में वसुक एवं वशिर का अर्थ पुंलिग वाचि होनेपर अर्क एवं शिवमल्लिका तथा वशिर के लिये गजपिप्पली एवं किणिही किया है एवं नपुंसक वाची होनेपर साम्भरलवण एवं सामुद्रलवण का ग्रहण किया है ।

२. संहिता ग्रंथों में वसुक एवं वशिर का प्रयोग प्रायः एकसाथ किया गया है । चरक संहिता सूत्र स्थान के चतुर्थ अध्याय में वर्णित महाकषायों में मूत्र विरेचनीय महाकषाय के अन्तर्गत एकसाथ इन दोनों द्रव्यों का प्रयोग है । सु. संहिता सूत्रस्थान ३८।३९।४६ में उक्त वरुणादि गण, वीरतरादि गण एवं संशमन द्रव्यों तथा अनुपान द्रव्यों के रूप में इनका वर्णन एकसाथ आया है । चि. स्थान में अश्मरी चिकित्सा के अन्तर्गत इन दोनों द्रव्यों का वर्णन एक साथ है, जिसकी टीका में वसुक के रूप में अर्क तथा वुक, एवं वशिर के नाम पर सूर्यावर्त तथा अपामार्ग का ग्रहण किया है ।

काश्यप संहिता में वसुक एवं वशिर को कुटजद्वौ के रूप में वर्णन किया गया है । चिकित्सा ग्रंथों में वसुक एवं वशिर का प्रायः एकसाथ प्रयोग मूत्राघात एवं अश्मरी चिकित्सा के लिए आया है । जिसमें टीकाकारोंने प्रायः अर्कमूल एवं

रक्त अपामार्ग का ग्रहण किया है, वङ्गसेन एवं भावप्रकाश ने मूत्राघात चिकित्सा में उक्त विदारीघृत में वसुक के स्थानपर साम्भरलवण तथा वशिर के स्थान पर समुद्रलवण अर्थ किया है। अश्मरी चिकित्सा में प्रयुक्त होनेवाला पाषाणभेदादि घृत में वसुक एवं वशिर का प्रयोग है जिसमें इन्होंने अर्कमूल एवं रक्त अपामार्ग का ग्रहण किया है।

भैषज्य रत्नावली में मूत्राघात चिकित्सा में वर्णित विदारीघृत में वसुक एवं वशिर का पाठ है जिसमें वसुक एवं वशिर का अर्थ मन्दारमूल एवं गजपिप्पली किया है। अश्मरी चिकित्सा में पाषाणभेदादिघृत में उक्त वसुक एवं वशिर को मन्दार या अगस्त, तथा वशिर के लिये श्वेतसूरजमुखी किया है।

निघन्टु साहित्यों में राजनिघन्टु के अतिरिक्त वसुक के नाम से पृथक कोई द्रव्य का वर्णन नहीं प्राप्त होता, मात्र राजनिघन्टु के पर्पटादि वर्ग में दो प्रकार के वसुक का वर्णन किया है। इसके अतिरिक्त अर्क, वक, एवं रोमक लवण के पर्याय में वसुक का वर्णन आया है। वशिर का पृथक वर्णन नही किया। रक्त अपामार्ग तथा चव्य एवं समुद्रलवण के पर्यायों के लिए वशिर का पाठ है। अन्य सभी निघन्टु प्रायः वसुक से श्वेतार्क, वुक एवं साम्भर लवण तथा वशिर से रक्तअपामार्ग गजपिप्पली एवं सामुद्रलवण को ग्रहण किया है। राजनिघन्टु के उक्त वसुक को ठाकुर बलवंतसिहजी ने वर्षाभु के किसी भेद को वसुक मान्य के लिए अपना मत प्रकट किया है।

उपर्युक्त तथ्योंपर विचार करने के पश्चात हम निष्कर्षतया इस आधार पर पहुँचते हैं कि वसुक एवं वशिर का उल्लेख विभिन्न कोषों एवं आयुर्वेदीय साहित्यों में एकसाथ आया है। आयुर्वेदीय चिकित्सा ग्रंथों में इन दोनों द्रव्यों का उल्लेख मूत्रविरेचन के रूप में भिन्न-भिन्न योगों मे ४० बार आया है जिसकी टीका मे आचार्यो नें निम्न अर्थ किया है।

वसुक



वसुक :– मुदग् वुक, वगहुल, अगस्त, शिवमल्लिका, ईश्वरमल्लिका, कुटज, वसुहटट्ु वकपुष्प, अर्क एवं लवण इनमे मुद्ग का प्रयोग एकवार, वुक ३ बार, वगहुल १ बार, अगस्त २, शिवमल्लिका ३, इश्वरमल्लिका १, कुटज १, वसुहटट् १, वकपुष्प ११, एवं अर्क १५ बार तथा लवण ४ बार हुआ है।

वशिर :–अपामार्ग, चव्य, गजपिप्पली, सूर्यावर्त,– फल, मर्कटसंज्ञकतृण, मर्कटपिप्पली, सुरजमुखी एवं लवण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। इसमे अपामार्ग १४, चव्य १, गजपिप्पली ६, सूर्यावर्त ६, मर्कटसंज्ञकतृण १, मर्कटपिप्पली १, एवं लवण का प्रयोग ३ बार हुआ है।

अतः प्रयोगाधिक्य के आधारपर वसुक एवं वशिर के नाम से अर्क एवं रक्त-अपामार्ग का ग्रहण किया जा सकता है।

राजनिघन्टु के उक्त वसुक को ठाकुर-वलवंतसिह ने जिसे वर्षाभु के किसी जाति को वसुक माना है उसपर भी

विचार करना आवश्यक है। आशा करता हूँ की आयुर्वेद मनीषी एतत्सम्बन्धी अपना मन्तव्य देकर अनुग्रहीत करेंगे। उपर्युक्त वसुक एवं वशिर के नाम से दोनों वनस्पतियों कें रूप में ग्राह्य द्रव्य अर्क एवं रक्तअपामार्ग का संक्षिप्त परिचय अधोवर्णित है।

अर्क :

संस्कृत नाम : श्वेतार्क, मन्दार, सदापुष्प, वसुक।
हिन्दी नाम : मदार, अर्क।
मराठी नाम : रुई, पांढरी रुई।
अंग्रेजी नाम : मदार।
लेटिन नाम : क्लोट्रोपिस जाइगेन्टीया।
फेंमिली : एस्क्लेपेडियेसी।

उत्पत्ति स्थान एवं संक्षिप्त परिचय :

भारत कें समस्त उष्ण एवं उसर भूमि में स्वतः उत्पन्न होने वाली क्षुप या गुल्म जातीय वनस्पति है जिसकी ऊंचाई प्रायः चार फीट तक या कभी-कभी छ से आठ फीट तक (छोटे वृक्ष कें रूप में) ऊंचा होता है। पत्र अवृन्त प्रायः दो से छ इंच लंबे, एक से तीन इंच चौड़े हृदयाकार क्षोदलिप्त हरे रंग कें अभिलट्वाकार, आयताकार, पर्ण तल की तरफ संकुचित काण्ड को घेरे हुए रहते हैं। पुष्प १.५ से दो इंच व्यास में सुगंधित गुच्छों में आते हैं। अन्तर्दल श्वेताभ तथा सीधे ऊपर की ओर उठे हुए होते हैं। फल तीन से चार इंच लंबे, दो से तीन इंच चौडे गोल अंडाकरा होते हैं। बीज महीन सिल्क की तरह गुंच्छेदार रुई से युक्त होते है। इनकें काण्ड एवं पत्रादि से दुग्ध निकलता है।


वशिर

अपामार्ग रक्त :

संस्कृत नाम : वशिर, वृत्तफल, कपिपिप्पली, धामार्गव।
हिन्दी नाम : लालचिरचिरा।
मराठी नाम : तांबडा अघाडा।
लेटिन नाम : एचिरेन्थस एस्पेरा।
फेंमिली : एचिरेन्थेसी।

प्रातिष्स्थान एवं परिचय

भारत के संपूर्ण शुष्क प्रदेशों में स्वत: उत्पन्न होने वाली क्षुप जातीय वनस्पति है जो एक से तीन फीट ऊंचा होता है इसका काण्ड सरल, या शाखायुक्त लंबाग्र एक से तीन फीट लंबा होता है। प्रत्येक पर्व के ऊपर मोटी ग्रंथी होती है। पत्ते चौलाई के पत्ते के समान कुछ गोल अंडाकर नोकीले एक से पाँच इंच तक लंबे होते है। इसके काण्ड एवं पत्रपर सूक्ष्म सफेद रोम होते हैं। पुष्पदण्ड लगभग एक से दो फीट लंबा होता है जिसपर रक्त गुलाबी रंग के पुष्प निकलते है, तथा उसी पुष्पदण्ड पर काटेदार छोटे फल नीचे की ओर मुख किये हुये लगते हैं। फल पकने पर इसके अन्दर से चावल निकलता है जिसे अपामार्ग तंदुल कहते हैं। इसके मूल बीजपत्र एवं पंचांग क्षार का प्रयोग चिकित्सा में होता है। शीतकाल में पुष्प एवं फल आते हैं।

जीवन्ती विनिश्चय

लेखक (१) कु. मांडलिया डी. वी.
(बी. एस. ए. एम.)
(२) वैद्य श्री जी. पी. दवे
(डी. एस. ए. सी. एच. पी. ए.)
संहिता विभाग
सरकारी आयुर्वेद महाविद्यालय
जुनागढ़ (गुजरात)

विषय-परिचय :

त्रिस्कन्ध आयुर्वेद में हेतु, लिंग एवं औषध का कथन किया गया है। इसमें से औषध भी अपना अलग महत्व रखता है। औषध के बिना व्यक्ति स्वस्थ नहीं रह सकता है और रोगी का रोग भी दूर नहीं हो सकता है। आयुर्बेदीय चिकित्सा का मुख्य आधार वानस्पतिक औषध पर है। इस औषध के निर्माण के लिए भी वानस्पतिक औषध की आवश्यकता रहती है। वैद्य को औषध यानी वनस्पतियों का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है। इसलिए चरकने सूत्रस्थान के प्रथम अध्याय में कहा है कि:-

योगविन्नामरूपज्ञस्तासां तत्वविदुच्यते । किं पुनर्यो विजानीयादोषधीः सर्वथा भिषक् ।।
(च. सू. अ. १/१२०)

अर्थात् :- जो वैद्य योग को नाम एवं रूप से जानता है उसको तत्वविद् कहते हैं। लेकिन औषधि को जो सर्वथा पहचानता है, उस वैद्य के बारे में कहना ही क्या ? इस तरह चरक के समय औषधि को सर्वथा जानने वाले वैद्य को ही श्रेष्ठ माना जाता था। काल क्रम से वैद्यों का ज्ञान औषधियों के वारे में कम होता गया है और आयुर्वेद की कितनी ही औषधियाँ संदिग्ध वन गई हैं। दिव्य औषधि न मिले तो ठीक बात है, लेकिन जीवन्ती जैसी सामान्य औषधि जिसका वैद्य प्रतिदिन उपयोग करता है वह भी संदिग्ध हो जाय यह दुर्भाग्य की बात है। इसी कारण हमने अत्यंत सामान्य और प्रचुरता से मिलने वाली वनस्पति इसी जीवन्ती की संदिग्धता दूर करने का प्रयास किया है।

जीवन्ती के लिए अलग-अलग लेखकों ने अलग-अलग द्रव्यों का उल्लेख किया है। इनमें से प्रमुख इस तरह है :—

1)	Leptadenia Reticulata	–	(भा. निघन्टु)
2)	Dendrobium Macrae Plind	–	(भा. नि.)
	Dregia Volubilis	–	(रा. नि.)
	Delia Volubilis	–	(आ. भि.)
3)	Holostemma Rheedianumspreng	–	(भा. नि.)
	Holostemma Annulare	–	(श्री यादवजी)
	Halostemma Rheedia	–	(आ. भि.)

4) Tajlophora Fesiculata – (आ. भि॰)

5) Sasapralla – (रा॰ नि॰)

Leptadenia Reticulata – (आ. भि.)

6) Pentrapis Maicrophila – (आ. भि.)

लेटिन नाम से मिलनेवाले ये छ द्रव्य अलग-अलग होने पर भी आयुर्वेद के विद्वानों ने उसको जीवन्ती भेद माना है। प्रश्न यह उपस्थित होता है कि इनमें से कोई एक को ही जीवन्ती माने या सभी को जीवन्ती माने। प्रस्तुत शोध प्रश्न में हमने इसको स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

जीवन्ती का शास्त्रीय वर्णन – Leptadenia Reticulata

जीवन्ती नामानिगुणाश्च :

जीवन्ती जीवनी जीवा जीवनीया मधुस्रवा। मांगल्या नामधेया च शाकश्रेष्ठा पयस्विनी ॥
जीवन्ती शीतला स्वायु: स्निग्धा दोषत्रयापहा। रसायनी बलकरी चक्षुष्या ग्राहिणी लघु: ॥

(भावप्रकाश नि.)



जीवन्नी जीवनी जीवा कुल्या भद्रा मधुस्रवा। मधुश्वासा जीवपृष्ठा शाकश्रेष्ठा यशस्करी ॥
नामधेया जीवमद्रा पुत्रभद्रा सुखंकरी। जीवनीया देवपृष्ठा मंगल्या श्रृंगरीतिका ॥
जीवनीया मधुरा सीता सुस्निग्धा ग्राहिणी लघु:। चक्षुष्या सर्वदोषघ्नी वल्यायुष्या रसायनी ॥
जीवन्ती फलमत्यर्थं मधुरं बृंहणं गुरु ॥

(कैदेव निघण्टु)

जीवन्तीस्या जीवन्ती जीवा जीव्या जीवदा जीवदात्री। शाकज्येष्ठा जीवभद्रा च भद्रा मंडिकालयाच क्षुद्रजीवायशस्या ॥
श्रृङगाही जीवपृष्ठा च काग्निका शशिम्बिका। सुपिङगलीति जीवन्ती ज्ञेया चाष्टादशाभिधा ॥
जीवन्ती मधुरा शीता रक्तपित्तानिलापहा। क्षय दाह ज्वरान् हन्ति कफ वीर्य्यं विवर्धनी ॥
(राजनिघण्टु)

बृहज्जीवन्ती नामानि गुणाश्च :– (Sasapralla)

जीवन्त्यन्या बृहतपूर्वापुत्रभद्रा प्रियंङकरी। मधुरा जीवपृष्ठा च वृहज्जोवा यशस्करी ॥
एवमेव बृहतपूर्त्रा रसवीर्यवलान्विता। भूतविद्रावणी ज्ञेया वेगाद्रसनियामिका ॥ (राजनिघण्टु)

स्वर्णजीवन्ती नामानि गुणाश्च :– (Dendrobium Maeraeilind)

हेमा हेमवती सौम्या तृण ग्रन्थिहिमाश्रया। सुवर्णपर्णी सुजीवन्ती स्वर्णजीवासुवर्णिका ॥
हेमपुष्पी स्वर्णलता स्वर्णजीवन्तिका च सा। हेमवल्ली हेमलत्ता नामान्यस्याश्चतुर्दशा ॥
स्वर्णजीवन्तिका वृष्या चक्षुष्या मधुरा तथा। शिशिरा वातपित्ता सृग्दाहजिद् बलवर्द्धनी ॥ (राजनिघण्टु)

अर्कपुष्पी नामानि गुणाश्च :– (Ho!ostema Rheedianum Spreng)

अर्कपुष्पी क्रूरकर्मा पयस्या जलकामुका। अर्कपुष्पी कृमिश्लेष्ममेह पित्तविकारजित् ॥ (भाव–निघण्टु)

विषमुष्टि नामानि गुणाश्च :– (Tailoplhora Fesiculata)

विषमुष्टिः केशमुष्टिः समृष्टिरमुष्टिकः। क्षुप डोडिसमायुक्त्यकोमुष्टिः पश्चामिधः स्मृतः ॥
विषमुष्टिः कटुस्तिक्तोदीपनं कफ वातहृत्। कण्डाभयहरी रुच्यारक्तपित्तार्तिदाहकृत ॥
विषमुष्टिः क्षुद्रमुष्टिः केशमृष्टिः समुष्टिका। विषमुष्टिः फलस्तिक्तः कषायः कफपित्तजित् ॥
हन्तिभेदः कृमिश्वास गुल्मार्शोमूषिका विषम्। बिष्टंमि रोचनं चोष्णं समुष्टिफलमग्निकृत।
कफहृत् पित्तकृद्ग्राहि जन्तुकुष्ठ प्रमेहजित् ॥ (कैदवे निघण्टु)

डोडिका नामानि गुणाश्च :– (Dodi)

डोडिका विषमुष्टिश्चडोडित्यपि समुष्टिका। डोडिका पुष्टिदा वृष्यारुच्यावलप्रदालघुः ॥
हन्ति पित्तकफार्शांसिकृमिगुल्मविषामयान् ॥ (भाव निघण्टु)
अन्या डोडी तु जीबन्ती शाकश्रेष्ठा सुरवालुका। बहुपार्णी दीर्घपत्रा सूक्ष्मपत्रा च जीवनी ॥
डोडी तु कटु तिक्तोष्णादीपनी कफवातजित्। कण्ठामयहरा रुच्यारक्तपितार्तिदाहनुत् ॥ (राज निघण्टु)

उपरोक्त निघण्टुकारों के अभिप्राय देखने से पता चलता है कि भावप्रकाशकारने जीवन्ती के नाम से जीवन्ती एवं डोडी इन दो द्रव्यों का वर्णन किया है। जब कैदेव निघण्टुकारने जीवन्ती नाम से जीवन्ती एवं विषमुष्टि का बर्णन किया है और राजनिघण्टुकार ने जीवन्ती नाम से जीवन्ती, वृहज्जीवन्ती, स्वर्ण–जीवन्ती एवं डोडी या विषमुष्टि का वर्णन किया है। इस तरह निघण्टुकारोंने खुद जीवन्ती नाम से जीवन्ती एवं बृहज्जीवन्ती, स्वर्ण जीवन्ती तथा डोडी या विषमुष्टि इतने द्रव्य लिए है। इन द्रव्यों के लिए बाद के ग्रंथकारोंने उपयुक्त छे द्रव्यों का लेटिन नाम देकर उल्लेख किया है। इस तरह शास्त्र में जीवन्ती एवं उस के भेद के नाम से वर्णन प्राप्त होता है। अब इन शास्त्रीय द्रव्यों का वास्तविक रूप क्या है इसका विवेचन करना जरूरी है।

–: जीवन्ती के भेद तथा रसगुणादि एवं वानस्पतिक वर्णनः–

(१) जीवन्ती :

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिननाम	हि.	गु.	म.	रस	गुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
१	जीवन्ती	Asclepiadaceae (एस्क्लीपिएडेसी)	Leptadenia– Reticulata	डोडी जीवन्ती	खरखोडी राडारुडी वाछंती	खरखोडी शरंदोडी जीवन्ती	मधुर वीर्य–शीत वि.–मधुर गु.–लघु, स्निग्ध	जीवनीय, वृष्य चक्षुष्य, ग्राही वृष्य, त्रिदोषघ्नी क्षयं, दाह, ज्वर अतिसार, विषदाह नक्तान्ध्य एवं व्रण में इसका उपयोग किया जाता है।	इसकी लता क्षुप जातीय तथा चक्रारोही होती है। इसके कांड कार्क युक्त होते हैं, और नवीन भाग श्वेताभ मृदु रोमश होते है। **पत्ते:**– दो से – तीन इंच लम्बे एक से डेढ़ इंच चौड़े अंडाकार नोकीले सरलधार सदृश और अधः पृष्ठ पर नीलाभ श्वेत रज से ढँके होते हैं। **पुष्प:**– कुछ मटमैले हरिताभ पीत रंग के होते हैं। **कलियाँ:**– एकाकी, दो से तीन इंच लम्बी, आधा से अधिक इंच बड़ी, सीधी, अच्छी लेकिन कठोर चिकनी और उनका अग्रभाग मोटा किन्तु चोंचदार टेढा होता है। शृंगाकार होती है।
२	शाकश्रेष्ठा								
३	पयस्विनी								
४	जीवा								
५	कुल्या								
६	भद्रा								
७	मधुस्रवा								
८	जीवपृष्ठा								
९	पुत्रभद्रा								
१०	सुखंकरी								
११	जीवनीया								
१२	देवपृष्ठा								
१३	मंगल्या								
१४	शृंगाही								
१५	शशशिम्बिका								
१६	सुपिङ्गला								
१७	काञ्जिका								
१८	शृंगशतिका								
१९	जीवनी								
२०	मधुश्वासा								
२१	नामधेया								
२२	रक्ताक्षी								

(२) स्वर्णजीवन्ती :

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिननाम	हि.	गु.	म.	रस	गुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
१	हेमा	Asclepiadaceae	Dendrolium Macraeilind (भा. नि.) Dregea Volubilis (रा. नि.) Delia Volubilis (आ. भि.)	जिबसाग हेमजीवन्ती सुनहरी जीवन्ती	जीवन्ती खरखोडी मीठी-खरखोडी	हरणवेल	मधुर वीर्य–शीत	लघु स्नेहन दाह, बल्य वृष्य वातरक्त, रक्तपित्त चक्षुष्यविकार, क्षय ज्वरदाह, दौर्बल्य में एवं रक्तविकार के उपयोग में आती है।	इसके बांये जामुन के वृक्षों पर पाये जाते हैं। जड़ प्रसरणशील तथा बलयुक्त होती है। जिससे लटकते हुए चमकीले तथा दो से तीन फीट लम्बे कांड निकले रहते हैं। कांड पर विभिन्न दूरीपर मूलकाकार कुछ दबे चमकीले तथा दो से अधिक इंच लम्बे कूट कंद रहते हैं। **पत्र:**– कूट कंद के अग्रभाग से एकाकी चार से आठ इंच लम्बा करीब आठ इंच चौड़ा रेखाकार कांड ताम्र एवं अनेक समांतर पतली शिराओं से युक्त होता है। **पुष्प:**– पत्र के आधार से निकले हुए एक से तीन करीब एक इंच वड़े तथा श्वेतवर्ण के रहते हैं। इनके औष्ठ एवं चंचु पीतवर्ण के रहते हैं। पुष्प कुछ ही घंटे विकसित रहते हैं।
२	हेमवती								
३	सौम्या								
४	तृणग्रन्थि								
५	हिमाश्रया								
६	स्वर्णपर्णी								
७	सुजीवन्ती								
८	स्वर्णजीवा								
९	सुवर्णिका								
१०	हेमपुष्पी								
११	स्वर्णलत्ता								
१२	स्वर्णजीवन्तिका								
१३	हेमवल्ली								
१४	हेमलता								

(३) अर्कपुष्पी

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिननाम	हि.	गु.	म.	रस–गुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
१	अर्कपुष्पी	Asclepiadaceae	Holostemma–Rhedianum	अर्कपुष्पी मोरण अंडा	खरजरे खखिले	खानदोडका शिरदाडो	तिक्त–शीतल कटु–रूक्ष	इसकी लता बड़ी आरोही चिकनी चमकदार तथा कांड पोले रहते हैं।
२	क्षीरिणी							

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिननाम	हि.	गु.	म.	रस–गुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
३	दुर्धर्षी		spreng (भा.नि.)	रानीभारणी		तुलतुली	स्नेहन– पित्तविकार–मूत्रजनन शोथघ्न–प्रमेह अश्मरी–नेत्रविकार के उपयोग में आता है।	पत्ते :– आयताकार लट्वाकार गुडुच के समान तीन से सात इंच लम्बे-लंबाग्र फलकमूल के पास बहुत भीतर की ओर घुसे हुये कठोर एवं अधस्तल पर मृदु रोमश होते हैं। पुष्प :– सुगंधयुक्त भीतर लाल बैंगनी और बाहर श्वेत या हलके गुलाबी रंग के प्राय: सचूड काम में आते हैं। फली :- चार से पांच इंच लम्बे आयताकार लेकिन सिर पर क्रमश: पतली होकर कुंठिताग्र रहती है तथा उसके पृष्ठपर दाने रहते हैं। इसके जड तथा पत्तों का चिकित्सा में व्यवहार किया जाता है।
४	क्षीरदधि		Holostenma–	छरिबेल				
५	शीतला		Annularo (वा.वर्णन)	दधि और				
६	शीतपर्णी		Holostemnia	अंधाहुली				
७	क्रूरकर्मा		Rheedia (आ. भि.)					
८	पयस्या							
९	जलकाङ्क्षा							
१०	शिरदोडी							

(४) विषमुष्टि

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिननाम	हि.	गु.	म.	रस–गुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
१	डोडिका	(Asclepia-	Tyiloplora–	विषडोडी	तिक्तदोडी	विषडोडी	यह कटु–तिक्त कषाय रसवाली होती है। उष्ण पुष्टिदायक, वीर्यवर्धक, रुचिकारक जठराग्नि को दीप्त करनेवाली लघु एवं मेदवात कफ, अर्श गुल्म, कृमि एवं विषरोग को दूर करनेवाली है। पित्तवर्धक होती है एवं दाहकृत होती है।	इस तिक्त जीवन्ती का फल हाथ की मूठी जैसा आकार का होता है। स्वाद में तिक्त होता है। इससे उसका विषमुष्टि नाम दिया है। इसकी लता जमीन पर प्रस्तर देखने में आती है। इस तिक्त जीवन्ती की लता के पत्र धावडी के पत्र सदृश लम्बे होते हैं। इस लता की एक डाट में दो-दो जोड कार्क रूप में दो फल एक साथ आते हैं। वह फल अर्क के फल के समान बड़ा और गोलाकार होता है इस फल में जखम करने से अंदर से श्वेत दुग्ध निकलता है।
२	विषमुष्टि	daceae)	Fasciculata					
३	डोडीक्षुपमुष्टि							
४	समुष्टिका							
५	केशमुष्टि							
६	क्षुद्रमुष्टि							
७	तिक्तभद्रा							
८	अणुमुष्टिक							
९	तिक्तजीवन्तिका							

(५) बृहज्जीवन्ती :

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिन	हि.	गु.	म.	रस-गुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
१	बृहज्जीवन्तिका	—	Sasapralla (रा. नि.) Leptadenia-Reticulata (आ. भि.)	बडी जीवन्ती	सोही खरखोडी तृणधारनी	—	बृहज्जीवन्ती को जीवन्ती के सदृश रस गुण वाली बताई है। (रा. नि.) भूत विद्रावक और पारे को बांधने वाली है। वेगसे याप्य (रस) को नियमन करनेवाली है।	इसकी शींग तीन इंच से अधिक लम्बी होती है। इस शींग में से पीत वर्ण का दूध निकलता है। उसकी कच्ची शींग का और फलों का शाक होता है। उसके पत्ते डीह के पास कुण्ठित और लम्बे होते है। उसके पते के डीह में से दूध निकलता है। उसके डंडे हाथ की अंगुली के समान मोटे होते हैं, एवम् दो धारवाले होते हैं। (आ. भि.)
२	पुत्रभद्रा							
३	प्रियंकरी							
४	मधुरा							
५	जीवपुष्पा							
६	बृहज्जीवा							
७	यशस्करी							

(६) लघुजीवन्ती :

क्रम	पर्याय	कुल	लेटिन	हि.	गु.	रसगुणधर्म	वानस्पतिक वर्णन
१	लघुजीवन्ती	Asclepiadaceae	Pendatropis Microphylla	लघुजीवन्ती अमरवेल	डोडी शिंगरोही सूडिया की लता सूरणवेल	जीवन्ती सदृश होते हैं।	उसके पत्ते आवर्तकी के पत्ते के सदृश मोटे होते हैं। इसके पत्ते खीचकर तोडने से उसके समान टुकडे होते हैं।

विचार विमर्श :–

उपरोक्त विवरण को देखते हुये इतना स्पष्ट होता है कि निघण्टुकारों ने जीवन्ती का वर्णन करते हुये जीवन्ती डोडी का बृहज्जीवन्ती, स्वर्ण जोवन्ती, विषमृष्टि, अर्क पुष्पी एवं लघु जीवन्ती का वर्णन किया गया है। इन सबको जीवन्ती कहने का एक कारण यह है कि इन सब में जीवन शक्ति को बढ़ाने वाला गुण है और इसी कारण इसे जीवनीय माना गया है। इसके अलावा इसमें मधुर रस पाया गया है एवं विपाक भी मधुर और वीर्यशीत माना गया है। इन सभी प्रकारों में वृष्य गुण बताया गया है और इन प्रकारों में चक्षुष्य गुण भी पाया गया है। इसमें सभी प्रकार दाह एवं रक्तपित्त या रक्तविकार और पितविकार अच्छा करने का गुण पाया गया है। लेकिन इसमें से अर्कपुष्पी या विषमृष्टि मधुर नहीं है। उसमें तिक्त रस मिलता है। तिक्त रस के कारण उसमें शोथ–प्रमेह कृमि एवं अश्मरी की दूर करने का गुण है। सभी प्रकार लता के रूपमें है। इसमें से केवल स्वर्णजीवन्ती को बांदा माना गया है। इस तरह साम्य होने से इन सभी द्रव्यों को ग्रन्थकारोने जीवन्ती और जीवन्ती भेद मांना है।

इनमें से जीवन्ती (Leptadenia Reticulata) के पत्ते दो से तीन इंच लम्बे एक से दो इंच चौडे अंडाकार नोकीले एवं सरल धार वाले हैं। जब कि स्वर्ण–जीवन्ती (Dendrobium Macraeilind) के पत्र चार से आठ इंच लम्बे आठ इंच चौडे रेखाकार है और अर्कपुष्पी (Holostemma Rheedia) के पत्र लट्वाकार आयताकार गुडूचि के समान तीन से सात इंच लम्बे, लम्बाग्र युक्त होता है। विषमुष्टि (Tailoplora Fesiculata) का पत्र धावडी के पत्र के सदृश होता है। पत्ते समवर्ती या कुछ विषमवर्ती और कहीं–कही तीन-तीन पत्ते एक साथ गुच्छों में दिखाई पडते है। वे दो-से चार इंच लम्बे $\frac{3}{4}$–१$\frac{1}{4}$ इंच चौडे भालाकार नोकदार तथा सरलधार होते है। बृहज्जीवन्ती (Sasapralla) के पत्र वृन्त के पास गर्तयुक्त होते है और लम्बे होते हैं, और पत्र वृन्तमें से दूध निकलत्ता है। लघुजीवन्ती (Pentatropis Maicrofela) के पत्र आवर्तकी के पत्र के समान मोटे होते है और खीचनेसे उसकी तरह टूटते है। जीवन्ती के पुष्प मटमैले हरिताभ पीत होते हैं। स्वर्णजीवन्ती के पुष्प श्वेतवर्ण के एवं उनके ओष्ठ एवं चंचु पीतवर्ण के होते है। अर्कपुष्पी के पुष्प भीतरलाल बैंगनी रंग के और बाहर श्वेत हलके गुलाबी रंगके होते है। विषमुष्टि के पुष्प से दूध निकलत्ता है। बृहज्जीवन्ती के पुष्प जीवन्ती के सदृश होते हैं। इसमें से जीवन्ती, स्वर्णजीवन्ती बृहज्जीवन्ती एवं लघुजीवन्ती मधुर रसवाली और अर्कपुष्पी एवं विषमुष्टि कटु–तिक्त रसवाली है।

निघण्टुकारों के मूल वर्णन को देखते हुऐ यह स्पष्ट होता है कि जीवन्ती (Leptadenia–Reticulata) एवं स्वर्ण जीवन्ती (Dendrobium Macreilind) और बृहज्जीवन्ती (Sasapralla) एवं लघुजीवन्ती (Pentatropis Maicrofila) ये दोनों लेप्टाडेनिया के ही प्रकार में कद के कारण पाया हुआ स्थानिक भेद है। वानस्पतिक दृष्टि से एक ही द्रव्य लगता है। अर्क पुष्पी (Holestemma Rheedianum Spreng) का कुल एस्क्ली पिएडेसी है। इस कारण से उसका भी जीवन्ती के साथ जीवन्ती भेद माना गया है। लेकिन रस की दृष्टि से देखो तो जीवन्ती मधुर है। लेकिन अर्क पुष्पी तिक्त कटु है। इस कारण उसमें जीवनीय गुण है कि नहीं यह शंका का विषय है। और जीवन्वी के विषय में उनको प्रयुक्त नहीं कर सके हैं। वनस्पति की दृष्टिसे साम्य होने पर भी रस गुण वीर्य–विपाक अलग होने से उसको जीवन्ती माने तो भी उसका उपयोग उसी ढंगसे नहीं, कर सकते। जिस तरह दुग्धिका एवं कर्कटी मधुर एवं तिक्त दोनों तरह की पाई जाती है। लेकिन दोनो के गुणों में अन्तर आ जाता है। उसी तरह जीवन्ती मधुर एवं तिक्त मिले तो भी उसके गुणोंमे अन्तर आने से उसका समान रूपसे उपयोग नही कर सकते। यहाँ तो वनस्पति दृष्टि से भी कुल एक होने से भी द्रव्य या उसकी प्रजाति अलग है। इस लिए उसको अलग ही मानना चाहिए। इसी तरह विषमुष्टि के बारे मे भी स्पष्ट है कि उसका रस भी कटु–तिक्त होने से वह जीवन्ती से अलग है।

निष्कर्ष :

उपर्युक्त विवेचन से इतना स्पष्ट हो जाता है कि जीवन्ती (लेप्टाडेनिया लेटिबयुलेटा) एवं उसके भेद में स्वर्ण जीवन्ती तथा बृहज्जीवन्ती शास्त्रकारोंने बताई है। अर्कपुष्पी और विषमृष्टि इन दोनों का जीवन्ती के भेद के रूप में निघण्टुकारोंने जो वर्णन किया है वह गुणोंमें साम्य होने की वजह से हुआ है। लेकिन भावप्रकाश के मत के अनुसार जीवन्ती, स्वर्णजीवन्ती एवं बृहज्जीवन्ती इन तीनों का ही समावेश जीवन्ती एवं जीवन्ती भेद में करना चाहिये ऐसा नम्र अभिप्राय है।

—:◆:—

संदिग्ध औषधि द्रव्यों का निश्चितीकरण

लेखक : **वैद्य सी. व्ही नाईक**
जी. सी. ए. एम्., ए. व्ही. पी.
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
नांदेड (महाराष्ट्र)

नागपुर में संदिग्ध औषधि द्रव्यों के निश्चितीकरण के लिये यह तद्विद्य संभाषा आयोजित की गयी है यह एक आनंददायी बात है। चरक संहिता में उल्लेख है –

"भिषक् भिषजासह संभाषेत, तद्विद्य संभाषा हि ज्ञानाभियोग–संहर्षकरी भवति" (चरक विमान ८)

आजकल आयुर्वेद के बारे में सामान्य लोगों की अपेक्षाएँ बढती जा रही हैं, और उनकी अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिये आयुर्वेद के व्यवहार में जो त्रुटियाँ हैं उन्हें दूर करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। उन त्रुटियों में से महत्वपूर्ण त्रुटि यह है कि, औषधि निर्माण के लिये जब हम औषधि पाठ के अनुसार घटक द्रव्यों को विशिष्ट प्रमाण में लेना चाहते हैं तब उन द्रव्यों में से सभी द्रव्य निश्चितरूप से हमें मालुम होते हैं ऐसा नहीं होता। कई बार पाठ में उल्लिखित एकाध द्रव्य को वैद्य जानता ही नहीं, तो कई द्रव्य ऐसे होते हैं कि हर प्रांत में अलग-अलग वनस्पति उस नाम से उपयोग में लाई जाती है। उदाहरण के तौर पर "पर्पट" नाम से नासिक में अलग वनस्पति उपयोग में लायी जाती है तो दक्षिण भारत में अलग ही वनस्पति पर्पट कहलाती है। ग्रंथकारों में भी मतभेद दिखाई देते हैं। भाव प्रकाश में तो पर्पट नाम से अलग-अलग छः वनस्पतियों का वर्णन दिया है (ब्रह्मदत्तशास्त्री संपादित भावप्रकाश), और अलग अलग फॅमिली की वनस्पतियों का वर्णन पर्पट नाम से दिया गया है। मेडिसिनल प्लॉटस् इन धन्वन्तरीय निघंटु में पर्पट कालॅटीन नाम Fumarica officinalis दिया है तो प्रियव्रत शर्माने द्रव्यगुण विज्ञान में Fumaria Perviflora को पर्पट कहा है। तो कई द्रव्यों के बारे में विद्वानों में मतभेद है जैसा कि भावप्रकाशकार चव्य के बारे में खुद लिखते हैं कि चव्य के फल को ही कुछ विद्वान गजपिप्पली कहते हैं।

बहुत ही नित्योपयोगी और प्रसिद्ध द्रव्य गुडुची का ही उदाहरण देखें तो इसके बारे में भी आधुनिक ग्रंथों में मतभेद दिखाई देता है। "मेडि. प्लॉटस् इन धन. नि." इस पुस्तक में (१) Tinospora cordifolia और (२) Menispermum Columba ये दो प्रकार वर्णन किये हैं तथा आगे लिखा है कि निम्नलिखित वनस्पतियों का भी गुडुची नाम से देश के विविध भागों म प्रयोग किया जाता है।

(१) Tinospora crispum (chopra) (२) Menispermum Verrucosum (used in south India) उसी तरह दूसरा नित्योपयोगी द्रव्य है "वासा" इसमें भी Adhatoda Vasica यह वनस्पति वासा कहलाती है। फिर भी Adhatoda beddomei यह वनस्पति केरल में वासा नाम से उपयोग में लायी जाती है और वह अधिक उपयोगी पायी जाती है। डॉ. देसाई ने तो श्वेत अडूसा और कृष्ण अडूसा Justica picta और Justica gendarussa इसतरह बताये हैं। उसी तरह शतावरी के भी प्रकार पाये जाते हैं। (a) Asparagus recemosus (b) Asparagus ocfficinalis. ये प्रकार बताये जाते हैं मगर दक्षिण में Asparagus sarmuntosus यह अलग ही प्रकार दिखाई देता है। पुनर्नवा के बारे में भी बहुसंदिग्धता है। भावप्रकाश में (ब्रह्मशंकर शास्त्री द्वारा संपादित) पुनर्नवा के भेद बताये गये हैं और आगे चलकर पुनर्नवा और वर्षाभु के और दो–दो भेद रक्त और श्वेत बताये गये हैं।

उनकी राय से Trianthema Partulacastrum वर्षाभू है और Boerhaavia diffusa पुनर्नवा है तो "मी.प्लॉ. इन धन्व. नि." में (अ) कठिल्लक – Boerhaavia diffusa और (ब) Boerhavia rependa को वृश्चिर बताया है। उनको राय से पुनर्नवा के प्रकार निम्नलिखित हैं –





वनस्पति विशेषज्ञ श्री रूपालालजी वैद्य निर्मित "अभिनव बुटी दर्पण चित्रावली" नामक पुस्तक में भी एक एक द्रव्य के कई प्रकार तथा एकही नाम से अलग–अलग वनस्पतियां दिखाई गयी हैं। (यह पुस्तक तद्विद्य संभाषा में बतायी जायगी) इस पुस्तक में पुनर्नवा, भारंगी, मूर्वा, रास्ना, ब्राह्मी आदि द्रव्यों के जो चित्र बताये गये हैं उनको देखकर अभ्यासक का संभ्रम निश्चित रूप से बढ़ता है।

जब हम छात्रों को द्रव्यगुण पढ़ाते हैं तब हमें इन कठिनाइयों का मुकाबला करना पड़ता है कि कौनसी वनस्पति निश्चित रूप से किस नाम की है, यह हम भी नहीं बता सकते। इसका कारण यह है कि भारत के हर प्रांत में अलग–अलग परंपराएँ चली आयी हैं। उन परंपराओं के अनुसार द्रव्यों का नामकरण दिखाई देता है।

इसलिये इन बातों को व्यवस्थित बनाने के लिये निम्नलिखित उपायों को ध्यान में लेना चाहिये।

१) द्रव्य निश्चिती के लिये एक ओर "बोटॅनिकल सर्व्हे ऑफ इंडिया" का सहकार्य लेकर और दूसरी ओर अलग-अलग विभागों में वृद्ध वैद्य अथवा कविराज हैं उनका भी सहकार्य लेकर इन विवाद्य द्रव्यों का निश्चितीकरण करना चाहिये।

२) भारत के हर प्रदेश में वनस्पतियों का सर्वेक्षण Survey करना पड़ेगा और इस सर्वेक्षण में एकही नाम से व्यवहृत होने वाली वनस्पतियों को इकट्ठा करके बाद में ग्रंथों के रस, वीर्य, विपाक; प्रभाव आदि गुणों को देखकर द्रव्य विनिश्चय करना चाहिये। उदाहरण के तौर पर:—

महाराष्ट्र में निर्गुंडी नामक दो-तीन वनस्पतियाँ मिलती हैं इनको लाकर जिसमें "सिन्दुवारदलंजन्तुवातश्लेष्महरं लघु" (भावप्रकाश) ये गुण अधिकता से पाये जाते हैं उसे असली निर्गुंडी समझना चाहिये।

३) यह सर्वेक्षण करने के समय उस उस प्रदेश में किस किस नामों से वहाँ की वनस्पतियों को पहचाना जाता है यह मालुम कर लेना चाहिये। क्योंकि जो वनस्पति कई सदियों से जिस प्रदेश में पैदा होती है वहाँ के आदिवासी वनवासी उसे निश्चित रूप से जानते हैं और उपयोग में भी लाते हैं। इसीलिये तो चरक संहिता में उल्लेख है:—

ओषधोर्नामरूपाभ्यां जानते ह्यजपा वने। अविपाश्चैव गोपाश्च ये चान्ये वनवासिनः।
च. सू. १/१२०

तथा धन्वन्तरि निघण्टु में बताया गया है —

किरात गोपालक तापसाद्या वनेचरास्तत्कुशलास्तथाऽन्ये।
विदन्ति नानाविध भेषजानां प्रमाण वर्णाकृति नाम जातिः ।।
प्रायो जनाः सन्ति वनेचरास्ते गोपादयः प्राकृत नाम संज्ञाः ।। (धन्वन्तरि निघुंटु)

इन उदाहरणों से यह विदित होता है कि हमारे आद्य ग्रंथकारों ने भी औषधि द्रव्यों की जानकारी वनवासी – आदिवासी – तापस आदि लोगों से ली है। उन लोगों का ज्ञान असल में Folk medicine है उसमें संशोधन करके उसे शास्त्रीय रूप देना हमारा काम है। इसलिये सूक्ष्म निरीक्षण और इन लोगों के पास से जानकारी प्राप्त करना पडेगा। जब हम किसी द्रव्य का निश्चय करेंगे तब हमें यह देखना होगा कि ग्रंथों में उसके जो पर्याय नाम दिये गये हैं उनका संबंध उस द्रव्य से क्या है। चरक सुश्रुत तथा वाग्भट ने जो पर्याय नाम बतलायें हैं उनके पीछे उन द्रव्यों का स्वरूप, उनका कार्य, उनका उत्पत्तिस्थान आदि बातों की जानकारी देना यह उद्देश्य है ऐसा दिखाई देता है।

जैसे गुडूची का नाम चक्रलक्षणा, छिन्नरुहा, जीवन्ती है वैसे किराततिक्त का नाम भूनिम्ब, तिक्तक, सुतिक्तक, नैपाल – ज्वरान्तक – निद्रारी आदि है। इस में नैपाल यह उत्पत्ति स्थान दर्शक नाम है, ज्वरान्तक रोगघ्नत्व बताता है। गोक्षुर के नामों में स्वादुकण्टक – त्रिकण्टक ये पर्याय गुण और स्वरूप दर्शक है। भंगा के नाम देखिये – तंद्राकृता, बहुवादिनी ये नाम इस द्रव्य का शरीरपर क्या परिणाम होता है यह बताते हैं। आधुनिक शास्त्र में जिसे Morphology कहते हैं उसी तरह का वर्णन पुराने ग्रंथों में इन पर्याय नामों के रूप में दिखाई देता है। जैसे, कपिकच्छु का नाम कपिरोमफला, बाकुची का नाम सोमराजी – कृष्णफला, मरोडफल्ली का नाम आवर्तकी – वामावर्ता, आरग्वध का दीर्घ फल।

इस तरह के पर्याय नामों का अध्ययन करके भी द्रव्य की पहचान हो सकती है। जब इस तरह के तद्विद्य संभाषाओं का आयोजन किया जाता है तो हर वैद्य को अपने विभाग में होनेवाली – उपलब्ध होनेवाली बनस्पतियां बताने के लिए यहां ले आना चाहिये। इस तरह के डेमॉन्स्ट्रेशन से द्रव्यपरिचय हो जाता है और संभ्रम भी दूर हो सकते हैं।

* * *

केतकी संदिग्धता निवारण

लेखक : **वैद्या कु. एम. पी. तेरैया**
एम. डी.
प्राध्यापिका : सरकारी आयुर्वेद कॉलेज
जूनागढ़

प्रस्तावना :

चिकित्सक कितना भी विद्वान हो, लेकिन औषध जो शास्त्रोक्त न हो तो, वह शरीर में रोग निवृति के स्थान पर रोग वृद्धि कर देता है। इसके संदर्भ में आचार्य चरकने बताया है कि न जानी हुई औषधि उसी प्रकार प्राण घातक होती है, जिस प्रकार विष, शस्त्र, अग्नि या इन्द्र का वज्र प्राण को हर लेते हैं। यहाँ पर कहने का तात्पर्य यह है कि शास्त्र में कई औषधों का वर्णन किया है। लेकिन आजतक उसमें से कई औषधियाँ ऐसी हैं, कि जिनकी संदिग्धता निवारण अति आवश्यक है। कभी कभी एकही औषधि के नाम पर अनेक औषधि एक नामसे प्रचलित है, परंतु सब औषधि एक दूसरे से भिन्न है। ऐसी परिस्थिति में शास्त्रोक्त वर्णित कार्यकारी औषध क्या है, यह निश्चित करना अति आवश्यक बन जाता है। उनमें से केतकी भी एक संदिग्ध औषध होने से उनकी संदिग्धता निवारण करना आवश्यक बन गया। क्योंकि केतकी नाम से व्यवहार में पाँच औषध प्रचलित है। उन पाँच में से शास्त्रोक्त केतकी क्या है, इसका विवरण प्रस्तुत विषय में किया गया है।

केतकी

शास्त्रोक्त वर्णन :

व्यवहार में केतकी नाम से निम्न औषध प्रचलित है।

१. केतकी– Pandanus odoratissimus.
२. तृण केतकी– Agaue augustifolia Haw.
३. विलायती केतकी– Agaue americana.
४. अडवाड केतकी– Agaue rigida.
५. नागफणी केतकी– Sansevieria roxburghiana schalt.

१) केतकी– Pandanus odoratissimus.

संस्कृत नाम :– केतक, सुचीपुष्पा, क्रकचछद, तृणशून्य, जम्बुक, जम्बुल, चामरपुष्पा, हलिन,

केतकी, तीक्ष्णपुष्पा, विकला, धूलिपुष्पिका, मेध्या, कंटदला, शिवद्विष्टा, नृपप्रिया, क्रकचा, दीर्घपत्रा, स्थिरगन्धा, इन्दुकलिका, दलपुष्पा, पांशुला, सुवर्णकेतकी, लघुपुष्पा, सुगंधिनी, हेमकेंतकी, कनकप्रसवा, पुष्पा, हेमा, छिन्नरुहा, विष्ठारुहा ।

हिन्दी नाम :– केवडा

गुजराती नाम :– केवडो

स्वरूप :– इसका गुल्म १०-१२ फिट उँचा, काण्ड टेढ़ा, अनेक शाखायुक्त, उनमें से अनेक प्ररोह (बरोहट की तरह) निकलते हैं। पत्र ३–५ फिट लंबे, स्निग्ध, हरितवर्ण, अग्रभाग नुकीला, किनारा एवं मध्य शिरा कंटकित होता है।

पुष्प :– अवृन्त कान्डज पत्रावृत होते हैं तथा पत्रकोष श्वेतवर्ण का सुगंधित होता है। पुष्प एकलिंगी भिन्न भिन्न वृक्षों पर होते हैं। पु. पुष्पव्यूह अति सुगंधित २५–५० सें. मि. लंबा पुष्पगुच्छित शाखाओं में विभक्त होता है। स्त्री पुष्प व्यूह अविभक्त ५ सें. मी. व्यास का होता है।

फल :– आयताकार या गोल ४ से १० इंच लम्बा, ४ से ८ इंच व्यास में गहरे नारंगी वर्ण का ४ से ६ इंच लम्बे वृन्त में लगा रहता है। वर्षा में पुष्प, ग्रीष्म में फल आते हैं। शास्त्र में दो भेद वर्णित किए हैं। श्वेतपुष्पा एवं हेम पुष्पा।

उत्पत्ति स्थान :– समुद्र एवं नदी, तालाब के किनारे, उडीसा, आंध्र, मद्रास।

उपयोग :– शण, वस्त्र, रस्सी, इत्र, तैल एवं औषध के रूप में तथा चक्षुष्य, विषनाशक, कंडुघ्न वात–प्रमेह, कफनाशक, दीपन, रसायन, वाजीकरण बताया है। उनका रस–तिक्त, मधुर कटु, वीर्य – उष्ण विपाक–कटु, गुण – स्निग्ध – लघु बताया है।

तृण केतकी

(२) तृणकेतकी :

Agare Augustifolia Haw

हिन्दी नाम:– बनकेडरा, जंगली केतकी

गुजराती नाम :– अडबाठ केतकी

स्वरूप :– इनके गुल्म कुंवार जैसे लेकिन उनसे ऊचे होते हैं। उनके पत्र लम्बे कम चौडे दोनों किनारी कंटकित होते हैं। पत्र खडे, स्निग्ध, श्वेताभ हरित वर्ण के अल्प रसयुक्त होते हैं। बीच में से १० से १५ फीट ऊँचा दंड निकलता है। उनके ऊपर शाखाओं पर पुष्प आता है।

पुष्प :– हरिताभ पीत होते हैं। उनके दंडपर ही पुष्प में उनके क्षुप निकल आते हैं, बाद में नीचे मिट्टी या रेत में गिरकर वहां उग आते हैं। गुणकर्म में वह विषघ्न एवं कफघ्न बताया है। उनके पुष्प से वमन होता है।

(३) विलायती केतकी – **Agave Americana**

गुजराती :– विलायती केतकी, जंगली कुवार।

हिन्दी :– विलायती केडरा, राम कांटा, राकास पट्टा, विलायती कोरकंद, वराकंबार।

स्वरूप :– उनके क्षुप अडबाड केतकी के समान होते हैं। लेकिन थोडे छोटे होते हैं। इसमें पर्ण के घेराव अधिक होते हैं। पर्ण थोडे छोटे फिर भी चौड़े बड़े नोकपर अधिक धारदार विशेष रस युक्त हरा होता है। दिखने में कुँवार जैसा है। उनके किनारी पर सरल कंटक होते हैं, पर्ण पीछे की ओर झुके हुए होते हैं – पुष्प के आते समय पर्ण के चक्रों के बीच में से २० से ४० फोट ऊँचा गोल दंड निकलता है। उनपर छोटी शाखायें उत्पन्न होकर उस पर फूल आते हैं। फूल आने के बाद ये फुल युक्त क्षुप शुष्क हो जाते हैं, और क्षुप के नीचे के भाग से नया क्षुप उत्पन्न होता है। इस तरह छोटे कंद सहित क्षुप तैयार हो जाते हैं।

उपयोग :– उनका उपयोग अडबाड केतकी के समान है। इसके मूल मूत्रल एवं विस्फोट नाशक है।

(४) अडबाड केतकी – **Agave Rigida**

उनके पत्र खरसर, छोटे ओर गुज कांटेवाले, किनारी पर कंटक युक्त होते हैं। पत्र ३ से ४ फीट लम्बे $\frac{1}{4}$ इंच मोटे, ३ से ६ इंच चोडे होते हैं। बाकी तृणकेतकी के समान है।

(५) नागफणी केतकी – **Sensevieria Roxburghianaschalt.**

उनके पत्र १॥ से ३ फीट लम्बे होते हैं। ३ इंच चौड़ा सर्प की केन के आकार का हरे रंग का और बीच में गहरे हरे रंग का पट्टा होता है।

पुष्प :– पत्र के बीच में से मुख्य दंड निकलता है। उस पर हरिताभ श्वेत वर्ण के एक से दो इंच लम्बे फूल कलगी के समान दिखाई देते हैं उनका व्यावहारिक उपयोग तृणकेतकी के समान है, उनका औषधीय उपयोग सर्प दंश में लगाने के लिये काम में आते हैं।

विचार विमर्श :

उपरोक्त वर्णित पाँच प्रकार की केतकी में से शास्त्रोक्त केतकी, केतक है। इनकी भिन्नता का कारण निम्नोक्त है। आयुर्वेद शास्त्रोक्त वर्णित केतक (Pandanus odoratissimus) अन्य केतकी से नाम पर्याय, वानस्पतिक वर्णन में पत्र, पुष्प, काण्ड, फल, रस, गुण, वीर्य, विपाक, गुणधर्म एवं दोषघ्नता से भिन्न है। अब उनकी भिन्नता के ऊपर विचार करें तो :–

पर्याय की दृष्टि से भिन्नता :

केतक के जितने नाम एवं पर्याय शा. नि. एवं अन्य निघंटु में वर्णित हैं वह सब अन्य केतकी के नहीं हैं। अन्य केतकी के नाम भिन्न है।

वानस्पतिक वर्णन से भिन्नता :

स्वरूप :– केतक का जो गुल्म होता है वह अन्य केतकी से भिन्न है। केतक में से प्ररोह निकलकर जमीन मे जाते हैं। गुल्म फैला हुआ रहता है जिनकी उचाई १०–१२ फीट होती है। जब कि अडबाड केतकी (तृण केतकी) की ऊँचाई १०–१५ फिट होती है। विलायती केतकी की उचाई २०–४० फीट होती है। अडबाड के सिर्फ पत्ते लंबे रहते हैं। नागफली केतकी की उँचाई १–३ फीट होती है।

पत्र :– केतक के पत्र ३–५ फिट लंबे, सीधे, झुके हुए; स्निग्ध, हरित, अग्रभाग नुकीला, किनारे एवं शिरा कंटकित। जब कि तृण केतकी के पत्र लम्बे, किनारे कंटकित, श्वेताभ हरित वर्ण के होते हैं और विलायती केतकी के पत्र उनसे मोटे, लंबाई में कम, किनारी कंटकित युक्त होती है। जब भडबाड केतकी के पत्र अधिक लंबे, कंटकित होते हैं। नागफणी केतकी के पत्र नाग की फन के समान गहरे हरे रंग के पत्र वाले १–३ इंच लंबे होते हैं।

फल :– केतक के फल ४–१० इंच लंबे, ४–८ इंच व्यास के गहरे नारंगी वर्ण के होते हैं।

पुष्प :– शास्त्र में केतकी द्वय करके उनके पुष्पभेद से दो प्रकार वर्णित किये हैं। १. श्वेतपुष्प, २. हेमपुष्प। दोनों अलग अलग गुल्म में होते है। जब अन्य केतकी में प्रकार भेद नहीं है। अवृन्त कान्डज, पत्रावृत, पत्रकोष श्वेतवर्ण का सुगंधित होता है। पुष्प एकलिंगी भिन्न-भिन्न वृक्षोंपर होते है। पुरुषपूष्पव्यूह अतिसुगंधित २५–५० सें. मी. लंबे। स्त्रीपुष्पव्यूह दृढ आयताकार ५ सं. मी. व्यास के होते हैं। जबकि तृण केतकी के पुष्प हरिताभ, पीतवर्ण के होते है, एवं नागफणी केतकी के पुष्प हरिताभ श्वेत वर्ण के होते हैं। केतक के पुष्प में से मनपसंद सुगंध आती है जो अन्य केतकी में अनुपस्थित है।

गुणकर्मभिन्नता :

सब केतकी के व्यवहारिक उपयोग समान है। केतक रस में तिक्त, मधुर, कटु, गुण :– स्निग्ध, वीर्य :– उष्ण, विपाक में कटु है। जब कि तृण केतकी तिक्त कटु हमको मालुम हुआ और ग्रामीण लोग विस्फोटक व्याधि में एवं मूत्रल औषध से उपयोग करते हैं, एवं उनको कफ निःसारक एवं वामक वर्णित किया है। विलायती केतकी को मूत्रल, एवं विस्फोटक नाशक बताया है। इनका उपयोग दारु को बनाने में होता है। नागफणी केतकी को सर्पदंश पर लगाने का उल्लेख मिलता है। जब कि केतक के चक्षुष्य, रसायन, वाजीकरण आदि गुण वर्णित किये गये हैं जो अन्य में नहीं मिलते।

उत्पत्ति भेद से भिन्नता :

केतक के बीज से केतक का नया गुल्म तैयार होता है। जब कि तृण केतकी के क्षुप उनके निकले हुये डांडे पर ही तैयार होते हैं और बांद में नीचे गिरकर उत्पन्न होते हैं, और विलायती केतकी में उनका वृक्ष शुष्क होने के वाद उनके पुष्प के कंद में से नया क्षुप तैयार होता है। जबकि नागफणी में उनका प्रत्येक पत्र मूल से विभिन्न करके उगाया जाता है। इस तरह उत्पत्ति भेद से सब एक दूसरे से भिन्न हैं।

निष्कर्ष :

उपरोक्त पांच प्रकार की केतकी का वर्णन एवं गुणधर्मों से यह निर्णय कर सकते हैं कि सब प्रकार की केतकी में से केतक (Pandanus odorati ssimus) ही शास्त्रोक्त केतकी है।

–: ◆ :–

औषध परिचय तथा तत्सम्बन्धी विचार में सन्दिग्धता दूर करने के कुछ आधार व उपाय

लेखक :– डॉ. इन्द्रसेन जेतली
चण्डीगढ़

आयुर्वेद–जगत् इस समय औषधियों की सन्दिग्धता को दूर करने में बड़ा प्रयत्नशील है। इस सन्दिग्धता को दूर करने के हमारे प्रयासों के आधार क्या होने चाहिये ?

पहिला आधार :

हमें निघण्टुओं में दिये औषधियों के नामों के पर्यायवाचियों को देखना चाहिये। नामों की सार्थकता की परीक्षा करनी चाहिये।

प्रश्न उठता है कि क्या ये सारे पर्यायवाची नाम किसी एक औषधि के सूचक हैं ? पर्यायों का तात्पर्य तो यही होता है कि वे सब एक ही वनस्पति के सूचक होते हैं। "वनस्पतिशास्त्र में भी किसी वनस्पति की एक टैक्सन (Taxan) क्या है" इस पर बड़ा विवाद है। आयुर्वेद में भी ऐसा ही है। जैसे वचा को ले लोजिये। भावमिश्र भावप्रकाश निघण्टु में लिखता है—

"वचोग्रग्रन्था षट्ग्रन्था गोलोमी शतपर्विका"

उसने वचा का एक पर्याय षट्ग्रन्था दिया है तो दूसरा शतपर्विका। ये दोनों पर्याय परस्पर मेल नाहीं खाते। एक ओर तो यह लिखा गया कि वचा उस औषधि को कहते हैं कि जिसमें ६ गाँठें (Nodes) होती हैं। दूसरी ओर यह भी कहा गया कि यह शतपर्विका है अर्थात् उसमें १०० पर्व (inter–nodes) होते हैं। इस लिये वस्तुतः ये शब्द पर्यायवाची नहीं हो सकते, तो फिर ये क्या हैं ? ये वचा की दो वैरायटियाँ (भेद) हैं। एक वह वैरायटी है कि जिसमें प्रायः ६ गाठें मिलती हैं। तथा दूसरी वह है कि जिसमें सौ अर्थात् बहुत ग्रन्थियाँ मिलती हैं। इसके अलावा हम यूं भी समझ सकते हैं कि ये दोनों नाम वचा के लिये वर्णनार्थ हैं अर्थात् Descriptive terms हैं।

औषधियों के जो नाम निघण्टुओं में दिये हैं वे प्रायः वनस्पतिशास्त्र के नामों के साथ मेल नहीं खाते। वनस्पतिशास्त्र में जिसे सिडा (Sida) कहते हैं वह एक जीनस है हमारी वचा क्या है ? किसी से पूछो, तो वह कभी एक सिडा की किसी एक स्पीशीज् की ओर अंगुली उठा देता है तो कभी किसी दूसरी स्पीशीज् की ओर। हमारे गाँवों में रहने वाले तो इन में फरक करते हैं पर वैद्यगण नहीं करते। Sida (सिडा) की निम्न लिखित स्पीशीज् उत्तर भारत में देखने को मिलती हैं।

१) Sida cardifolia (सिडा कौर्डिफोलिया)
२) Sida grewioides (सिडा ग्रीबिओयडीज)
३) Sida carpinifolia (सिडा कार्पिनीफोलिया)
४) Sida rhombifolia (सिडा र्‌होम्बिफोलिया)
५) Sida spinosa (सिडा स्पाइनोसा)
६) Sida humilis (सिडा ह्यूमिलिस्)

Sida rhombifolia को ही प्राय: कर हम खिरैंटी कहते हैं, और सिडा कार्पिनिफोलिया को हम 'वरियारा' कहते हैं। बूटी इकट्ठा करने वाले इन सभी सिडाओं को बला के नाम से इकट्ठा कर लेते हैं।

एक नहीं अनेकों औषधियों का यही हाल है। हिंस्रा को ले लीजिये। बूटी इकट्ठा करने वाले Capparis spinosa (कैप्पेरिस् स्पाइनोसा), Capparis herrida (कैफेरिस् हॉरिडा), और Capparis sepiara (कैफेरिस् सेपियारा) इन तीनों taxons (टैक्सनों) को हिंस्रा के नाम से इकट्ठा कर लेते हैं, पर वनस्पति शास्त्र की दृष्टि से ये तीनों वनस्पतियाँ अलग-अलग हैं। कच्ची औषधियों के विक्रेता भी मक्खीपर मक्खी ही मारते जाते है। जो कुछ भी बूटी – इकट्ठा करने – वालों ने, इकट्ठा करके दे दिया, इन्होने वही इकट्ठी की हुई बूटी, उसी नाम से बेच दी।

यद्यपि वास्तविकता ऐसी है पर तो भी हम निघण्टुओं में दिये हुए पर्यायवाची नामों से औषधियों की सन्दिग्धता को दूर करने में सहायता ले सकते हैं, और इस विधि को हम सन्दिग्धता को दूर करने का एक आधार मान सकते हैं। उदाहरणार्थ मूर्वा को लीजिये। भावमिश्र लिखता है—

मूर्वा मधुरसा देवी मोरटा तेजनी स्रुवा, मधूलिका मधुश्रेणी गोकर्णी पीलुपर्ण्यपि।

ये सब नाम सार्थक हैं। मधुरसा का अर्थ है मधुररस वाली। देवी का अर्थ है देवियों के समान पूज्या। मोरटा का अर्थ तो वही है जो मूर्वा का है, चूंकि यह शब्द स्पष्टत: एक निगन्तु शब्द है। निगन्तु शब्द कौन होते हैं ? हम इस की व्याख्या अपने लेखों में कर चुके हैं। उदाहरणार्थ महिष शब्द संस्कृत का एक शब्द है। इस के निगन्तु शब्द कई हैं। हमारी देशी भाषाओं में जो शब्द हम महिष के लिये प्रयुक्त करते हैं वे सब महिष से निकले हुए हैं। भैंस शब्द हम हिन्दी में प्रयुक्त करते हैं यह महिष शब्द से निकला है। म्हैस् शब्द मराठी में प्रयुक्त करते हैं। पञ्जाबी में महीं और मज्झ शब्द प्रयुक्त करते हैं। सो ये सब शब्द निगन्तु शब्द हैं, इनके निकलने की प्रक्रिया का उल्लेख भाषाविज्ञान की पुस्तकों में लिखा हुआ मिलता है। हमारा निघण्टु शब्द भी एक निगन्तु शब्द है इसका उद्गम 'निगन्तु' शब्द से हुआ है। हम यह नहीं समझते कि हमारे पूर्वजों ने हमें निघण्टु किसलिये दिये थे। मूर्वा शब्द से ही मोरटा शब्द निकला प्रतीत होता है। मैंने अपने निगन्तु (निघण्टु) शब्द सम्बन्धी लेख में यह प्रक्रिया दिखा दी थी। मेरा यह लेख D. A. V. आयुर्वेदिक कॉलेज, जालन्धर की मैगजीन में छपा था। देखिये—– भावप्रकाश निघण्टु। 'मेथिका, मेथनी, मेथी'। ये तीनों शब्द वहाँ मेथी के पर्यायवाची लिखे हैं। मेथिका और मेथनी ये दोनों मेथी के निगन्तु रूप हैं। देखिये धाना से निकले निगन्तु शब्दों को जो कि धनिये के लिये प्रयुक्त होते हैं। भावप्रकाश से-–

"धान्यकं धानकं धान्यं धाना धानेयकं तथा। कुनटी धेनुका छत्रा कुस्तुम्बुरु वितुन्नकम्॥"

इसमें धान्यक, धानक, धान्य, धाना, धानेयक और संभवत: धनुका भी—ये सब शब्द 'धाना' शब्द से ही निकले हैं अर्थात् निगन्तु (निघण्टु) हुए हैं। किसी में केवल स्वार्थ में कन् प्रत्यय लगा हुआ है यथा 'धानक' में। किसी में यत् और कन् दोनों प्रत्यय लगे हुए हैं यथा 'धान्यक' में। किसी में केवल यत् प्रत्यय लगा हुआ है यथा 'धान्य' में। किसी में एय + कन् प्रत्यय लगे हैं यथा धानेयक में। इस सम्बन्ध में देखिये पाणिनि का सूत्र—–

"आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्"

आयन् + एय् + इन + ईय् +, इय् प्रत्यय लगते हैं। धानेय में धाना के साथ ढक् प्रत्यय लग कर धानेय बना है और फिर कन् प्रत्यय लग कर धानेयक बना है। वस्तुत: इन नामों का उद्गम कई प्रकार से होता है। कुछ ऐसे हैं कि जो व्युत्पन्न होते हैं। कुछ व्याकरणीय विधि से प्रगट होते हैं और कुछ भाषा विज्ञान के नियमों के अनुसार निकलते हैं इत्यादि। धाना से धान्यक, धानेयक प्रभृति शब्द व्याकरणीय विधि से सत्ता में आये हैं। 'मोरटा' शब्द के सत्ता में आने की प्रक्रिया मिली–जुली है। यह कुछ व्याकरणीय है तथा कुछ भाषाविज्ञानीय है। इसमें 'मू' के ऊ को लघु हो कर गुण हुआ है। 'र्' के बाद अ का आगम हुआ है! 'व' का लोप होकर 'ट' प्रत्यय का हीनार्थ में आगम हुआ प्रतीत होता है। यथा पंजाबी में 'भार' शब्द से 'भरोटा' शब्द बन जाता है।

१) मूर्वा २) मुर्वा ३) मोर्वा ४) मोरवा ५) मोरा ६) मोरटा।

नंबर २ में 'ऊ' को ह्रस्व हुआ, नं.३ में उ को गुण हुआ, नं. ४ में अ का 'र्' के बाद आगम हुआ; नं.५ में 'व्' का लोप हुआ, नं. ६ में 'ट' प्रत्यय का आगम हुआ।

आगे तेजनी शब्द है। इस का अर्थ तो स्पष्ट है पर उस की चरितार्थता (Applied meaning) स्पष्ट नहीं है। इसके बाद 'स्रुवा' शब्द है। यह नाम विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है। यतः औषधि का कोई न कोई अंग स्रुवा के स्वरूप का होना चाहिये। अर्क परिवार (Asclepiadaceae) की वनस्पतियों के फल जब फटते हैं तो उनके आवरण चमचों की तरह दो भागों में फट जाते हैं। अर्थात् स्रुवा की सी शकल के हो जाते हैं।

स्रुवा एक यज्ञ का पात्र है जिससे हम घी की आहुति देते हैं। इसकी हत्थी के सिरे पर रखने के लिये एक आधारिका बनी होती है। फिर मधूलिका और मधुश्रेणी शब्द हैं, जो मधुरसा के अर्थ को ही ध्वनित करते हैं। गोकर्णी का अर्थ है कि जो गौ के कान के सदृश हो अर्थात औषधि का पत्ता या फल या कोई हिस्सा गौ के कान जैसा हो। यह कल्पनात्मका (Imagination का) विषय है। कर्ण का प्रयोग प्रायःकर पत्तों के लिये होता है। यथा अश्वकर्ण, हस्तिकर्णी, अजकर्ण आदि शब्दों में। पर मूर्वा के लिये जो गोकर्णी शब्द है वह फल की सादृश्यता के लिये प्रयुक्त हुआ लगता है। पत्ते के लिये तो पीलुपर्णी शब्द है। पीलुपर्णी से तात्पर्य यह है कि मूर्वा का पत्ता पीलु के पत्ते जैसा होता है। सो निष्कर्ष यह है कि मूर्वा का फल गौ के कर्ण जैसा और मूर्वा का पत्ता पीलु के पत्ते जैसा।

अच्छा, अब हम क्या करें? हमें, यह चाहिये कि हम वो सब औषधियां जिन्हें कि मूर्वा समझते हैं एक ओर रख लें और ये पर्यायवाची नाम दूसरी ओर रख लें। इन पर्यायवाची नामों से हमारी जो कल्पना या धारणा बने हमें उस कसौटी से मूर्वा के नामों से प्रचलित हुई आज कल की सब औषधियों की जांच करनी चाहिये। अर्थात् उनकी परीक्षा करें। इस तरह हम औषधियों की असन्दिग्धता को दूर करने का आधार इन पर्यायवाची नामों को भी बना सकते हैं। इन पर्यायवाची नामों की विवेचना वनष्पतिशास्त्र से प्राप्त औषधियों सम्बन्धी ज्ञान की पृष्ट भूमि पर होनी चाहिये। संक्षेप में कहा जाय तो मूर्वा कौनसी औषध मानी जाये?

१) जो अर्क परिवार (सस्क्लैपियेडेसी) की हो। चूंकि स्रुवा तो तभी बनेगा।

२) जो मरुस्थलवासी हो। अर्थात् जिसके पत्ते मरुवासी पीलु के पत्तों की तरह सक्कुलैण्ट (Succulent) हों, रसीले हों।

३) जिसके पत्ते चबाने पर मधुर रस देवे या जिसके कन्द मधुर रस वाले हों।

४) जो स्त्री जाति की हो अर्थात् एक लता होवे। प्रसंग ऐसा कहता है। राज निघण्टु में मूर्वा गुडूची वर्ग में है। इस वर्ग की सब ओषधियां लतायें हैं।

इन चारों विशेषणों वाली औषध को हम मूर्वा कहेंगे। मूर्वा शब्द का अर्थ भी हमें सोच लेना चाहिये क्योंकि यह तो औषध का मुख्य नाम है। मूर्वा शब्द का अर्थ ऐसा प्रतीत होता है कि यह बेल जो टैण्ड्रिलों (tendrils) वाली है या जो स्वयं बल खाती है, मूर्वित होती है तथा ट्वाइनर(Twiner)है। मूर्वा शब्द किस धातु से व्युत्पन्न हुआ होगा और वह धातु किस अर्थ में होगी मैं निश्चय से नहीं कह सकता, पर ध्वनित अर्थ तो यही प्रतीत होता है कि जो चक्कर खाती या बलयित होती हो। ऐसी एक औषध पैण्टेट्रोपिस् Pentatropis नामक जीनस् की मुझे मिली है। ग्रामीण लोग इसके मूल का दवाई के तौर पर प्रयोग में भी लाते हैं। इसके नीचे मूल में कन्द लगता है। कन्दोंवाली औषधियाँ स्वतः सन्दिग्ध हो जाती हैं, चूं कि हम कन्द उखाड़ लेते हैं। बीजों के लगने से पहिले ही उखाड़ लेते हैं। इसी तरह सारा अष्टवर्ग सन्दिग्ध हो गया लगता है। लक्ष्मणा भी इसी तरह संदिग्ध हुई चूंकि उसे समूल ले लिया।

दूसरा आधार :

दूसरा आधार औषधों के गुण हैं। आयुर्वेदीय गुणों पर विचार होना चाहिये। यह देखना चाहिये कि जो गुण भावप्रकाश निघण्टु में या किसी अन्य निघण्टु में मूर्वा के सम्बन्ध में लिखे हुए हैं वे हमारी इस नई Identified (निर्णीत) औषध में मिलते हैं या नहीं? भावमिश्र लिखता है –

मूर्वा सरा गुरुः स्वादुस्तिक्ता पित्तास्र मेहनुत् । त्रिदोषो तृष्णा हृद्रोगकण्डू कुष्ठ ज्वरापहा ।।

निघण्टुओं में पर्यायवाची नामों के बाद उनके गुण दिये जाते हैं । जिस औषध को हमने मूर्वा माना, उसके गुण इन निघण्टुओं में दिये गुणों के अनुरूप होने चाहिये, तभी वह मूर्वा हो सकती है ।

इन गुणों की कसौटी हमारे लिये सर्वोपरि कसौटी है । इन गुणों में यहां पर कुछ विरोध भी है । औषधि एक ओर स्वादु (मधुर) है तो दूसरी ओर तिक्ता भी है । यह स्पष्टतः विरोध प्रतीत होता है । इस कसौटी पर बाद में अर्थात् किसी और लेख में हम कभी और भी विचार करेंगे ।

तीसरा आधार :

तीसरा आधार हमारा यह होना चाहिये कि हम वनस्पतियों के नामों को वनस्पति शास्त्र की ऐनकों से देख कर जांचने का प्रयत्न करें । इसके लिये हमें वनस्पति शास्त्र का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिये । खास तौर पर प्लान्ट्स की मॉर्फोलोजी का तथा टैक्सोनोमी का । आप हरड़ों का वर्णन पढ़ो । वहाँ टैक्सोनोमी सम्बन्धी कई निर्देश दिये हुए मिलते हैं । यथा--

"पञ्चरेखाभया प्रोक्ता"

इसका अर्थ वानस्पतिक भाषा में यह है कि अभया हरीतकी की ओवरी (अण्डाशय) पञ्चकार्पली होती है । अर्थात् (Penta – lowlar) होता है ।

"त्रिरेखा चेतकी ज्ञेया"

इसका अर्थ है कि चेतकी हरड़ में अण्डाशय त्रि – कार्पली होता था । परन्तु हरड़–परिवार (Combretaceae) में अण्डाशय पञ्चकार्पली होते हैं । इसलिये मेरा विचार यह है कि संभवतः त्रिरेखा चेतकी यूफोर्बियेसी (अर्थात् स्नुही) परिवार की थी । जब हम अपने तीव्र विरेचकों को देखते हैं तो वे प्रायः स्नुही परिवार के हैं । यथा दन्ती, जयपाल, स्नुही, शातला, एरण्ड प्रभृति । एक और उदाहरण लें, पर ऋद्धि वृद्धि के सम्बन्ध में है---

"वामावर्तफला च सा । ऋद्धिस्तु दक्षिणावर्तफला ।"

जब फलियाँ फटती हैं तो वे प्रायः मुड़ जाती हैं । शिम्बी वर्ग की फलियाँ जब पक कर सूख जाती हैं तो वे फटती हैं । फटने पर फलियों के आवरण वैल्वें (Valves) दक्षिण ओर या वाम ओर घूम जाते हैं । इस प्रकार बेलों पर लगी फलियों के आवर्तन से ऋद्धि और वृद्धि में भेद किया जा सकता है ।

रौक्स बर्ग एक बडे भारी वनस्पतिशास्त्र वेत्ता थे । कलकत्ता के बोटेनिकल गार्डन के मुख्य प्रशासनाधिकारी भी रहे थे । उन्होंने डायस्कोरियेसी अर्थात् वाराहीकन्द परिवार की पहिचान उनकी बेलों के दक्षिणावर्तन अथवा वामावर्तन पर आधारित की है । सारा डायस्कोरियेसी परिवार इस कसौटी पर दो भागों में बांट दिया गया है । इसलिये मुझे तो तेसा मालूम देता है कि फला शब्द की जगह शायद 'लता' शब्द होगा । ऋद्धि एवं वृद्धि के स्थान में हम वाराहीकन्द लेते हैं । वाराहीकन्द भी डायस्कोरिएसो (Diascoriaceae) वाराहीकन्द परिवार का ही है । अष्टवर्ग की औषधियों में यह लिखा है कि जीवक और ऋषभक दोनों के कन्द रसोन की तरह के होते थे । रसोन एक पत्र कन्द है । इसमें 'पत्ते' उतरते जाते हैं और अन्त में कुछ भी नहीं बचता, अर्थात् निःसार होता है । सार शब्द का यहाँ वही अर्थ लिया है जो कि कालानुसार्य (अगुरु) में लिया जाता है । इस तरह के पत्र कन्द हमें under-ground stems में मिलते हैं जिन्हें कि हम Bulb (बल्ब) कहते हैं । Liliaceae परिवार के कन्द बल्ब होते हैं । दूसरी बात यह लिखी है कि यह कन्द हिमालय की पहाड़ियों के शिखरों पर पाया जाता है । यह पढ़ कर मुझे अपना बचपन याद आ जाता है । हरिद्वार के सामने गंगा पार चण्डी देवी का मन्दिर है । वही चण्डी मन्दिर वाली शिवालक की पहाड़ी (Range) आगे चली जाती है । उस Range पर एक जगह पत्थरों का चबूतरा बना है । मैं जब उस पहाड़ी पर जाता था तो उस चबूतरेवाले शिखर पर वे कन्द मिलते थे । बाद में मैंने जब डाक्टरी पढ़ी तो urgenea और squilla के कन्दों को पढ़ा । मैंने यह समझा कि ये कन्द शायद इनमें से कोई

होगा, पर मुझे वानस्पतिक निर्णय करवाने का मौका नहीं मिला। यदि उस वनस्पति के फूल, फल आदि को मैं थोडे से वर्णन के साथ देहरादूर की F. R. I. (फोरेस्ट रिसर्च इन्स्टीच्यूट्) के उच्च बोटेनिस्ट महोदय के पास भेज देता तो वे कृपा कर के मुझे औषध का वैज्ञानिक नाम भेज देते। हमें जब भी कभी औषधियों की पहिचान में कठिनाई हो तो उनकी सहायता लेनी चाहिये। मैंने कई औषधियों की पहिचान उनसे करबाई है।

मैं कह रहा था कि हमें वनस्पति शास्त्र के ज्ञान का प्रयोग कर के सन्दिग्ध औषधियों का निर्णय करना चाहिये। सन्दिग्ध औषधियों के निर्णय करने में यह ज्ञान बड़ा लाभकारी सिद्ध होता है। हमें अपना वनस्पतिशास्त्र (टैक्सोनोमी) का ज्ञान बढ़ाना चाहिये ताकि हम सन्दिग्ध औषधियों का निर्णय कर सकें, और इस लिये भी इस ज्ञान को बढ़ाना चाहिये ताकि हम भविष्य में अपनी औषधियों को सन्दिग्धता की काल कोठरी में बन्द हो जाने से बचा सकें।

यादवजी त्रिकमजीने अपने द्रव्यगुण विज्ञान में त्रायमाणा के सम्बन्ध में लिखते हुए लिखा है कि वैद्य विद्याधर जी को सोलन (शिमला) की पहाड़ियों पर त्रायमाणा मिली थी। पर दुःख का विषय यह है कि वैद्य विद्याधर जी ने उसे देहरादून या लखनऊ भेज कर निर्णय अर्थात् Identify नहीं करवाया। लखनऊ में हमारा नेशनल बोटेनिकल गार्डन है। उसके डायरेक्टर साहिब भी आप को वनस्पतियों का वैज्ञानिक नाम भेज देते हैं। मैंने वनस्पतिशास्त्र की सहायता से कई औषधियों का ज्ञान प्राप्त किया है। हरिद्वार के जंगलों में एक औषध मिलती है जिसे वे विसमार कहते हैं। ज्वालापुर शहर के तांगों के अड्डे से जब हम (ज्वालापुर के) स्टेशन को जाते हैं तो वहाँ सड़क के किनारे पर बिसमार का एक अकेला वृक्ष स्टेशन से करीबन १०० गज की दूरी पर लगा हुआ है। यही हमारा अंकोट (Allangium Lamarkii) है। मैंने डथी साहब की "Flora of upper gangetic plain" नामक पुस्तक से मालूम किया कि बिसमार Allangium Lamarkii को कहते हैं। वे सहारनपुर के कम्पनी बाग के प्रमुख शासनाधिकारी रहे थे। इसी तरह वहाँ एक वृक्ष होता है कि जिसे वे लोग दहिया कहते हैं। डथी साहब की पुस्तक से पता लगा कि यही हमारा शाखोट (Streblus asper) है। बिहार में इसे सिहोरा कहते हैं। पर हरिद्वार के आयुर्वेद महाविद्यालयों में कार्य करने वाले वैद्यों को नहीं पता कि यही हमारा शाखोट है जब कि यह वृक्ष वहाँ पर (अर्थात् हरिद्वार में) बड़ी प्रचुरता से होता है।

मैं एक बार ऋषिकेश में गंगा के किनारे जा रहा था। नीचे एक जगह गंगा के तास्र में पानी इकठ्ठा हुआ था। मैं उतर कर उस बूटी को इकठ्ठा कर लाया। और मैंने वनस्पति शास्त्र के ज्ञान से तथा कीर्तिकार और बसु द्वारा लिखी Indian medicinal plants की Plates के द्वारा यह निर्णय किया कि यह हिलमोचिका (Enhydra estuans) है। फिर मैं एकबार परीक्षा लेने के लिये कुरुक्षेत्र गया। वहाँ आयुर्वेद के कालिज से करीबन १०० कदमों की दूरी पर यही बूटी जोहडों में बेशुमार उगी हुई थी। पर आयुर्वेद के किसी वैद्य को नहीं पता था कि यह हिलमोचिका है।

कहने का सारांश यह है कि सन्दिग्धता को दूर करने के लिये वनस्पतिशास्त्र का ज्ञान प्रयुक्त करना चाहिये।

मैंने कई औषधियों के बीजों को उगा कर भी उन औषधियों सम्बन्धी अपने ज्ञान का विस्तार किया है। मुझे देवदाली का पता था कि यह वामक है। चरक के कल्पस्थान में मदन, वत्सक, कोषातकी प्रभृति अन्य वामक द्रव्यों के साथ इस का भी उल्लेख है पर मैंने इसे कभी देखा हुआ नहीं था। मेरे एक मित्रने बताया कि यह बन्दाल-डोडे के नाम से मिलती है। मैं एक बूटी बेचने वाले के पास गया और उससे बन्दाल डोडे मांगे। उसने मुझे तुरन्त दे दिया। मैंने उनमें से बीज निकाल कर बो दिये। इस औषध का वैज्ञानिक नाम Luffa echinata है। Luffa कहने से यह तो ज्ञात हो जाता है कि यह चिकनी तोरी (जिसे काली तोरी या Luffa aegyptica भी कहते हैं।) या धारीदार तोरी की तरह (जिसे Luffa acutangula कहते हैं) होगी। इन तोरियों को आयुर्वेद में जालनी और महाजालनी नामों से पुकारा गया है। जब ये सूख जाती हैं तो इन का ऊपर का छिलका उतार देने पर अन्दर एक जाल मिलता है, और उस जाल के अन्दर एक खोखल होती है जिस में बीज पाये जाते हैं। इस जाल को ले कर हम झामा बना लेते हैं ताकि पैरों की मैल मसल कर उतारी जा सके या भाण्डों के मांजने के लिये बर्त लेते हैं।

वह देवदाली उगी। उसपर सफेद फूल लगे। छोटे ककौड़े जैसे फल लगे, उन फलों का आकार "१$\frac{1}{4}$; १$\frac{1}{2}$" होगा। सूखने पर उन्हें तोड़ो तो छोटा सा झामा, बिलकुल छोटा सा निकलता है। देवदाली के फल पर कांटे-कांटे से हैं। तभी तो इसे echinata कहा गया है। आज मुझे आयुर्वेदालंकार की उपाधि प्राप्त किये हुए ५६ (१९२८ में गुरुकुल कांगड़ी से प्राप्त की थी)

साल हो गये हैं। मैंने ५६ सालों में पहिली वार इस साल (वर्ष) बन्दाल डोडे (यानी देवदाली की वेल) के दर्शन किये हैं। पढ़ाने वालों को प्रयत्नशील रहना चाहिये, ताकि पढ़ने वालों को उनके अध्ययन काल में ही वे अधिक से अधिक औषधियाँ दिखा सकें। मेरे लिये तो कितनी ही औषधियाँ ऐसी हैं कि जो अपने आप में दिलचस्प कहानियाँ बनी हुई हैं। वाकुची को इसी तरह उगा कर मैंने उसके क्षुप का ज्ञान प्राप्त किया था। आयुर्वेदालंकार बनने के १० साल वाद मांस रोहिणी (Soymida febrifuga) और सहदेवी (Vernonia Cineraria) का ज्ञान मुझे श्री बलवन्त सिंहजी से मिला था। आयुर्वेदालंकार बनने के कई सालों बाद मैंने सफेद पुनर्नवा (Boerrhavia repanda) और नागबला (गंगेरन Grewia tenax) का पता १९६६ में लगा लिया जब कि मैं मस्तनाथ आयुर्वेदिक कालिज में पढ़ाता था। वहाँ से मैंने देहरादून को एक स्पेसिमन भेजा था जो कि Grewia Tenax का निकला। इस पर फालसे की तरह दो-दो या चार-चार फल इकट्ठे लगते हैं। पत्ते भी फालसे जैसे, पर आकार में छोटे होते हैं। क्षुप भी वृक्ष न हो कर झाड़ी होती है। चण्डीगढ़ के चारों ओर के जंगलों में यह नागबला खूब लगी है।

पुनर्नवा के सम्बन्ध में वड़ी भारी सन्दिग्धता है। कई तो ये कहते हैं या ऐसा समझते हैं कि सफेद पुनर्नवा Trianthema की एक स्पीशीज है। विश्वनाथ जी द्विवेदो ने ऐसा ही लिखा है। Trianthema की एक ऐसी Species है जो वारिशों में बहुत उग आती है। (Trianthema की यह Species जो चण्डीगढ़ में बारिसों में बहुत होती है T. monogyna है।) सारी जमीन पर फैल जाती है। वर्षा भू का और पुनर्नवा ये दोनों नाम इस पर बहुत चरितार्थ होते हैं। उपरोक्त ट्रायन्थीमा की भी दो स्पीशीज मिलती है। एक है T. pentendra (टी. पैण्टाण्ड्रा) और दूसरी है T. menogyna (टी. मेनोगाइना)।

पुनर्नवा की वह Species जिसे में Boerrhavia repanda कह रहा हूँ जब उखाड़ो तो उसके नीचे कन्द होता है। रोहतक में एक ग्रामीण ने मुझे वताया कि वे इसे वहाँ पिलवानी कहते हैं और पुराने जखमों पर बाँधते हैं। चरक में एक जगह आता है कि पुनर्नवा का कन्द प्रयोग करो। अन्य पुनर्नवाओं में नीचे कन्द नहीं होता है। केवल B. repanda के नीचे होता है। इस के फूल B. diffura से रंग में फीके होते हैं। यानि फीके गुलाबी होते हैं। मैंने यह B. repanda आयुर्वेदिक कालिज चण्डीगढ़ ४६ सैक्टर की आयुर्वेदिक वाटिका में लगा दी है। अब इस वानस्पतिक विचार को यहीं छोड़ देते है, यद्यपि छोड़ने को दिल नहीं मानता है।

चौथा आधार :

चौथा आधार हमारा यह होना चाहिये कि हम सन्दिग्ध औषधों सम्बन्धी सारे ज्ञान को जो भिन्न-भिन्न निघण्टुओं में तथा अन्य आयुर्वेद के साहित्य ग्रन्थों में मिलता है, इकठ्ठा करें और उसका तुलनात्मक अध्ययन करें। यह तुलनात्मक अध्ययन उनके पर्यायों, गुणों, प्राप्त होने के प्रदेशों, एवं वानस्पतिक स्वरूपों आदि पर केन्द्रित होना चाहिये। इस प्रकार के तुलनात्मक अध्ययन से हमें सन्दिग्धता निवारण में पर्याप्त सहायता मिल सकती है।

पांचवाँ आधार :

हमारा पांचवां आधार यह हो कि हम औषधियों के वर्नाक्युलर (अर्थात् भिन्न-भिन्न भारतीय भाषाओं के) नामों का अध्ययन करें।

हमारी भाषाओं के नाम औषधियों के संस्कृत नामों से ही निकले हैं। ये उन्हीं नामों के निगन्तु रूप हैं।

आमलकी का आँमला नाम स्पष्टतः यह बताता है कि वह आमलकी शब्द से आया है।

इसी प्रकार मदन फल का एक नाम राठी है। यह नाम कांगड़े (हिमाचल) के मदन फल के नाम से बहुत अधिक साम्य रखता है। इसलिये देशभाषाओं के विभिन्न नामों से भी सन्दिग्धता दूर की जा सकती है।

छठाँ आधार :

हमारा छठाँ आधार साहित्य के प्रसंगों को देखना है। यथा धान्य वर्ग में धान्य ही होने चाहिये, शिम्बी वर्ग में शिम्बियाँ ही। राजनिघण्टु में एक जगह कालाञ्जनी, कार्पासी, और अरण्य कार्पासी ये तीन औषधियाँ इकट्ठी दी हुई हैं। कालाञ्जनी का हमें कुछ पता नहीं चलता है। कार्पासी और अरण्य कार्पासी तो हम समझते हैं कि ये कपासें (अर्थात् Gossypium को Species) ही हैं। कालाञ्जन के नीचे देशी नाम भी दिये हैं। यह "राजनिघण्टु" नरहरि पण्डित विरचित है और कलकत्ते के सिद्धेश्वर प्रेस से छपी है तथा आशुबोध व नित्यबोध भट्टाचार्योंने छपवाई है। इसमें कालाञ्जन के नीचे देसी भाषा का (अर्थात् बंगाली का) नाम काल कपास दिया है। सो इस से यह ध्वनि निकलती है कि ये तीनों कपासें हैं। कालाञ्जनी–काली कपास है कार्पासा लाल कपास और अरण्य कर्पासी जंगली कपास। हमें हिन्दुस्तान के फ्लोरों को भी देखना चाहिये कि भारत में कौन कौनसी gossypium की species मिलती हैं। इस तरह कालाञ्जन के निर्णय में हमें कुछ न कुछ सहायता उनसे भी मिल सकती है।

इसी प्रकार भावप्रकाश के निघण्टु के वटादि वर्ग में ऊँचे-ऊँचे पेड़ हैं, और रज निघण्टु के गुडूची वर्ग में लतायें हैं।

सातवाँ आधार :

हमारा सातवाँ आधार आमयिक उपयोग (Therapeutic uses) हैं। हमने दूसरे नम्बर के आधार को लिखते हुए संकेत दिया था कि हमें द्रव्यों के गुणों को भी जाँच लेना चाहिये। परन्तु गुणों को जांचने के अलावा हमें उनके आमयिक प्रयोगों की भी जाँच-पड़ताल कर लेनी चाहिये।

आठवाँ आधार :

हमारा आठवाँ आधार यह होना चाहिये कि हम गाँवों के बूढ़ों से पूछें। गड़रियों से भी पूछें। जँगल निवासियों से भो पूछें। आयुर्वेद के साहित्य में भी लिखा है कि हमें ऐसा करना चाहिये। स्थानिक रूपेण प्रचलित कहावतों को भी सुनना चाहिये। यथा हुशियारपुर जिले की कहावत है :–

वणा – बसूटी – बरणों, माणु किद्दां मरयों।

अर्थ – जबकि हमारे पास निर्गुण्डी (वणा), बासा (बसूटी), और बरू घास (Sarghum halipense) ये तीनों औषधियाँ थीं तो बताओ कि तुम्हारा माणु (रोगी मनुष्य) किद्दां (कैसे) मर गया !

अब तो बोटनी के पुराने फ्लोरा भी दो सौ साल पुराने हो गये हैं। उनको पुस्तकों से भी सहायता लेनी चाहिये।

आयुर्वेद में औषधियों के नामों के निर्णय में प्रधानता तो द्रव्यों के गुणों की है। आप चाहे किसी भी औषधि को ब्राह्मी मानें। पर आयुर्वेद की दृष्टि से तो वही ब्राह्मी है कि जिसमें आयुर्वेदोक्त ब्राह्मी के गुण हैं। आज कल औषधियों के योगों का निर्माण और प्रचार बहुत बढ़ चुका है। कई फार्मेसियाँ हैं जो औषधियों के योगों को बनाती हैं। हमारा कानून भी आगे बढ़ गया है। उसमें भी यह लिखा है कि प्रत्येक औषधि जो बेची जाती है चाहे अकेली हो या योग में हो उस पर उसका नाम होना चाहिये।

आप यदि ब्राह्मी घृत या ब्राह्मी तैल बेच रहे हैं तो उस पर अब यह आवश्यक हो गया है कि आप यह भी लिखें कि किस ब्राह्मी द्वारा बनाया हुआ वह तैल या घृत आप बेच रहे हैं। अर्थात् ब्राह्मी के साथ उसका वैज्ञानिक नाम भी होना चाहिये। जितने भी रोगी या स्वस्थ पुरुष ब्राह्मी घृत का प्रयोग करते हैं वे सन्दिग्ध औषध के निर्णय में हमें सशक्त योगदान देते हैं। आप पूछेंगे कि यह कैसे ? सुनिये—

आपने अपने ब्राह्मी घृत पर लिख दिया कि यह ब्राह्मी घृत (Centella asiatica) अर्थात् मण्डूकपर्णिका ब्राह्मी से बनाया गया है। यदि वह Herpestis (Bacopa) monniera अर्थात् जलनिम्बिका ब्राह्मी से बनाया गया है तो आपने उस पर लिख दिया कि यह घृत जलनिम्बिका ब्राह्मी से बनाया गया है।

जो जो पुरुष उसका सेवन करेंगे वे बतायेंगे कि उसके सेवन से उन्हें लाभ हुआ है या नहीं ?

हम ब्राह्मी घृत को मेध्य-रसायन के रूप में प्रयुक्त करते हैं। जब तक हम उस पर 'ब्राह्मी' इतना ही लिखते हैं तब तक सेवन करने वाला निश्चय नहीं कर सकता। पर जब ब्राह्मियाँ अलग-अलग हों जायेंगी, और उनके घृतों पर भी अलग-अलग नाम होंगे तब नीर-क्षीर विवेकी जन बता देंगे कि कौन-सा घृत उन्हें लाभ पहुँचाता है। जो घृत उन दोनों घृतों में से आयुर्वेदोक्त लाभ पहुँचायेगा वही सच्ची ब्राह्मी का बना हुआ है। सो सज्जनों औषध का सेवन सन्दिग्धता दूर कर देगा।

जो घृत आयुर्वेदोक्त गुणों वाली ब्राह्मी से बना होगा वही बिक सकेगा। दूसरा मार्केट से स्वयं विलुप्त हो जायेगा। जो घृत सेवन करने पर लाभकारी नहीं सिद्ध होगा उसे कहो कौन खरीदेगा। अपने रुपये को कौन बरबाद करेगा।

इस लिये आवश्यकता तो इस बात की है कि हम अपने घृत पर यह लिखें कि यह घृत मण्डूक पर्णिका ब्राह्मी से तैय्यार किया गया है अथवा जलनिम्बिका ब्राह्मी से तैय्यार किया गया है।

उपरोक्त आधारों के अतिरिक्त एक और उपाय भी है कि जिससे हम सन्दिग्धता दूर करने में सफल – प्रयत्न हो सकते हैं। वह यह है कि द्वि-शाब्दिक अथवा त्रिशाब्दिक नाम-करण-प्रणाली चलायें। उदाहरणार्थ कृष्ण सारिवा दो हैं। एक वह है कि जिसके पत्ते जामुन के से होते हैं (Cryolepis Buchanania)। इसे हम जम्बुपत्री सारिवा कह सकते हैं। एक दूसरा कृष्ण सारिवा वह है कि जिसे बकरियाँ बड़े चाव से खाती हैं। इसे Ichocarpus frutescens कहते हैं। इसका नाम हमें छागादनी सारिवा कहना अभिप्रेत होगा। ब्राह्मियाँ भी कई हैं। जैसा कि ऊपर कहा गया है कि एक मण्डूकपर्णिका ब्राह्मी है और दूसरी जलनिम्बिका ब्राह्मी है। तीसरी हिलमोचिका ब्राह्मी है।

इसी प्रकार खदिर भी कई हैं और काञ्चनार भी कई हैं। एक काञ्चनार ऐसा है कि जिस के पत्ते खट्टे होते हैं। हिन्दी में इसे खटुआ कहते हैं। हम इसे अम्लपर्णी काञ्चनार कह सकते हैं। एक कचनार की बेल है, जिसे Bauhinia vahlii कहते हैं। हम इसे वल्ली-काञ्चनार कह सकते हैं। औषधियों के प्रामाणिक (आफिशियल) नामों को द्विशाब्दिक कर देने से बहुत-सी सन्दिग्धता दूर हो जायेगी। वनस्पतिशास्त्रियों को भी ऐसा ही करना पड़ा था। इसमें खर्च कुछ भी नहीं होगा, पर लाभ अपरिमेय होगा।

* * *

अशोक (Saraca Indica)

यह मध्यम श्रेणी का वृक्ष है इसके नाम के विस्तार में बहुत संज्ञायें हैं। यह भारत का निवासी है। रामायण के काल से ज्ञात है।

इसके नाम :

अशोक, हेमपुष्प, वंजुल, ताम्रपल्लव, कंकेली, पिण्डपुष्प, मधुपुष्प, अपशोक, केलिक, रक्तपल्लव, यह नाम भावप्रकाश ने दिये हैं। राज निघंटु में शोकनाश, विशोक, मधुपुष्प, अशोक, कंकेलि, रक्तपुष्प, विशोक, अपशोक, केलिक, रक्तपल्लव, चित्र विचित्र, कर्णपूरक, सुभग, स्मराधिवास, दोषहारि, प्रपल्लव, रागतरू, हेम पुष्पक, रामांघ्रिघातक, वामांघ्रिघातक, पिंडपुष्प, पल्लवद्रुम इत्यादि २२ नाम दिये हैं।

अशोक, अपशोक, विशोक :– शोकरहित करने वाला।

हेमपुष्प :– तपाये हुए सोने की तरह का पुष्प।

गंधपुष्प :– जिसके पुष्प से गंध सुगंध निकलती हो।

ताम्रपल्लव रक्तपल्लव :– नये पत्ते लाल बर्ण के होते हैं।

मधुपुष्प :– मधुर गंध वाले पुष्प।

केलिक :– आनंद देनेवाला।

कंकेलि :– कंकोयम स इव इलति क्षिपति इलति दोषान् कृमि कृमिदोष विषादीनां दोषः। विष नाशकः।

वंजुल :– व्रजति गच्छति शीतलत्वादि गुणविशेषः। शीतलता प्रदान करनेवाला।

पिंड पुष्प :– एक तरह गुच्छे में फूलने वाला। समूह पुष्पः।

कर्णपूरक :– कान में पहनने योग्य। नटः।

चित्रविचित्र पुष्प :– चित्रविचित्र रंगवाला पुष्प।

सुभग :– सुंदर दिखलाई देनेवाला। पुष्पित हो जानेपर इसकी शोभा अत्यंत बढ़ जाती है।

स्मराधिवास :– कामदेव का इसमें वास होता है।

रामांघ्रिपादप वामांघ्रिपादप :– युवती के पादाघात से फूलने वाला।

अशोक हेमपुष्पश्चरामावामांघ्रि घातकः। कंकेलि पिंड पुष्पश्च गंधपुष्पो नटस्तथा ॥ (भा. प्र.)
अशोकः शोकनाशश्च विशोकौ वंजुल द्रुमः। मधुपुष्पोपशोकश्चकंकेलिः केलिकद्रुमः ॥
रक्तपल्लवश्चित्रो विचित्रः कर्ण पूरकः। सुभगो स्मराधिवासो दोषहारि प्रपल्लव ॥
रागतरु हेमपुष्प रामावामांघ्रि घातक। पिंडपुष्पो नटश्चैवपल्लवद्रुम द्विविंशति ॥ (राजनिघंटु)

संस्कृत नाम :– अशोक। हिन्दी, बं०, गुज० – अंशोक, रक्ताशोक। ता० – अशरअशोकम। ते० – अशोकम।

विवरण :

यह एक सुंदर द्रुम है। पत्तियों से लदा यह वृक्ष अतीव मनोरम लगता है।

पत्र :– साधारण ५ या ६ जोड़े प्रथम लाल रंग के पत्र लगते हैं तथा पीछे ये हरे हो जाते हैं। पत्र १० अंगुल लम्बे तथा ३ अंगुल चौड़े होते हैं। पत्र प्रायः तरंगायित होते हैं। यह पल्लवों से ढँका अतीव सुंदर लगता है।

पुष्प :– बहुत सुंदर, प्रारंभ में पीले नारंगी रंग के पश्चात पूरे फूल जाने पर रक्त वर्ण के हो जाते हैं। अतः इसे हेम पुष्प कहते हैं। यह गुच्छों में लगता है।

फल :– फल शिम्वी की तरह होता है। इसमें चपटी शिम्बी लगती है। इसमें ५ से ७ वीज लगते हैं। बीज और पुष्प औषधि के प्रयोग में आते हैं।

पुष्पकाल :– बसंत या वर्षा के बाद लगते हैं। पुष्प बड़ा मनोरम होता है। बंगाल या आसाम में इसके फूलने पर बड़ा उत्सव होता है। इसे विहू कहते हैं। झुंड के झुंड स्त्री और पुरुष वर्षा के बाद इकट्ठे होकर नाचते गाते हैं, और इसके पुष्प को वर्षा की नदियों में डालते हैं तब ब्रह्मपुत्र और अन्य नदियों का जल पेय हो जाता है।

संदिग्धता :

इसी प्रकार का एक पेड़ बिहार की ओर उत्तर प्रदेश में होता है। इसे भी अशोक कहा जाता है। इस के पेड़ बड़े होते हैं और इस में पल्लव इसी प्रकार लगते हैं। इसे पलिएल्थिया फोलिया कहते हैं। यह भी अशोक की तरह माना जाता है। पत्ते आम की तरह बड़े-बड़े होते हैं। पुष्प सफेद, फल लाल-लाल लगते हैं जो पकने पर वैंगनी रंग के हो जाते हैं जिनका आकार जामुन के फल की तरह होता है। इसके पेड़ बड़े-बड़े ऊंचे, छाल लाल रंग की फटी-फटी होती है। इधर इसी को अशोक कहते हैं और यहाँ के लोग इसी का प्रयोग भी करते हैं। असली अशोक की छाल चिकनी सपाट और अच्छी होती है। यह पेड़ छाल के लिये प्रसिद्ध है। इससे अशोकारिष्ट बनता है। यही छाल इसके बदले प्रयोग की जाती है। यह दक्षिण भारत, मालावार और उत्तर प्रदेश में मिलता है। किन्तु यह बंगाल, आसाम, बिहार और उड़ीसा का निवासी है। इसके बदले में वट वरोह या कचनार की छाल डाली जाती है। इनको बड़ी सरलता से पंसारी दे देते हैं या पलिएल्थिया का प्रयोग होता है। ये तीनों लाल रंग देकर बाजार में मिलते हैं। व्यापारी इसी को असली अशोक कह कर देते हैं।

शुद्धाशुद्ध परीक्षा :

असली अशोक की छाल लाल रंग की पतली-पतली होती है। अक्सर इसकी छाल पतली लाल रंग की और शाखावी होती है, क्योंकि यह मध्यम दर्जे का छोटा-छोटा होता है। अतः कचनार, वट वरोह या इससे मिलते जुलते पेड़ों की छोटी टहनियों की छाल इसके बदले डालते हैं! कृत्रिम अशोक के पेड़ बड़े-बड़े ऊँचे पेड़ होने से छाल मोटी खुरदरी होती है। यद्यपि यह अशोक नहीं है, परंतु बिहार व उत्तर प्रदेश में इसी को अशोक कहा जाता है। इसको आशुपल्लव कहते हैं।

ध्यान देने योग्य बातें :

इसका प्रयोग प्रदर में लोग करते हैं किन्तु चरक या सुश्रुत में इसका उल्लेख नहीं मिलता। चरक ने इसको वेदना स्थापन कह कर पाठ करते हैं, वेदना स्थापन को एनोडाइन कहते हैं अतः जिनरोगों में मंद वेदना के साथ रजोकाल में वेदना होती है उसमें इसको वैद्य लोग प्रयोग करते हैं। वृद माधव ने कई योग प्रदर में लिखे हैं। चक्रदत्त, भावप्रकाश या शार्ङ्गधर में इसका पता नहीं हैं। वंगसेन संकलित योग में 'सार कौमुदी' में इसका प्रयोग लिखा है। यहाँ अशोक घृत में इसका डालना आवश्यक है।

विश्लेषण :

इसमें टैनिन या कटैचिन मिलता है। यह रसायन और उत्तेजक है। इस का क्वाथ इन रोगों को दूर करता है।

समीक्षा :

स्व० कतोभट्ट ने आशुपल्लव को ही अशोक माना है । आशुपल्लव शरीफा की जाति का पेड़ है आज भी उत्तर प्रदेश और बिहार में इसका प्रयोग होता है । सर्वप्रथम इसे वृंद ने पाठ किया है और किसी ग्रंथकार ने इसको प्रदर में प्रयोग नहीं किया । चरक ने कषाय स्कंध में (वि० ८।१६५ में) पाठ किया है । सुश्रुत ने इसको रोध्रादि गण में पाठ किया है । डल्लण ने अशोक के परिचय में "रक्तपुष्पः स्वनाम ख्यातः" ऐसा लिखा है । वात व्याधि में कल्याण लवण में इसका पाठ है । वातव्याधि में, तिल्वक सर्पि में व व्रणअवचूर्णन में इसका पाठ है । सर्प दंष्ट चिकित्सा में रिसभ अगद व दुदुमी स्वनी में इसका पाठ किया है । विदग्ध दृष्टि में और ज्वर में महाकल्याण घृत में इसका पाठ आया है ।

गुण : अशोकः शीतलो ग्राहीतिक्तो वर्ण्यः कषायकः ।
दोषापची तृषानाहः दाह कृमि शोथ विषास्र जित् ॥

अर्थात् अशोक शीतल, ग्राही, वर्ण उत्तम करनेवाला, कसैला और दोष अपची तृषादाहकृमि, शोथ; विष, रुधिर विकार नष्ट करनेवाला है ।

बोटेनिकल अशोक की त्वचा कषाय है । अन्य सुगंधित द्रव्यों के साथ गर्भाशय के विकार में दिया जाता है । विशेषकर अत्यार्त्तव में ।

डॉ० बारिंग का कथन है कि बार-बार होने वाले रक्त प्रदर तथा गर्भाशय के अर्बुद में उपयोगी है । वाट : अशोक पुष्प का चूर्ण रक्तातिसार में देना हितकर है ।

* * *

आन्ध्रप्रदेश में व्यवहृत कुछ सन्दिग्ध वनौषधियाँ

लेखक – रोटेरियन डॉ. रामनिवाम शर्मा
अध्यक्ष – पुनर्वसु आयुर्वेद केन्द्रम्, सिकन्दराबाद

आपके वृहत्त्रयी पर आधारित सन्दिग्ध द्रव्यों सम्वन्धी परिपत्र के सम्बन्ध में जानकारी निम्न प्रकार हैं:–

सन्दिग्ध द्रव्यों की प्रथम सूची

अलम्बुषा, मुण्डी (गोरख मुण्डी) :

इसे यहां आन्ध्रप्रदेश में हिन्दी में मुण्डी तथा तेलुगु में बोडातरम कहते हैं। इस के सम्वन्ध में यहाँ कोई संदिग्धता नहीं है। इस के दो भेद हैं – एक खेत कटने के बाद खेतों में प्रसर के रूप में फैलता है। दूसरा जल के किनारे प्राय: धान के खेतों के आस पास १–२ फुट ऊँचा क्षुप भी हो जाता है। इसके फूल या फल नीले और भूरे रंग के होते हैं। इस के यहां शास्त्रीय प्रयोगों के अतिरिक्त कई लौकिक प्रयोग प्रचलित हैं। आवश्यकता पड़ने पर मैं इसके दोनों नमूने साथ ले कर आ सकता हूँ।

करंज :

इसे यहां तेलगु में कानुगा कहते हैं। इस के बारे में भी यहां कोई सन्देह नहीं है। इस के यहां छोटे से लेकर २५–३० फीट ऊँचे वृक्ष होते हैं। इस में बादाम की तरह के फल लगते हैं जो पहले हरे तथा सूखने पर लाल होते हैं। इससे तेल निकाला जाता है। पत्ते चिकने और चमकदार होते हैं। इन्हें तोड कर खेतों में डाला जाता है। जिसे अच्छा खाद माना जाता है। इस की एक जाति-पूति करंज भी यहाँ कहीं-कहीं दिखाई देती हैं। जिसे तेलुगु में "नेमिल नारा" कहते है। दोनों के नमूने प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

काकगंधा :

इसे यहां तेलुगु में "बेल्मा सन्दी" कहते हैं. इसका क्षुप ४–५ फुट ऊँचा होता है। पत्ते छोटे-छोटे लम्बे और फूल नीले छोटे-छोटे होते हैं। कांड पर ३–४ धारियां होती हैं। इसके सम्बन्ध में भी यहां कोई सन्दिग्ध नहीं है। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है।

कुलत्थ :

इसे तेलुगु में "उल्वलु" कहा जाता है। इसके बीज काले होते है। इसके सम्बन्ध में भी कोई सन्देह नहीं है। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है।

पाठा :

इसकी यहां बेल लता होती हैं, जो बड़े वृक्षों पर गुडुची की लता की तरह फैली होती है। पत्ते गुडुचो की तरह ही कुछ मोटे होते है। तेलुगु में इसे "चिरबुट्टी" कहते हैं। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है।

पारिभद्र :

इसे यहां तेलुगु में "वारिजम" कहते हैं। कोई सन्देह नहीं है। पत्ते पान की तरह के कुछ मोटे होते हैं। फल्लियां बटी हुई सी होती हैं। यह शीघ्र ही बढ़ने वाला वृक्ष है। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है।

रोहिष :

यह तृण जाति का है और यहां प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इस का तेल Distillation पद्धति से निकाला जाता है। इसे हिन्दी में यहां दौसा कहा जाता है। तेलुगु नाम बाद में भेजूंगा। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है।

लामज्जक :

लामज्जक और रोहिष इन दोनों को यहां एक ही माना जाता है।

विषमुष्टी :

इस से यहां कुचला लिया जाता है। इस में यहां संदिग्धता नहीं है। बीज सिमेन्ट के रंग के बहुत सख्त मखमली होते हैं जो एक नारंगी की तरह के फल में से ५–७ की संख्या में निकलते हैं। वृक्ष २५–३० फुट का होता है। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है। तेलुगु में भी इसे विषमुष्टी ही कहते हैं।

वीरतरु :

यहां तेलगु में इसे 'एल्तरु' कहते हैं। यह कांटेवाला छोटा वृक्ष है। इस के यहां बहुत से लौकिक प्रयोग हैं। नमूना प्रस्तुत किया जा सकता है।

श्योनाक :

इसे यहां तेलुगु में "पैंद्दाभानु" कहा जाता है। यह एक विशाल आकार का वृक्ष है। पत्ते अडूसे की तरह के दन्तुरधार होते हैं तथा इन्हें रगड़ने से दुर्गन्ध आती है। इस की लकड़ी को ही दुधिया की लकडी कहते हैं जो बहुत कच्ची होती है। यहां यह लकडी Packing Booker में Deal wood नाम से काम में आती है।

द्वितीय सूची

अपामार्ग :

इसे यहां तेलुगु में 'उत्तरेणी' कहते हैं। श्वेत एवं रक्त दो प्रकार का होता है। इस में यहां कोई सन्दिग्धता नहीं है। नमूने प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

आखुकर्णी :

इसे तेलुगु में "राल्दाचवि आकु" कहा जाता है। यह एक बहुत ही छोटा जमीन पर ही रहने वाला पौधा है। पत्ते चूहे के कान की तरह दोने की तरह के होते है। पानी के निकट होता हैं। नमूना प्रस्तुत कर सकते हैं।

* * *

'करञ्जभेद' – अनुसंधानपत्रिका

लेखक – (१) वैद्य श्री जी. के. दवे
एच. पी. ए. (जा०)
प्रिन्सीपाल – सरकारी आयुर्वेद महाविद्यालय, जूनागढ़

(२) डॉ. (श्रीमती) सूसन-मात्यु
एम. डी. (आयु.)
डेमोन्स्ट्रेटर – सरकारी आयुर्वेद महाविद्यालय, जूनागढ़

विषयपरिचय :

आयुर्वेदीय ग्रन्थों में 'करञ्जभेद' शब्द कई वार व्यवहृत हुआ है। इस शब्द से प्राय: करञ्ज एवं कण्टकी करञ्ज को ग्रहण किया जाता है, किन्तु आयुर्वेदीय ग्रन्थों का अध्ययन करने पर करञ्ज के कई भेद-प्रभेदों का उल्लेख हमें प्राप्त होता है। इनके पर्यायों को विभिन्न लेखकों के द्वारा परस्पर जोड़ देने के कारण आज करञ्जभेदों को समझने में दिक्कत पड़ती है।

चरकसंहिता में करञ्ज एवं इसके भेदों के रूप में पूतीक, प्रकीर्या, उदकीर्या, उदकीर्यका, चिरबिल्व, नक्तमाल, करञ्जौ, करञ्जद्वौ....जैसे शब्द पाये जाते हैं। जबकि सुश्रुत संहिता में भी पूतिक, पूतीक, करञ्ज, नक्तमाल, करञ्जिका, करञ्जद्वय, कुबेराक्षी आदि शब्द करञ्जभेदों के सन्दर्भ में पाये जाते हैं। इसी तरह अष्टाङ्गहृदय में भी करञ्जयुग्मम्, द्विकरञ्ज, उदकीर्या, करञ्जिका, पूतीक, चिरबिल्व, नक्तमाल, नक्तमालज, पूति, पूतिकरञ्ज — इस प्रकार के शब्द भी प्राप्त होते हैं। इन सभी का अध्ययन करने पर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि करञ्ज के भेद संहिताकाल में सर्वजनसाधारण के लिये परिचित रहे होंगे, किन्तु इनके पश्चात आये निघण्टु काल एवं परवर्ती काल से ही करञ्जभेद सन्दिग्धता की श्रेणी में आये हैं।

इस शोधपत्र के साथ संलग्न तालिकाओं का अभ्यास करने पर निम्न संदर्भों पर प्रकाश पड़ता है।

अमरकोशकारने करज्ज के पाँच प्रकार कहे हैं। मेदनी कोश ने २ भेद कहे हैं। धन्वन्तरिनिघण्टु एवं मदनपाल निघण्टुने चार-चार करज्जभेद माने हैं। राजनिघण्टु के मतमें करज्ज के छह + एक = सात प्रकार हैं। कैयदेव निघण्टु ने चार करंजभेद बताये हैं। भावप्रकाशनिघण्टुने करंज के तीन भेद कहे हैं, जबकि शोढलनिघण्टु के मत से इनकी संख्या दो ही हैं। शालिग्रामनिघण्टु का कहना है कि करंज के नौ प्रकार होते हैं। शंकरनिघण्टु ने करज्ज नामसे ही लताकरंज का वर्णन किया हैं। निघण्टुरत्नाकर ने छह, अभिधानरत्नमाला में दो, एवं निघण्टुकल्पद्रुमने छह करंजभेदों का उल्लेख किया है।

ब्राह्मणग्रन्थों में 'ऊतीक' तथा 'आदार' शब्द भी 'पूतिक' के पर्यायों के रूप में प्राप्त होते हैं। इससे सम्बन्धित इतिहास है कि गायत्री पक्षी बनकर सोम लेने गई। सोम के रक्षकने चलते सभय पीछे से उसका पंख काट दिया। इसके जो रोम गिरे, वही पूतीक हुए। इसपर टिप्पणी करते हुए प्रियव्रत शर्माजी का कहना है कि यह उल्लिखित द्रव्य कोई तृणविशेष जान पड़ता है। इसका दही जमाने में उपयोग होता था। कुछ टीकाकार 'पूतीक' से रोहिषतृण ग्रहण करते हैं, तो कुछ लोग सोमसदृश श्यामललताविशेष को पूतिक माना है (कात्यायन श्रौतसूत्र २५-१२-१९)। हिलबन्ट के मतसे पूतीक शब्द से पोथीनीवेल--पोई (गुजराती) (Basella Rubra–Balsaminaeae) को ग्रहण किया है।

ऋग्वेद – १-५३-८ तथा अथर्ववेद २०-२१-५ में प्राप्त मन्त्रों में करञ्ज नामक वनस्पति द्रव्य का उल्लेख प्राप्त होता है। यहाँ इसको अतिथियों के मार्ग में बाधा पहुँचानेवाला बताया गया है। इस वर्णन से इसका कण्टकाकीर्ण होने का तथा यह वर्तमानकाल का कण्टकीकरंज ही हो, ऐसा प्रतीत होता है।

कौशिकसूत्र में मूत्रसंग में अन्य औषधियों के साथ इसे पिलाने का विधान है। उसकाल में बिछाने के काम में यह उपयोग में लाया जाता था।

भावप्रकाश निघण्टु के टीकाकार श्री चुनेकरजी ने वृक्षकरञ्ज, कण्टककरञ्ज, करञ्जी एवं चिरबिल्व को भी करञ्ज भेद के रूप में माना है।

यादवजी त्रिकमजी आचार्य ने करञ्ज तथा पूतिकरञ्ज का पृथक उल्लेख किया है।

कैयदेव निघण्टु के टीकाकार श्री सुरेन्द्रमोहन ने वृक्षकरञ्ज, करञ्जिका तथा कण्टकरञ्ज का उल्लेख किया है तथा विशेष में कहा है कि करञ्जिका वृक्षकरञ्ज से आकारादि में साम्य होती है पर कद में उससे छोटी होती है।

भावप्रकाश निघण्टु के टीकाकार श्री ब्रह्मकुमार मिश्र ने करञ्ज (नक्तमाल), करञ्ज (कण्टकरंज) तथा करंजी (अरारी) का उल्लेख किया है।

श्री बापालालजी वैद्य का कहना है— बोपदेव ने जिस करञ्जिका का उल्लेख किया है, वही करञ्जी अथवा महाकरञ्ज है। महाकरञ्ज को कुछ लोगों ने शार्ङ्गेष्टा माना हैं, जोकि एक संदिग्ध द्रव्य हैं। श्री बापालालजी ने अपने और एक कथन की पुष्टि करते हुए कहा है कि भावमिश्र द्वारा वर्णित करञ्जी ही निघण्टुकारों की अङ्गारवल्लिका है।

भावप्रकाश ने घृतपूर्णकरञ्ज बनाया है; तथा जिसे धन्वन्तरिनिघण्टु ने गौर तथा प्रकीर्य संज्ञा दी है, इसे ही श्री बापालाल वैद्य ने वाकेरी Caesalpinia digyna संज्ञा दी है। श्री बलवन्तसिंह ने Todalia asiatica को कण्टकीकरञ्ज के रूप में गिनने का अनुरोध किया है।

अभिनवबूटीदर्पण में भी कण्टककरञ्ज नाम से ही लताकरञ्ज (कण्टककरञ्ज) का वर्णन किया गया है। वनौषधि चन्द्रोदय-२ में कटकरंज नाम से कण्टककरञ्ज का परिचय दिया गया है।

धन्वन्तरिवनौषधि विशेषांक के मत से लताकरञ्ज तथा कण्टककरञ्ज दोनों ही एक ही जाति की अलग-अलग वनस्पतियाँ हैं। लेखक का कहना है कि इन दोनों में भेद सिर्फ इतना ही होता है कि लताकरंज के क्षुप या बेल, लतारूप में होती है। क्षुप तथा विटपरूप में होने से ही बंगाल में इसे नाटा करंज कहते हैं जबकि कंटकरंज में काँटों की प्रचुरता होती है। लेखक का आगे कहना है कि, वाकेरी या घृतकरंज का ही भेद गुच्छकरंज है तथा वे रीहा करंज से भिन्न होते हैं।

बंगाल में अम्लकरंज, विषकरंज, माकड़ाकरंज तथा गेटेकरंज नाम भी पाये जाते हैं। वास्तव में इनमें से 'अम्लकरंज' ही 'करमर्दक' है। 'दिषकरंज' ही 'अंगारवल्ली' है तथा 'माकडा' या 'मर्कटीकरंज' ही 'उदकीर्य' है तथा 'गेंटेकरंज' ही 'षड्ग्रन्थ' है। इनके अतिरिक्त एक और नाम है – 'रेलुकरंज'। इसे 'एन्नाकींदा' या 'चिल्लरी' (Caesalpinia Sappan) कहते हैं।

आचार्य प्रियव्रत शर्माजी ने करञ्ज भेद के रूप में निम्नलिखित संज्ञा दी है।

करञ्ज = नक्तमाल – Pongamia Pinnata

पूतिकरञ्ज = लताकरंज – Caesalpina Crista

चिरबिल्व = करञ्जी – Holoptelia integrifolia

इन सभी मतों का अवलोकन करने पर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि निघण्टुकाल से ही करञ्ज भेदों का संदिग्ध बनना प्रारंभ हो गया था।

विचार विमर्श::

उपरोक्त लेखन कार्य द्वारा हमने करंज के बारे में प्राचीन काल से लेकर आज तक के इस विषय के प्रमुख विचारकों ने जो–जो मत प्रदर्शित किये, उनका यहाँ पर यथावत् निरूपण किया है। किंतु इन विविध मतों का अध्ययन करने से करंज के बारे में संदिग्धता निवारण के बजाय और भी बढी है। इसी कारण से इन विविध मतों के समुद्र में मन्थन करके उसका नवनीत निकालना जरूरी प्रतीत होता है। आयुर्वेद में वनस्पतियों की संदिग्धता पद पद पर प्रतीत होती है। इसका प्रमुख कारण यह लगता है कि वनस्पति के वर्गीकरण के लिये सभी विद्वानोंने अलग–अलग दृष्टिकोण रखे हैं। इनमें कोई भी समान मत प्रतीत नहीं होता है। चरक वनस्पति के अंगानुसारी वर्गीकरण करने का प्रारंभ किया तथा इसके आधार पर फलिनि, मूलिनी . . जैसे वर्ग प्रस्तुत किये। कर्म के आधार पर उसने पंचाशत महाकषायों का तथा सुश्रुत के गणों का प्रादुर्भाव हुआ। बाद में निघण्टुकारों ने गूडूच्यादिवर्ग, हरितक्यादि वर्ग . . . आदि विभिन्न दृष्टिकोणों से इन द्रव्यों का वर्गीकरण किया। अत्याधुनिक आयुर्वेदीय वनस्पति शास्त्रिओं ने आधुनिक वानस्पतिक वर्गीकरण को ध्यान में रख कर अर्कादिकुल, वटादिकुल . . . आदि नाम दिये। परिणामस्वरूप संदिग्धता में बढौति होती गई। यही बात करंज भेदों के साथ भी हुई। क्योंकि उपर्युक्त विविध ग्रंथों के मतों का यदि संग्रह किया जाय, तो करंज के करीब २७ प्रकार के नामों का उल्लेख मिलता है। स्पष्ट हैं कि करंज के इतने प्रकार हैं ही नहीं। विविध द्रव्यों के तथा उनके प्रतिनिधि द्रव्यों के पर्यायों को परस्पर मिला देने के कारण ही ये प्रकार बने हैं। इसी कारण से हमने इन प्रकारों एवं पर्यायों में से परस्पर से अधिकाधिक साम्यता रखनेवाले विविध प्रकारों को चुनकर एक वर्गविशेष में रखने का प्रयत्न किया है।

करञ्ज

संलग्नतालिका में उल्लिखित २७ करंज के प्रकारों में से राजनिघण्टु द्वारा वर्णित रीहा करंज प्रसिद्ध द्रव्य अरिष्टक ही हो सकता है क्योंकि राजनिघण्टु में रीहा या अरिष्टक नामक द्रव्यविशेष का वर्णन नहीं किया गया है। अन्य निघण्टुओं के अरिष्टक नामक द्रव्य के पर्याय एवं राजनिघण्टु द्वारा वर्णित रीहाकरंज के पर्यायों में बहुत-सी साम्यता प्रतीत होती है। अतः इसे करंज के प्रकारों में नहीं गिनना चाहिए।

शेष २६ प्रकार के करंजों का उनके पर्यायों एवं गुणकर्मों के आधार पर निम्न रूप में वर्गीकरण करने का प्रयास किया गया है :–

१) **करञ्ज** – i) करंज ii) नक्तमाल iii) चिरबिल्व।

२) **गुच्छकरञ्ज** – i) गुच्छ्कररञ्ज।

३) **घृतकरञ्ज** – i) घृतकरञ्ज ii) घृतपूर्णकरञ्ज
iii) घृतवर्णकरञ्ज iv) प्रकीर्य
v) पूतिक vi) पूतिकरञ्ज
vii) पूतीकरञ्जक।

४) **महाकरञ्ज** – i) षड्ग्रन्थ ii) मर्कटी iii) उदकीर्या iv) महाकरञ्ज v) उदकीर्य vi) अंगारवल्लिका vii) महाकरञ्जिका।

५) **करञ्जिका** – i) करञ्जी ii) तिरिगिच्छ iii) अङ्गारवल्लरी iv) उत्तुण्डकी।

६) **लताकरञ्ज** – i) लताकरञ्ज ii) कण्टकरञ्ज iii) कण्टककरञ्ज iv) कुबेराक्षी।

इन सभी का अवलोकन करने के पश्चात् करञ्ज के लिये चरकमत अधिक उपयुक्त एवं सही मालूम पड़ता है। चरकने अपने प्रारंभिक वर्गीकरण (च. सू. १/४) में फलिनीवर्ग में प्रकीर्य एवं उदकीर्य का समावेश किया है, तथा टीकाकारों ने इन्हें स्पष्टतः करञ्ज के दो प्रकार गिनाये हैं। आधुनिक मत से करञ्ज Pongamia Pinnata है तथा। लता /कण्टकीकरञ्ज Caesalpinia Crista है। ये दोनों ही द्रव्य Leguminosae कुल के हैं अर्थात् दोनों में फल्लियाँ होती हैं। इसी कारण चरकने इनके लिये करञ्जद्वय शब्द दिया है।

कण्टकी (लता) करञ्ज



करञ्ज भेदों से संबंधित आधुनिक लेखकों के उद्धृत कुछ लेटिननाम निम्न रूप में हैं—

१) Bassela Rubra – पोई, पोथी – Baloaminaceae.

२) Holoptelia integrifolia – चिरबिल्व, करंजी, कणझो – Urticaceae.

३) Todalia Disatica – कण्टकी करञ्ज – Tiliaceae.

४) Caesalpinia Sepiaria – रेलुकरञ्ज, चिल्लर – Caesalpiniaceae.

५) Caesalpinia digyna – वाकेरी – Caesalpiniaceae.

६) Caesalpinia Crista – लताकरञ्ज, कण्टककरञ्ज – Caesalpiniaceae.

७) Pongamia Pinnata/Glabra – करञ्ज, नक्तमाल – Leguminacea.

हमारे मत से इनमें से प्रथम तीन द्रव्य अलग ही कुल के होने के कारण इन्हें करञ्जभेद नहीं मानना चाहिए शेष चार में से C. Sepiaria तथा C. digyna दोनों ही Leguminaceae वर्ग के – फलिनि होने से स्वरूप एवं कर्मों की दृष्टि से प्रमुख द्रव्य – करञ्ज एवं कण्टक करञ्ज से बहुत-सी साम्यता रखते है अतः इन्हें इनके प्रतिनिधि द्रव्यों के रूप में ही ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार चरकमत को ध्यान में रखते हुए करञ्ज के केवल दो ही करञ्ज एवं कण्टकी करञ्ज – प्रकार को ग्रहण करना चाहिए तथा बाकी द्रव्यों को स्वतंत्र नामकरण करके इनके प्रतिनिधि द्रव्यों के रूप में ग्रहण करना चाहिए।

निष्कर्ष :

हमारे मत से 'करञ्जद्वय' शब्द से (१) करञ्ज – Pongamia Pinnata तथा (२) कण्टकी (लता) करञ्ज – Caesalpina Crista/bonducella को ही लेना चाहिए तथा शेष द्रव्यों को करञ्ज के साथ जोड़ना नहीं चाहिए।

'करञ्ज भेद'

		१. अमरकोश	२. मेदनीकोश	३. धन्वन्तरि निघण्टु	४. मदनपाल निघण्टु	५. राजनिघण्टु	६. भावप्रकाश निघण्टु	७. कैयदेव निघण्टु	८. शालिग्राम निघण्टु	९. शंकर निघण्टु	१०. निघण्टु रत्नाकर	११. निघण्टु कल्पद्रुम	१२. अभिधान रत्नमाला	१३. सोढल निघण्टु	१४. सचित्र अभिनव बूटीदर्पण
करञ्ज:	१	+	+		+	+	+		+	+	+	+	+	+	+
षड्ग्रन्थ:	२	+													
मर्कटी	३	+													
अङ्गारवल्लरी	४	+													
प्रकीर्य:	५	+	+			+									
घृतवर्णकरञ्ज:	६			+											
उदकीर्य:	७			+			+		+						
अङ्गारवल्लिका	८			+											
पूतीक:	९				+										
करञ्जी	१०				+										
तिरिगिच्छ	११				+										
घृतकरञ्ज	१२					+			+			+			
महाकरञ्ज	१३					+			+		+	+			
गुच्छकरञ्ज	१४					+			+		+	+			
रोहाकरञ्ज	१५					+									
लताकरंज	१६					+						+			+
घृतपूर्णकरंज	१७						+				+				
नक्तमाल	१८							+							
उदकीर्या	१९							+							
उत्तुण्डकी	२०							+							
कण्टकरञ्ज	२१							+							
कण्टककरंज	२२								+		+				
चिरबिल्व:	२३								+						
महाकरंजिका	२४								+						
कुबेराक्षी	२५													+	
पूतीकरंजक:	२६										+				
पूतिकरंज:	२७								+			+	+		

१. कण्टकरञ्ज:

	कण्टककरंजः	वारणः	तोरणः	तिरिगुञ्छिका	तिरिगुञ्छी
कै. नि.	+	+	+	+	+

२. उत्तुण्डकी

	उत्तुण्डकी	काकतिक्ता	ध्राङ्क्ष्ठा	अङ्गारवल्लिका	कटुका	वीर्यसीवल्ली	ध्वांक्षवल्ली	करंजिक
कैयदेव निघण्टु	+	+	+	+	+	+	+	+

३. पूतिकरंज:

	पूतिकरंज	पूतीकः	चिरबिल्वकः	प्रकीर्यकः	उत्तुण्डिका	काकतुण्डी	ध्राङ्क्ष्टा	अङ्गारवल्लिका	पूतिपत्रकः	कैडर्यः	कलिमारः
अभिधानरत्नमाला	+	+	+	+	+	+	+	+			
निघंटुकल्पद्रुम	+										
शालिग्रामनिघंटु	+								+	+	+

४. कंटककरंज:

	कण्टककरंजः
निघंटु रत्नाकर	+
शालिग्राम नि.	+

५. पूतीकरंजक:

	पूतीकरंजकः	सोमवल्कः	प्रकीर्य	पूतिक
निघण्टु रत्नाकर	+	+	+	+

६. गुच्छकरंज

	गुच्छकरंज	स्निग्धदलः	गुच्छपुष्पकः	नन्दी	गुच्छी	मातृनन्दी	घानन्द	दन्तधावन
निघण्टुरत्नाकर	+							
निघण्टु कल्पद्रुम	+							
शालिग्राम नि.	+							
राजनिघण्टु	+	+	+	+	+	+	+	+

७. महाकरंज

	महाकरंज	षड्ग्रन्थ	हस्तिचारिणी	उदकीर्यः	विषघ्नी	काकघ्नी	मदहस्तिनी	अङ्गारवल्ली	ध्राङ्क्ष्टा	मधुसत्ता	वमायिनी	हस्तिरोहणकः	हस्तिकरंजक	सुमनाः	काकभाण्डी	मदमत्तः
निघण्टु रत्नाकर	+															
नि. क. द्रु.	+															
राजनिघण्टु	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+
शालिग्राम निघण्टु	+															

८. घृतपूर्णकरंज

	घृतपूर्णकरंज	प्रकीर्यः	पूतिकः	पूतिकारंज	सोमवल्कः
भावप्रकाश	+	+	+	+	+
नि. रत्नाकर	+				

९. मर्कटी

	मर्कटी
अमरकोश	+

१०. षड्ग्रन्थः

	षड्ग्रन्थः
अमरकोश	+

११. उदकीर्या

	उदकीर्य	पूतिवर्णः	प्रकीर्णः	मातृनन्दनः	पूतिकरंजः	पूतिकः	कंडर्यः	चिरविल्वकः
कै. नि.	+	+	+	+	+	+	+	+

१२. नक्तमाल

	नक्तमाल	करंज	नक्ताह्व	गुच्छपुष्पकः	घृतपूरः	स्निग्धपत्रः	प्रकीर्य	पुष्पमंजरी
कै. नि.	+	+	+	+	+	+	+	+

१३. कुबेराक्षी

	कुबेराक्षी	पूतिकरंजः
शोढल निघण्टु	+	+

१४. तिरिगिच्छ

	तिरिगिच्छ	गजकण्टः	करंजी	क्षीरिणी	द्विपः
मदनपाल निघण्टु	+	+	+	+	+

१५. करंजी

	करंजी	काकतिक्त	वयस्था	अङ्गारवल्लरी
म. पा. नि.	+	+	+	+

१६. पूतीक

	पूतीकः	पूतिवर्णः	प्रकीर्णः	चिरविल्वकः
मदनपाल निघण्टु	+	+	+	+

१७. चिरबिल्वः

	चिरबिल्वः	प्रकीर्यः	गौर	उदकीर्यः	षड्ग्रन्थः	वृत्तपर्णः
शा. नि.	+	+	+	+	+	+

१८. घृतकरंजः

	घृतकरंजः	प्रकीर्यः	घृतपर्णकः	स्निग्धपत्रः	तपस्वी	विषारी	विरोचनः
निघण्टु क. द्रु.	+						
शा. ग्रा. नि.	+						
राजनिघण्टु	+	+	+	+	+	+	+

१९. घृतवर्णकरंज

	घृतवर्णकरंज	प्रकीर्यः	गौर
धन्वन्तरि नि.	+	+	+

२०. रीहाकरंजः

	रीहाकरंजः	गुच्छदल	गुच्छपुष्पकः	रीहा	गुच्छफलः	अरिष्टः	मङ्गल्यः	कुम्भबीजक	प्रकीर्यः	सोमवल्कः	फेनिल
राजनिघण्टु	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+	+

२१. महाकरंजिका

	महाकरंजिका	मदहस्तनिका
शा. ग्रा. नि.	+	+

२२. उदकीर्यः

	उदकीर्यः	षड्ग्रन्थः	हस्तिवारुणी	अङ्गारवल्ली	शार्ङ्गेष्टाः	काकघ्नी	करभाण्डिका	षड्ग्रन्थः	मर्कटी	वायसी	करंजा	करभंजिका	हस्तिचारिणी	मदहस्तनिका	रोही	हस्तिरोहणकः	प्रियः
शा. ग्रा. नि.	+	+	+	+	+	+	+										
भावप्रकाश	+		+					+	+	+	+	+					
धन्व. नि.	+							+					+	+	+	+	+

२३. अंगारवल्लिका

	अङ्गारवल्लिका	अम्बष्ठा	काकघ्नी	काकभाण्डिका	वायस्या	कलिमका	भेदा	वावचवल्ली
ध. नि.	+	+	+	+	+	+	+	+

२४. लताकरंजः

	लताकरंज	दुःस्पर्शः	वीरास्यः	वज्रवीरकः	घनदाक्षः	कण्टफलः	कुबेराक्षः	कुबेराक्षी	कण्टककरंजः	कण्टकिनी	क्रकचिका
निघण्टु क. द्रु.	+										
राजनिघण्टु	+	+	+	+	+	+	+				
सचित्र अ. बू. द.	+							+	+	+	+

२५. प्रकीर्यः

	प्रकीर्यः	पूतिकरंजः	पूतीकः	कलिमारकः	कण्टककरंज	रजनीपुष्पः	सुमनाः	पूतिकर्णिकः	पूतिकरंजः	कैडर्य	कलिमाल
अमरकोश	+	+	+	+	+						
मेदनीकोश	+	+									
राज नि.	+					+	+	+	+	+	+

२६. अंगारवल्लरी

	अङ्गारवल्लरी
अमरकोश	+

२७. करञ्ज

	करंज	नक्तमाल	नक्ताह्व	घृतपर्णकः	चिरबिल्व	करंजः	व्याघ्रनख	करंजनख	चिरबिल्वकः	मंजरीपुष्पः	नक्तमालक	उदीर्यकः (प्रकीर्यकः)	छायाप्रियः	लाज (वाज) पुष्पः	मातृनन्दनकः	पूतिक	पूतिपर्णः	वृत्तफलः	रोचनः	गुच्छपुष्पकः	वृद्धफल	प्रकीर्यकः
अमरकोश	+	+			+	+																
मेदनीकोश	+						+	+														
ध. नि.	+	+							+							+						
म. पा. नि-	+	+	+	+																		
राजनि.	+	+							+							+	+		+		+	+
भा. प्र. नि.	+	+							+													
शा. ग्रा. नि.	+	+							+							+	+	+	+	+		
शो. नि.	+																					
शं. नि.	+																					
नि. रत्ना.	+	+							+													
नि. क. द्रु.	+																					
अभि. र. भा.	+									+	+	+	+	+	+							

* * *

SECTION II

ENGLISH

भाग - २

अंग्रेजी

Some Doubtful Medicinal Plants of Assam with their Identification and Medicinal Value

PREFACE

Assam the land of green–forest, rivers and hills, having full of flora and fauna. Medicinal plants are still in existence and as a routine practise by Physicians for the sufferings. Authors collected some doubtful plants with their identity and clinical properties on modern and Ayurvedic parameters, as mentioned in first, second and third list.

---

* Dr. Ganesh Chandra Dev Sarmah
Lecturer in Dravyaguna,
Govt. Ayurvedic College, Gauhati - 781014.

** Dr. Rajendra Majumdar
Research Assistant (Botany),
Regional Research Centre (Ay.), at
Govt. Ayurvedic college, Gauhati–781014,

*** Dr. O. P. Gupta,
Lecturer in Kaychikitsa,
Govt. Ayurvedic College, Gauhati-14,

**** Dr. Ramesh Ch. Bhattachariee
Asstt. Prof. of Dravyaguna & Rasashastra Deptt.,
Govt. Ayurvedic College, Gauhati--14

BASED ON BRIHATTRAYI

1. KARANJA

Assamese Name :– Koras
Botanical Name :– **Pongamia Pinnata** (L.) Merr.
Family :– Fabaceae.

Botanical Description :– Evergreen small tree, bank grey. Leaves imparipinnate, Slender. Leaflets-opposite ovate, elliptic, acuminate, dark green above. Recomes axillary penduncled. Flowers white and purple Calyx-small Subtruncate. Corolla-petales coheriny by the tips. Stamens-monadelphous, the upper stamen being only partially free. Ovary-subsessile, 2ovuled. Style-incurved, stigma - small, terminal. Pod-woody, flattened, oblong. Seeds- reni form (Kidney-form) only.

Flowers 5–6, Fruits–12–2

Distribution :–Common and planted along road sides.

Dravyagunic description :– Guna :– Laghu, Tikhsna.
Rasa :– Tikta, Katu, Kashaya.
Veerya :– Usna.
Vipaka :– Katu.



Part used :– Bark, Leaf and seeds.

Doses :– Bark and Leaf juice10-20 ml. per day. Seeds powder 2–3 Grms. per day.

Therapeutic uses :– Root and bark are used in vaginal diseases and skin troubles, piles, Urinary disorders, Malignant growth.

Leaves are also used in piles.

Flowers are effective in control of diabetis where as fruits and seeds are used in piles, worm infection, diseases of eye, brain and skin.

The plant is valuable in healing of wounds. A decoction prepared from the seeds of this plant and that of "Nimba" (**Azadirachta indica** A. Juss),"Bibhitak" (**Terminalia bellirica** Roxb)&"Patola" (**Trichesanthes cucumerina**) cures any type of wounds.

X X X

2. PASHANABHEDA

Assamese Name :– Pategaja

Botanical Name :– **Bryophyllum Pinnatum** Kurz

Family :– Crassulaceae

Botanical description :– A stout fleshy bark with tre-foliate (at base) leaves. Leaves-elliptic crenate, Flowering stem 1–4 ft. high. Calyx–purplish green. Corolla globose, green, the exserted pats reddish purple Fruit enclosed in the persistant papeny calyx and corolla. Seeds–small, smooh, oblong ellipsoid

The leaf planted alone can develop roots and ultimately to a plant.

Fruits– winter season (Cultivated as an ornamental plant).

Dravyagunic description :–

Rasa :– Kasaya, Amla.
Guna :– Laghu, Rukhsya.
Veerya :– Sheeta
Vipaka :– Madhur



Part used :– Leaves.

Doses :– Juice 10-20 ml. per day in divided doses.

Therapeutic uses :– It is very helpful in urinary diseases and the urinary bladder in particular. It also has got the capacity to dissolve eternal calculus if adminstered orally. If the paste of the same is applied locally in umbilical and in lower abdomen in case of sensation of micturition or dribbling micturition, becomes very helpful. If the paste of the same is applied locally on the head and in the lower abdomen sudden rise of high temperature also gets releived. The paste of the same is also effective in case of swelling with pain due to boils etc. Moroever the exudation of this leaves becomes effective in case of Diabetes, Vaginal disease, colic pain, liver and spleen diseases, Boils, piles, thirst and Burning sensation.

X X X

3 AKSHIVA

Assamese name :– Chajina

Botanical name :– **Moringa oleifera** Lam.

Family :– Moringaceae.

Botanical description :– Middle sized tree with thick corky bark, the inner layers exuding a red resinous gum, Roots pungent Leaves-long, usually 3 pinnate, pinnae 4–6 pairs, opposite, the upper most pair 1 foliate, Leaflets– long, ovate. entire, veins invisible. Flowers white but with yellow dots above near the base. Filaments villous. Overy–hairy. Capsule-trigenous longitudinally ribbed. Seed-trigonous, winged along the corners.

Flowers 1–3; Fruits 3–5.

Distribution :– Cultivated.

Dravyagunic description :–
Rasa :– Katu, Tikta.
Guna :– Laghu, Rukshya, Tikshna.
Veerya :– Usna.
Vipaka :– Katu.

Part use :– Root, bark, flower, fruit and leaf.

Doses :– Bark juice 5–10 ml.
Bark powder 1–2 grms.
Bark dicoction 10–20 ml.
Fruits powder 1–4 grms.

Therapeutic uses :– Leaves– anthelmintic, aphrodisiac and applied in eye diseases, hiccough and asthma. Flowers– anthelmintic, used in inflammations, tumours, spleenic enlargement. Fruits– applied for leucoderma, pain and tumours. Seed– effective in eye diseases, head complaints. Root bark– useful in eye diseases, laxative, analgesic and very effective in liver enlargement.

Abortifacient, antiseptic, astringent, cardio tonic, carminative & stomachic. It is given in the treatment for cancer in Assam, but the result has been not recorded.

The green fruits & leafs are used as vegetables.

X X X

4 ATIRASA

Assamese name :– Shatamul.
Botanical name :– **Asparagus recemosus** Willd.
Family :– Liliaceae.
Botanical description :– Perennial prickly climber, cladodes triquetrous;
Flowers– White in racemes; Fruit– Berry red;
Roots– many, fusi form.
Flowers 9–10; Fruits–winter season
Distribution :– Available.
Dravyagunic description :–
Rasa :– Madhura, Tikta.
Guna :– Guru, Snigdha.
Veerya :– Sheeta.
Vipaka :– Madhura.

Part use :– Root.
Doses :– Root juice 1/4 to 1/2 tolas per day.

Therapeutic uses :– Tonic, stomachic, aphrodisiae (Bazikar) used for dysentery, tumours, inflammation, tuberculosis, leprosy, night blindness, threat complaints, biliousness, diseases of eye, hyper-acidity. For the cure of urine disorder mixture of equal quantity of root of "Atirasa". tubers of "Shalmali" (**Salmalia malabarica** Schott & Endl.) and flowers of "Japa" (**Hibiscus rosa-sinensis** Linn.) are dried and powderd. The powder 5–10 grms. is taken twice daily with water, gives nice response

X X X

5. AMBASHTHA

Assamese Name :– Chengoritonga, Tengechi shaka
Botanical name :– **Oxalis corniculata** Linn.
Family :– Oxalidaceae.

Botanical description :– Smalli hairy herb; stems– trailing branched; Leaves– alternate, divided in to 3 leaflets; Leaflets-pale green, heart shaped; Flowers– small, yellow, flower stalks, arising from the axils of leaves, bearing 2 flowers; capsule– downy, cylindric, many seeded.

Flowers and Fruit– Rainy season.

Distribution :– Scattered.

Dravyagunic description :–
Rasa :– Amla, Kashaya.
Guna :– Laghu, Rukshya.
Veerya :– Usna.
Vipaka :– Amla

Part use :– Whole pant (Panchanga).
Doses :– Green juice 1–2 tolas per day.



Therapeutic uses :– It is a good appetizer, useful for piles, dysentery, diarrhoea, skin diseases and fever. It is applied locally on boils and on forehead during headache. It is also useful for rectal prolapse. It is cooling, appetising, stomachic, carminative, refrigerant and antiscorbutic.

In dysentery– leaf extract from 1–2 tolas is to be diluted with little bit of water and the dilute extract is given to the patient 3–4 times a day a good result is seen.

X X X

6. CHUKRIKA

Assamese Name :– Tateli.
Botanical name :– **Tamarindus indica** Linn.
Family :– Fabaceae.

Botanical description :– Large handsome over green tree, bark grey, rough; Leaves– linear lanceolate, Even pinnate leaflets 10–20 pairs, linear–oblong, Racomes– lax terminal; Flowers– cream coloured, Calyx–segmonts, lanceolate, connate, Potals–3, yellow with red streaks, stamens monadelphous below, only 3 perfect. overy stipitate, stalk adnate to the calyx tube, Pod– thick, fleshy, pendulous, usually curved, some what compressed. Seeds– dark brown, smooth, hard test a imbedded in brown acid pulp, which is traversed by fibres.

Flowers 4–6; Fruits– winter season.

Distribution :– Scattered.

Dravyagunic description :–
Rasa :– Amla.
Guna :– Guru, Rukshya.
Veerya :– Usna.
Vipak :– **Amla.**

Part used :– Barks, fruits and seed.

Therapeutic used :– Bark ash– given for gonorrhoea, burning sensation of abdominal colic and loss of appetite. Leaves– swelling tumours, eye disease, earache, ophthalmia.

Flowers– useful in conjunctivities. Unripe fruit– astringent to the bowels, Ripe fruit– laxative, tonic for heart. Seed–Vaginal disorders and ulcers.

Snake bite– A very aged and old frog is kept in suspended position above a smoky fire for some hours, before its death the frog will give out a solid dark colour mass and is mixed with 3 seeds of "Tetali". This mass is kept preserved. It is moistened and put on the snake bitten spot to decrease the poison. It is said that it will stick there on the bitten spot if the snake is poisonous and will be fall of the body when poison is removed. It is well practised in Assam by Ayurvedic Physicians.

Collected from A. Old Ayurvedic Physician.

X X X

Based on Bhavprakash Raja Nighantu

7. DURVA

Assamese Name :– Dubariban.

Botanical name :– **Cynoden Dactylon** (L) Pers.

Family :– Poaceae.

Botanical description :– Herb with slender, prostrate stem with linear-leavs; Leaves–flat, smooth, arranged in two rows. Inflorescence consisting of 2–6 spikes, stalks of the spikes slender, compressed.

Flowering–throughout the year.

Dravyagunic description :– Rasa–Kashaya, Madhur.
Guna – Laghu
Veerya- Sheeta
Vipaka - Madhur
Part used :– Whole plant
Doses :– Juice 10–20 ml.



Therapeutic uses –: It is a good haemostatic. Ths paste of the same helps in the immediate stopage of Blood if applied in any wound or injuriee Moreover, the wound also gets healed if bandage is kept for three successive days. The same mixed with pure honey, if applied locally as snuff becomes very effective in cases of epistaxis of any kind. If the swarasha (one ml. with few drops of honey) is used orally 2–3 times daily for few days, becomes highly effective in cases of menorrhogia (Raktapradara) etc. If the paste of the same is used locally upon the lower abdomen, severe bleeding P.V. gets relieved.

In case of any kind of vomitting, it is effective, if used with sugar and lime-water.

In cases of late menopouse, it becomes very effective if used as cake made with rice. In case of complications like cough, vomitting, burning sensation during paittik fever the same becomes effective if used locally in the palm of the hands mixed with rice.

Retention of urine also gets relieved if the decoction of the same mixed with sugar administered orally 2–3 times daily.

The same also becomes effective if used in cases of unconsciousness, Anorexia, Erysipelus etc. with 'Pan' (**Pipper bittle** L.) juice.

BASED ON ANANDAKANDA

8. BRAHMANI

Assamese name – Akalbir
Botanical name – **Clerodendrnm indicum** (L.) Ktze.
Family – Verbenaceae

Botanical description–Erect shrub with hollow stem, Bark-ashy - grey, Leaves-inwherls of 3 – 6, narrow-lanceolate, acuminate, glabrous. Flowers - white. Calyx-deeply partite, green. Corolla-tube slender; lobesacuminate, oblong, Drupe-Bluish seated on the enlarged calyx.

Flowers–10–5 Fruit 12–8
Distribution – Rare
Dravyagunic Description :–
– Rasa–Tikta Katu, Guna-Laghu, Rukshya. Veerya–Ushna. Vipaka–Katu

Parts use – Root
Doses – Roots powder 3–6 gms.

Therapeutic uses – The root is effective for asthma, cough and scorfulous affections. The resin is applied in syphilitic arthaities. The juice of the plant is used with ghee for various skin diseases. For asthma – root of Akalbir are to be grinded with water and 2 teaspoonful of the juice is to be taken 3 times a day for three months.

X X X

9. KUMARI

Assamese name – Shalkumari
Botanical name – **Aleovera** Tourn. ex. Linn. Family – Liliaceae

Botanical description – Herb. Stem-short, thick, Leaves–lanceolate, erect spreading, spiny toothed at the margin, scaly, branched, perianth reddish yellow and green, cylindrical.

Fruit – a loculidical capsule
Distribution – Cultivated, rarely wild.
Dravyagunic description – Rasa :– Katu
Guna :– Guru, Snigdha, Pichchhila
Veerya :– Sheeta
Vipaka :– Tikta

Part use :– Leaf (juice and dried juice)
Doses :– Juice – 10 to 20 ml.



